RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः 132 | ग्वालियर 23 दिसम्बर सोमवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

## एक नजर...

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**

दमोह/हिंडोरिया- मेंहलबार माता बरेजा प्रांगण चोरसिया समाज हिंडोरिया में आयोजन 22 से 29 दिसंबर तक तक श्रीमद् भागवत महा पुराण जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में ब?ी संख्या में महिला ग्रामीण श्रद्धालु शामिल रहे कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया।

किशोरी जी ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियो को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। किशोरी जी ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। मुख्य यजमान समस्त चोरसिया समाज एवं सभी नगर बासी हिंडोरिया ने कथा श्रवण करने की अपील की है

### गौमाता की कृपा से सुख समृद्धि को प्राप्त करने वाले राघवेंद्र सिंह गौ सेवा के लिए करते सराहनीय सहयोग



**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/ रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान**

लहार विधानसभा के ग्राम चुरुली के निवासी राघवेंद्र सिंह सोलंकी जो लिफ्ट मशीन फिटिंग कंपनी के मालिक हैं और जिनका राजस्थान में कई जगह बड़े स्तर पर कारोबार चल रहा है सामान्य किसान परिवार से निकले राघवेंद्र सिंह जी बचपन से ही गौ प्रेमी और आध्यात्मिक विचारधारा के व्यक्ति रहे हैं गौ सेवा के लिए सदा यथासंभव सहयोग करते रहते हैं राघवेंद्र जी जब भी अपने गांव ग्राम चिरुली आते हैं तो लहार नगर में स्थित संतोष चौहान की घरेलू मां गायत्री गौशाला में पहुंचते हैं और भुसा और अन्नदान देकर गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं एक सामान्य किसान परिवार से निकलकर राजस्थान में बड़े कारोबार को स्थापित करने वाले राघवेंद्र सिंह अपनी सफलता के पीछे गौ माता का आशीर्वाद ही बताते हैं उनका मानना है कि गौ माता के प्रति जो सेवा होहोती गई उसी के प्रभाव से हमारा कारोबार आगे बढ़ता गया राघवेंद्र सिंह जी स्वयं जमीन खरीद कर एक अच्छी गौशाला बनाने की कार्य योजना बना रहे हैं

### सिंधौड़ा में IPL की तर्ज पर SPL का हुआ शुभारंभ*




**प्रेम सिंह कुशवाहा जी पत्रकार दैनिक केसरिया हिंदुस्तान***

नजीराबाद - नजीराबाद थाना क्षेत्र के युवाओं को खेल के क्षेत्र में विकसित करने एंव उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए नजीराबाद के निकट सिंधौड़ा में सत्रहवां टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें केवल नजीराबाद थाने क्षेत्र के खिलाड़ी ही शामिल होंगे,,टूनामेंट में 8 टीमें होंगी, प्रत्येक टीमों में 11-11 खिलाड़ियों के सांथ 5-5 खिलाड़ी अतिरिक्त होगेंइसकी प्रक्रिया आज से लगभग 15 दिन पूर्व खिलाड़ियों की नीलामी के साथ शुरू हुई, जिसका आज रविवार दिनांक 22/12/24 से सिंधौड़ा के राजघाट स्टेडियम में शुभारंभ हो गया, सिंधौडा में पहली बार होने जा रहे ढ्ढक्क की तर्ज पर सिंधौड़ा प्रीमियम लीग (स्क्क) का धमाकेदार आगाज हो गया है,,खेल प्रेमियों का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है

# सीएम ने 105 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण, टीकमगढ़ में किसानों से कहा- संकट में गहने मकान बेचना, जमीन नहीं

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार शाम करीब 5 बजे टीकमगढ़ के जतारा पहुंचे

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह**

। उन्होंने 105 करोड़ 63 लाख रुपए के 120 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम को 3.45 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना था, लेकिन वे करीब 1 घंटा 15 मिनट की देरी से पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचने के बाद सीधे जनता को संबोधित किया।

**सीएम मोहन यादव ने कहा** –÷ केन बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने वाली है। जिले भर के लोगों को सिंचाई और पीने के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया था कि यह पांच साल स्वर्णिम मध्य प्रदेश को समर्पित होना चाहिए। इसके बाद



भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने इस दिशा में लगातार प्रयास किए। टीकमगढ़ जिले का कोई भी खेत पानी के अभाव में सूखा नहीं रहेगा। हर आदमी को प्यास



बुझाने के लिए पानी मिलेगा।जमीन नहीं बेचने की अपील की मुखमंत्री ने किसानों से खेती की जमीन नहीं **बेचने की अपील की। उन्होंने कहा** –÷ खर्चे पर थोड़ा नियंत्रण रखना। अनावश्यक खर्चे के लिए कर्जे से बचना। अपने गहने और मकान बेच देना, लेकिन खेती की जमीन नहीं बेचना। क्योंकि खेती से आपका जीवन बदलने वाला है।

सीएम के प्रोग्राम को लेकर दोपहर 1 बजे से लोग पहुंच गए थे। 3.30 बजे तक पूरा पंडाल भर गया। सीएम करीब 5 बजे पहुंचे। 5 मिनिट में स्वागत की श्रृंखला रोक दी गई। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने भी मंच से कुछ नहीं बोला। मुख्यमंत्री ने सीधे माइक संभाला और करीब 7 मिनट भाषण दिया। पूरा कार्यक्रम 15 मिनट में समाप्त हो गया।

# सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला 23 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट के सभागार में होगी कार्यशाला

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर / जिले में भी आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये ÷प्रशासन गाँव की ओर÷ चलाया जा रहा है। इस अभियान की थीम पर जिले में 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार 23 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट के सभागार में जिले में हुए नवाचारों पर कार्यशाला आयोजित होगी। इस दिन यह कार्यशाला अंतरविभागीय समन्वय बैठक के बाद लगभग 12 बजे शुरू होगी। इसमें सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विशेष रूप से शामिल होंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

# समाजवादी पार्टी ग्वालियर महानगर की जिला कार्यकारिणी घोषित



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर- जिला अध्यक्ष रामवीर सिंह रोरा ने जिला प्रमुख महासचिव रमेश परिहार जिला महासचिव रामनरेश यादव,कैलाश बाथम जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ,हरीशचंद जैन,मोहित अग्रवाल,अशोक पटेल लोधी,रामकुमार चौहान,जिला सचिव हेमंत कंसाना,रामवरण सिंह बघेल,उदयवीर सिंह गुर्जर,सूरज ढोलकर,राहुल परिहार,राजा गुर्जर,प्रमोद बरोनिया,जिला प्रवक्ता असलम खान,जिला अध्यक्ष युवजन सभा,यसमणिराज माथुर,जिला कार्यसमिति सदस्य करतार बघेल को नियुक्त किया इस बैठक में उपस्थित रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव जी राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा विनोद कराना जी प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी राम यादव जी प्रदेश सचिव राकेश खरे एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में गलत टिप्पणी की गई जिसको लेकर समाजवादी पार्टी कल दिनांक 23 दिसंबर को दोपहर 12~00 बजे जिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोंपेगी

## श्रीमंत महाराज सिंधिया जी के आशीर्वाद से देवेंद्र गुर्जर को ग्वालियर ग्रामीण बेहट मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे गुर्जर समाज की तरफ़ से बहुत बहुत धन्यवाद आभार प्रकट करता है

,वहीं देवेन्द्र गुर्जर पिछले कई सालों से सक्रिय प्रतिनिधि व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसीमिति सदस्य के रुप में अपनी सेवाएं दे



रहे हैं, सिंधिया समर्थक के रूप में अपने क्षेत्र में जनसेवा करने का कार्य कर रहे हैं आपको बता दें कि बीजेपी ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।अध्यक्ष बनाए जाने पर गुर्जर समाज में खुशी की लहर है बहीं समाज के बारिष्टजनों की ओर से श्री मंत का धन्यवाद दिया और देवेंद्र गुर्जर जी को बधाइया अर्पित की!!

# आरोग्य भारती स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाला स्वयंसेवी सेवा संगठन है–जे पी शर्मा

## निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**कपिल गोयल**
**(दैनिक केसरिया हिंदुस्तान)**

ग्वालियर-ञ्आरोग्य भारती ग्वालियर महानगर द्वारा लश्कर क्षेत्र के समाधि कॉलोनी में डायबिटीज जागरूकता एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन सैचुरेशन, वजन का माप एवं डायबिटीज (मधुमेह) की निञ्शुल्क जाँच लाभ शिविर में आए सभी आम जनमानस को मिला, कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि का पूजन एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई ,आरोग्य भारती ग्वालियर के सचिव जे पी शर्मा ने जागरूकता कार्यक्रम को संबोधन करते हुए बताया कि आरोग्य भारती स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाला स्वयंसेवी सेवा संगठन है जो की एलोपैथी होम्योपैथी आयुर्वेद एवं अन्य सभी प्रकार की चिकित्सा पैथी के चिकित्सकों के साथ मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में जन जागरण का कार्य करता है स्वस्थ व्यक्ति स्वस्थ बना रहे यही संगठन का प्रथम उद्देश्य है कार्यक्रम



का लाभ लेने आए नागरिकों को बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल सपरा ने बताया कि डायबिटीज दीमक के समान है जो कि सारे अंगों को प्रभावित करती है डायबिटीज के बढ़ने से आंखों की रेटिना पर प्रभाव पड़ता है एवं हमारा ह्रदय पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है इसलिए डायबिटीज को जल्द से जल्द नियंत्रित करना चाहिए आयुर्वेद चिकित्सा के राहुल गुप्ता ने कहा की मधुमेह के प्रबंधन के लिए आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से संतुलित दिनचर्या को अपनाना बहुत ही महत्वपूर्ण है जिसके लिए योग व्यायाम एवं ज्ञान जैसे अभ्यास नियमित करना चाहिए संतुलित आहार में मुख्य जामुन पपीता करेला के साथ बाजरा और ज्वार जैसे मोटे अनाज का भी उपयोग करना चाहिए कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आमोद गुप्ता ने किया एवं आभार व्यक्त राजेश प्रजापति ने किया इस दौरान डॉ श्री राम सविता नीतीश प्रजापति , राहुल शर्मा, गोविंद शर्मा, राजेश प्रजापति एवं कमल कुमार सहित कैंप में कुल 150 लोग उपस्थित है

## नित नए-नए विवाद संघ प्रमुख की टिप्पणी के मायने



पिछले कुछ समय से सत्ता पक्ष-विपक्ष की राजनीति संविधान के बजाय जुबान से चल रही है। हर दिन किसी ऐसे नए मुद्दे को छेड़ दिया जाता है जिसका प्रदेश-देश के विकास से ज्यादा वास्ता नहीं होता। कभी जाति, धर्म, कभी शहरों, रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का खेल चलता है तो कभी मज्जिदों के नीचे हिंदु देवी देवता खोजे जाते हैं। ताजा मुद्दा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का है। संसद में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी को विपक्ष ने हथियार बना लिया है। इसी बीच संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का बयान आया है जिसमें पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हम लंबे समय से सदभावना से रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना प्रदान करना चाहते हैं तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोगों को लगता है कि वे नये-नये मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। संघ प्रमुख के इस बयान ने राजनीतिक गलियारे और समाज में फिर बहस का मुद्दा दे दिया है। क्योंकि भाजपा शासित राज्यों में हिंदू-मुस्लिम एजेंडे के तहत मज्जिदों के नीचे मंदिर तलाशे जा रहे हैं। इसी बीच गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. अम्बेडकर को लेकर दिये गये बयान पर बवाल मचा हुआ है। विपक्ष ने इस बयान को हथियार बनाकर संसद से सड़क तक आंदोलन छेड़ दिया है तो भाजपा ने इसे विपक्ष की ओछी राजनीति करार दिया है। भाजपा नेता पलटवार कर कह रहे हैं कि कांग्रेस ने अमित शाह के बयान का आधा हिस्सा जारी कर घटिया मानसिकता का परिचय दिया है जबकि कांग्रेस ने कभी भी डॉ. आंबेडकर को सम्मान नहीं दिया। अब आंबेडकर के बहाने ही सही लेकिन इतना सच है कि पिछले एक दशक में जाति-धर्म की राजनीति ने जनता के मूलभूत मुद्दों को हांसिये पर ला खड़ा कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या जैसे मुद्दों पर चर्चा नगण्य हो गई है। संसद में भी यह मुद्दे गायब हैं। पूर्व की सरकारों की निगाह और बयान पाकिस्तान, चीन पर केन्द्रित रहते थे, लेकिन अब लगता है कि चीन और पाकिस्तान से भारत को कोई खतरा नहीं है। अब देश में ही इतने ही मुद्दे हो गये हैं कि सत्तापक्ष-विपक्ष सुबह से रात तक इन्हीं पर चर्चा में व्यस्त रहता है। लेकिन केवल बयानों तक ही बात बनी रहे तो कोई बुराई नहीं, समस्या यह है कि संभल अजमेर शरीफ तो संभल के विवाद आपसी सद्भाव को बिगाड़ रहे हैं। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का ताजा बयान भी इस ओर इंगित कर रहा है कि नित नए-नए विवाद देश की एकता-सदभावना के लिए अच्छे नही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुश्मनी पैदा करने के लिए विभाजनकारी मुद्दे नहीं उठाए जाना चाहिए। चूंकि इसी बीच डॉ. आंबेडकर का विवाद छिड़ गया जिससे हिंदू-हिंदू के बीच ही खाई गहराने का अंदेशा है, इस कारण आपसी सद्भावना बनाए रखने का संघ प्रमुख का बयान बड़ा संदेश है। हम नए-नए मुद्दे उठाते रहेंगे तो हिंदू की विभाजित हो जाएगा जो अच्छा संकेत नहीं है।

हरीश चन्द्रा (लेखक व वरिष्ठ पत्रकार)

## शिक्षक से बने विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाभु चारण

### संकुल केंद्र लाबरिया के प्रभारी प्रचार्य का किया सम्मान

**दैनिक केसरिया मैना मारू**

लाबरिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाबरिया में पदस्थ छोटे से गांव बोडिया के निवासी श्री लाभु चारण (उमाशि) को प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरदारपुर का बनाये जाने पर पत्रकार दिनेश राठौर, अनुप मिश्रा, आशीष जैन, गोकुल मारू, सुनील मारू, मैना मारू द्वारा संयुक्त रूप से शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए कहा की शिक्षा जगत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेंगे। वही





लाभु चारण ने कहा कि समय की चोरी करने वाले शिक्षकों को नियम का पालन करवाना, विद्यालयों एवं छात्रावास की व्यवस्था को सही करना मेरा मुख्य उदेश्य रहेगा । आपको बता दें कि सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग जिला धार द्वारा आदेश जारी करते हुए प्रशासकीय कार्यसुविधा की दृष्टि से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाबरिया के प्रभारी प्राचार्य लाभु चारण को प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड सरदारपुर के पद का प्रभार सौपा तथा प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरदारपुर सुनील ओस्तवाल को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरदारपुर के प्रभार से मुक्त करते हुए उनकी मुल संस्था हेतु कार्यमुक्त किया गया। आदेश के तहत गुरुवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर लाभु चारण द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। आपको बता दें कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाबरिया में पदस्थ छोटे से गांव बोडिया के निवासी श्लाभु चारण (उमाशि) के शासकीय सेवाकाल के शुरवात 1996 से भैंसोला स्कूल से हुई, इसके पश्चात बि?वाल और दत्तीगांव तक होते हुए 2019 में लाबरिया में पदस्थ हुए । प्राचार्य कांता लकरा के सेवानिवृत होने के बाद 1 अगस्त 2024 में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। 18 दिसंबर 24 को सरदारपुर विकास खण्ड के शिक्षा अधिकारी के पद पर आसीन हुए।

**संकुल केंद्र लाबरिया के प्रभारी प्रचार्य का किया सम्मान**-इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाबरिया के नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार गेहलोद(माशि) को बनाए जाने पर पत्रकारों ने फुलमाला पहनाकर बधाई दी । आपको बता दें कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाबरिया में पदस्थ गांव राजोद के निवासी दिलीप कुमार गेहलोद(माशि) के शासकीय सेवाकाल के शुरवात 2006 से डही विकास खण्ड स्कूल से हुई, 2010में लाबरिया में पदस्थ हुए । संस्था प्राचार्य के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर आसीन होने से वर्तमान में संस्था के प्रभारी प्राचार्य का पदभार संभाल रहे है।

इस दौरान पत्रकार दिनेश राठौर, अनुप मिश्रा, आशीष जैन, गोकुल मारू, सुनील मारू, मैना मारू शिक्षक अनिल जायसवाल, दिलीप गहलोत, हिना मिस्त्री एवं विद्यालय स्टाफ़ मौजूद रहा ।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्वालियर में वर्षों बाद मिले छात्र-छात्राएं शिक्षकों का किया सम्मान

## पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्वालियर में वर्षों बाद मिले छात्र-छात्राएं शिक्षकों का किया सम्मान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर- डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय (पूर्व सीटीआई ग्वालियर) में एल्यूमिनी मीट, समागम 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की तैयारी पिछले तीन माह से की जा रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9‑00 बजे छात्रों के रजिस्ट्रेशन से किया गया। कुल पंजीकृत 225 छात्रों में से 180 से अधिक छात्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संस्था के पूर्व छात्र जो अभी ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, भारत के अन्य राज्यों मैं अनेक जिम्मेवारियां संभाल रहे हैं सम्मिलित हुए। उत्साह एवं उमंग में छात्र-छात्रा संस्था प्रांगण में संगीत एवं ढोल की धुन पर नृत्य करते हुए देखे गए। समागम 2024 में संस्था के पूर्व शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। श्री के सी अरोड़ा श्री जे एस राजपूत इत्यादि उपस्थित रहे। समागम 2024 में श्री नरेंद्र सिंह तोमर, विधानसभा अध्यक्ष, मध्य प्रदेश मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री मदन लाल भार्गव, पूर्व प्राचार्य श्री शशि विकसित, एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री योगेंद्र वार्ष्णेय, सचिव श्री विजय कुमार याग्निक, भारतीय टैक्सटाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनोज सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। औपचारिक कार्यक्रम सरस्वती पूजन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। संस्था की छात्राओं द्वारा मनमोहन नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसमें भारत के समस्त राज्यों के लोक नृत्य शामिल किए गए। नृत्य का समापन सभी प्रतिभागी छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से भारत की




एकता को प्रदर्शित करते हुए किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविका में श्री योगेंद्र वार्ष्णेय अध्यक्ष एल्यूमिनी एसोसिएशन द्वारा रखी गई। जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी एवं छात्रों से उपलब्धियां के स्थान पर छात्र जीवन के शरारतों को ताजा कर आनंद लेने की महत्ता को रेखांकित किया। संस्था के प्राचार्य श्री मदनलाल भार्गव मैं पूर्व छात्रों का स्वागत किया। मिलन की इस बेला में छात्रों से अपने छात्र जीवन को याद कर उससे आनंदित होने कीछात्रों के हित में और अधिक योगददेने का अनुरोध किया। पूर्व प्राचार्य श्री शशि विकसित ने अपनी उद्बोधन में समागम 2024 के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं छात्रों को शुभकामनाएं प्रधान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र सिंह तोमर मैं अपने उद्बोधन में छात्रों का अभिनंदन करते हुए अपने छात्र जीवन में की गई गलतियों का आनंद लेने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि जब छात्र पूर्व संस्था मेंएकत्रित होते हैं तो इसका आकलन एवं मूल्यांकन किसी के बस की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में भीमराव अंबेडकर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पूर्व सीटीआई एवं कृषि महाविद्यालय सबसे पुरानी संस्थाएं हैं और जब कभी वह बिलासपुर रायपुर धमतरी जाया करते थे तो वहां के अधिकारी अपना परिचय देते वक्त रहते थे कि वह कृषि विश्वविद्यालय से या पॉलिटेक्निक कॉलेज से हैं जिससे उन्हें अत्यंत आनंद की अनुभूति होती थी। उन्होंने कहा कि जब संस्था का छात्र किसी पूर्व छात्र को मिले तो उनके मन मे परिवार के भाव संचरण होना चाहिए। यदि छात्र को किसी भी मदद की आवश्यकता है तो उन्हें दो कदम आगे बढ़कर पूर्ण सहयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से नवीन भवन में कुछ ऐसा करने का आग्रह भी किया जिससे भविष्य के छात्र उनके कार्य का स्मरण रख सके। उन्होंने बदले हुए परिवेश में पूर्व छात्रों एवं छात्रों से अपना योगदान कर भारत को विकसित राष्ट बनाने में अपना योगदान करने का भी आवाहन किया। औपचारिक कार्यक्रम के समापन में आभार प्रदर्शन भारतीय टैक्सटाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनोज सिंह कुशवाहा द्वारा दिया गया। औपचारिक कार्यक्रम की पश्चात पूर्व छात्रों द्वारा अपना परिचय दिया गया। दोपहर का समय भोजन एवं संस्था भ्रमण का रहा। इसके बाद छात्रों के परिचय का कार्यक्रम जारी रहा। शाम 6‑00 बजे से पूर्व छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का समापन रात्रि 8‑00 बजे रात्रि भोज के साथ हुआ। संस्था के पूर्व छात्र 2007 में इलेक्ट्रिकल से पास आउट श्री शैलेंद्र सिंह तोमर ने संस्था में अपनी ओर से वाटर कूलर एवं प्रकाश व्यवस्था में आर्थिक योगदान का संकल्प किया। कई अन्य छात्र भी इस योगदान संकल्प से जुड़ रहे हैं।

# बाबा उमाकान्त जी महाराज के आदेश पर बालभक्तों ने निकाली

### शाकाहार,सदाचार,नशामुक्त एवं सतयुग आगमन शोभायात्रा,हम जयगुरुदेव के बच्चें है,सतयुग लाकर दम लेंगें



इंदौर विश्वविख्यात परम् सन्त और देश दुनियां में शाकाहार, सदाचार, नशामुक्ति और शराब बंदी के साथ युवाओं को देशभक्त, चरित्रवान बनाने की वैचारिक क्रांति लाने वाले उज्जैन के सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज के आह्वान पर जयगुरुदेव संगत इंदौर बच्चों द्वारा शाकाहार और नशामुक्ति का संदेश देते हुए ÷हम जयगुरुदेव के बच्चे है,सतयुग लाकर दम लेंगे÷ के नारे के साथ सैकढ़ाो बच्चों और महिलाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई ।इस सतयुग आगमन शोभायात्रा में बच्चों के हाथों में सतयुग आगमन के बैनर और जयगुरुदेव के झंडा लेकर चल रहे है। सभी बच्चें एक साथ एक स्वर में बाबा उमाकान्त जी महाराज की दया से कलयुग में सतयुग लाने का आह्वान कर रहे थे। इस रैली की विशेष बात यही थी कि सभी उम्र के बच्चे बड़े ही जोश और उत्साह से पूर्ण अनुशासन के साथ चल रहे थे।

# विश्व ध्यान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**धार से रघुनाथ सेन**



धार 22 दिसंबर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार में शनिवार को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, एवं समन्वयक अधिकारी आनंद रणदिवे की उपस्थिति में बैंक जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार मे ध्यान सत्र का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रावत ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में समाज के प्रत्येक वर्ग में तनावपूर्ण परिस्थितियों, नकारात्मक तत्वों से जूझने की चुनौती, आक्रामक व्यवहार, क्रोध, चिडचिडापन, अनिद्रा रोग, तनाव, अवसाद, प्रेरणा में कमी, दुर्व्यवहार, परिवार से सामंजस्य बिठा पाना जैसी समस्याओं के कारण मानसिक स्वास्थ्य हेतु ठोस कदम उठाने की आवश्यकता निरंतर महसूस की जा रही है। ऐसे में योग एवं ध्यान का नियमित अभ्यास सम्पूर्ण स्वास्थ्य, बेहतर व्यवहार तथा प्रेरणा को बढावा देता है। ध्यान के माध्यम से अवसाद/तनाव प्रबंधन, बेहतर स्वास्थ्य, प्रसन्नचित्तता, ईमानदारी दृष्टिकोण, कार्य के प्रति सर्मपन, सामाजिक प्रतिबद्धता, शुचिता, संवाद कौशल, पारिवारिक सामन्जस्य, सकारात्मकता में अभिवृद्धि, क्रोध पर नियंत्रण जैसे अन्य लाभप्रद बातों के बारे में बताया गया।बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं शाखाओं के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मुख्यालय धार में विश्व ध्यान दिवस पर 15 मिनट का ध्यान कर विश्व ध्यान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. रायकवार, ममता शुक्ला, स्थापना अधिकारी, सोरव समकारिया, विपणन अधिकारी, तेजप्रताप सिंह, सिविल उपंयत्री विकास लाड, लेखा कक्ष प्रभारी, अंकित परमार, योजना एवं विकास कक्ष प्रभारी, एवं समस्त मुख्यालय एवं शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कुराहट बाग



**बाग से रघुनाथ सेन**

शीत लहर के चलते कंपकंपा देने वाली ठंड का कहर चल रहा है ऐसे में हर कोई ठंड से बचाव के साधन जुटा कर अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर रहे हैं ।इन दिनों में क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बहुत ही बढ़ गया है जगह-जगह लोग हलाव जलाकर कपंकपाती ती ठंड से बच रहे हैं उसी के चलते आश्रम व छात्रावास आश्रम में बच्चों व दोनों मे ठंड का अधिक प्रभाव सील है इसलिए आश्रम के अधीक्षक मोरी सर ने बच्चों को स्वेटर व टोपी पहनकार बच्चों में खुशी की लहर छा गई और बच्चों बहुत खुश नजर आयें अधीक्षक गुरु मोरी जी ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ठंड से बचाव के लिए उनको बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने में अपना योगदान दे रहे हैं। बाघ के शासकीय आदिवासी बालक आश्रम में अध्ययन करने वाले करीब 100 बच्चों को आश्रम के अधीक्षक गुरु मोरी ने ऊनी स्वेटर और टोपी वितरण किए गए ताकि बच्चे ठंड से बचे रहे पढ़ाई करते वक्त भी उनको सहूलियत मिलती रहे इसलिए सर ने सभी बच्चों को खुशी-खुशी अपने हाथों से स्वेटर टोपी पहनकार के उनका उत्सव बढ़ाया। अधीक्षक महोदय हमेशा बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता हो या भोजन समय पर होना बच्चों की गतिविधियों में हमेशा उनके साथ में रहकर हमेशा बच्चों के साथ उत्साह वर्धन करते रहते नजर आते रहते हैं। भुरू मोरी सर ने बताया कि अभी किसी प्रकार की कोई राशि आई नहीं है अपने बच्चे समझ कर इनका ख्याल रखा जाता है आश्रम में अधिकतर गरीब परिवार के बच्चे रहते हैं क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है उनके माता-पिता दूर दराज रहते हैं यहां उनके मां-बाप अधीक्षक ही होता है इसलिए उनका इस तरह ख्याल रखना पड़ता है।

***अधीक्षक मोरी अपने आश्रम के प्रति हमेशा सजक रहते है** -अधीक्षक गुरु मोरी अपने आश्रम वह वहां के रहने वाले बच्चों के प्रति हमेशा सजक रहते हैं बच्चों की देखरेख में मन लगाकर उनके खाने-पीने कपड़े और ठंड जैसे प्रकोप के बचाव में उन्हीं कपड़ो हो बच्चों को कभी निराश नहीं होने देते उनके द्वारा गत वर्ष 10 बच्चों को आश्रम में रखकर अपने पास से सर उनका खर्च वहन कर पढ़ाई कराई थी उनके इस सेवाभावी कार्य से अधिकारी भी बड़े खुश हैं साथ ही खुश हैं

दूसरों को भी उनकी समझ ही देते हैं

# पाल युवा मंच का कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

***रिपोर्टर ममता बघेल***

ग्वालियर। पाल युवा मंच द्वारा 22 दिसंबर को ग्वालियर जिले की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह अब लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर सम्मान समारोह केएन गार्डन, गोला का मंदिर पर भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा देवी अहिल्याबाई के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार समूचे देश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जन्म की त्रिशताब्दी मनाई जा रही है। इसी तारतम्य में अहिल्याबाई पाल,बघेल,धनगर वंश की होकर लोकसेवा में समर्पित हुई। उनके नाम से पाल युवा मंच, ग्वालियर द्वारा पाल बघेल समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान पत्र, शाल,श्रीफल देकर किया गया। इस क्रम में समाज सेवी श्रीमती रमाबाई पाल एवं श्रीमती सरजुबाई पत्नी स्व. सरमन सिंह को लोकमाता अहिल्याबाई सम्मान प्रदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लोकमाता देवी अहिल्याबाई के इतिहास पर परिचय गिरीश कुमार पाल ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोकमाता अहिल्याबाई समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र सिंह पाल ने नई कार्यकारणी को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा




कि हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा। तभी हमारे समाज को मान सम्मान और एक स्थान मिलेगा। समारोह के अतिथि के रूप में बलराम चंदेल, पूर्व सभापति गंगाराम बघेल कांग्रेस के युवा नेता रामशेष बघेल भिण्ड, बसपा नेता सुरेश बघेल, सहित अन्य लोग मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में शपथ विधि अधिकारी के रूप में पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता वीरेंद्र पाल ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई। नवीन दायित्व ग्रहण करने वालों में पाल युवा मंच के जिला अध्यक्ष के रूप में राकेश पाल, खुरैरी ने अपनी पूरी 21 सदस्यों की कार्यकारिणी के साथ शपथ ग्रहण की। शपथ के पूर्व राष्ट्गान गाया गया। कार्यकम का संचालन प्रवीण पाल इ तथा आभार सरदार सिंह लल्ला ने व्यक्त किया।

**पाल युवा मंच जिला कार्यकारणी निम्नानुसार है**-जिला अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्षस उपाध्यक्ष, महा सचिवस, सचिव कोषाध्यक्षस सह सचिवस सह सचिवस कार्यालय मंत्रीस मीडिया प्रभारीष

कार्यसमिति सदस्य

राकेश पाल खुरैरी वालेस शिवसिंह बघेल सुरेया का पुरा, राजेश पाल सागर लश्कर, नरेन्द्र सिंह राजपूत लश्करस सरदार सिंह बघेल लल्ला पिन्टोपार्क, गिर्राज बघेल सुपावली, जगदीश पाल लश्कर, रामप्रकाश पाल दुरावली, गब्बर सिंह बघेल घोसीपुरा मुरार, मनोज पाल पिन्टोपार्क, आकाश पाल जमाहर, नेत्रपाल पिन्टोपार्क, दीपक बघेल चारशहर का नाका, मायाराम पाल जमाहर, शिवचरण बधेल पुरानीछावनी, जगन्नाथ बघेल स्वामी लश्कर, गोपाल पाल पिन्टोपार्क, सुरेश पाल छुट्टे लश्कर, नरेन्द्र पाल पप्पू लश्कर, मनोज पाल विटुल लश्कर, मुकेश पाल संजय नगर लश्कर आदि।

# जिले का मान बढ़ाने पर शिक्षको ने डीईओ को किया सम्मानित



सीधी। जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में दो वर्ष पूर्व डॉ.प्रेमलाल मिश्रा ने जिला शिक्षा विभाग में अपनी उपस्थिती दर्ज कराई थी। डीईओ की कुर्सी संभालने के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मिश्रा ने अपनी प्राथमिकतायें तय कर कार्ययोजना तैयार करते हुए उसे अमली जामा पहनाया। श्री मिश्रा के द्वारा जिले के शैक्षणिक स्तर में सुधार की दिशा में सराहनीय उपलब्धियॉ दर्ज हैं। खासतौर से बोर्ड परीक्षा में 10वीं, 12वीं के छात्रों ने प्रदेश स्तर पर सीधी का मान बढ़ाया। जिसको देखते हुए विद्यालयों के गुरूजनो एवम शिक्षा विभाग के स्टाफ के द्वारा शाल श्रीफल, पुष्प एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया।जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि डॉ.प्रेमलाल जिला शिक्षा अधिकारी के कार्य सराहनीय हैं साथ ही जिले के शैक्षणिक स्तर में सुधार की दिशा में आपके दो वर्ष का कार्यकाल बेमिशाल है। वर्ष 2024/25 शिक्षा सत्र में शासकीय विद्यालयों में शिक्षको एवं छात्रो की शत प्रतिशत उपस्थिती दर्ज हो इस दिशा में लगभग 200 से 'यादा बार डीईओ कार्यालय की टीम के द्वारा विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए डीईओ ने बताया कि जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने हेतु कमजोर ब÷ों के लिये अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन, शासकीय विद्यालयों में खेल का मैदान, साफ स्व'छ महौल में शिक्षा अध्यक्षन हेतु उपयुक्त महौल निर्मित करना, शासन की योजनाओं का धरातल स्तर पर कृयान्वयन के साथ ही शासकीय शिक्षकों को समय का पावंद बनाने सहित अन्य प्रमुख क्षेत्र में कार्य लगातार जारी हैं। उन्होने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सीधी का अपना एक अलग स्थान है स्कूलो में शत प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिती, खाली पदो पर अतिथ शिक्षको की नियुक्ति के साथ विद्यार्थियों के रूचि के अनुरूप आपको बता दें कि डॉ.प्रेमलाल मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तर पर 26 जनवरी एवम 15 अगस्त के पावन अवसर पर तीन बार सम्मानित हो चुके हैं। इसके साथ ही प्रदेश स्तर पर सीधी जिले में एल केजी से 12वीं तक के छात्रों का नामांकन सबसे उत्कृष्ट होने पर प्रमुख सचिव शिक्षा विभाग द्वारा भी इनके उत्कृष्ट कार्यो की सराहनी की गयी। वहीं बोर्ड परीक्षा परिक्षा परिणाम में सीधी मध्य प्रदेश में अंडर 5 में चल रहा है। वहीं विगत सत्र के परीक्षा परिणाम की बात करें तो 10वीं में 6स्थान पर, 12वीं में 11 वें स्थान पर सीधी का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा।

# हजारों की संख्या में एकत्रित हुए बजरंग दल के कार्यकर्ता, त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न



सीधी। विश्व हिंदू परिषद द्वारा रविवार को स्थानीय पूजा पार्क में विशाल त्रिशूल दीक्षा एवं नगर में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हजारो की संख्या में कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी मौजूद रहें। विभाग सीधी जिले के जिला अध्यक्ष गणेश सिंह परिहार एवं विभाग मंत्री पुजेरी लाल मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि पूरे भारतवर्ष में 1992 से 2024 तक 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस के होने के उपलक्ष में शौर्य यात्रा निकाली जा रही थी जो की शौर्य यात्रा का विषय भगवान राम का मंदिर अयोध्या में बनने के बाद वह विषय समाप्त हो गया, इसलिए 6 दिसंबर 1992 को गीता जयंती के दिवस होने के कारण विश्व हिंदू परिषद गीता जयंती पर सौर्य दिवस मनाने के लिए केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार माता आ रहा था। इसी कार्यक्रम में दिसंबर 2024 में भारतवर्ष के प्रत्येक विभाग स्तर पर त्रिशूल दीक्षा का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। सीधी में आयोजित कार्यक्रम में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दानोरिया का सफ्ल मार्गदर्शन प्राप्त रहा।

# नेकी की दीवार एक सराहनीय पहल, जरूरतमंदो को मिल रही मद्द - रीता त्रिपाठी

सीधी। विगत दिवस स्थानीय अस्पताल चौक के समीप नेकी की दीवार के माध्यम से वृद्धो को ठंठ से बचाव हेतु कम्बल, टोपी एवम भेंट की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी श्रीमती रीता त्रिपाठी, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.सिराज अंशारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आशीष भारतीय शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, राहुल जायसवाल नेत्र परीक्षक, सूरज सिंह समाजसेवी सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहें। नेकी की दीवार के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में डॉ.सिराज ने बताया कि विगत एक माह से नेकी की दीवार का सफल संचालन किया जा रहा है, जो कि आगे भी जारी रहेगा। रीता त्रिपाठी यातायात प्रभारी ने वृद्धों को ठंठ के वस्त्र दान कर मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मॉ बाप एवं दीन हीन जरूरतमंदो की सेवा करना प्रभु की उपासना के समान माना जाता है। नगर वासियों के सहयोग से नेकी की दीवार का सुचारू संचालन काबिले तारीफ है। आगे भी इसका सुचारू संचालन होता रहे, ये हम सब की जिम्मेवारी है। यातायात प्रभारी ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि नेकी की दीवार की थीम है कि 'यादा हो तो दे जाएं, जरूरत हो तो ले जाए। ऐसे में हम सबका दायित्व बनता है कि यदि हमारे पास जरूरत से 'यादा वस्त्र, किताब, कॉपी, वर्तन या अन्य सामग्री जो हमारे उपयोग में भले ही नही आ रही है पर उससे किसी जरूरतमंद की जरूरतो की पूर्ति हो सकती है।




बाक्स

**सभी दानदाताओं का ह्दय से आभार - डॉ.आशीष**

कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ.आशीष भारतीय बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ ने चर्चा के दौरान बताया कि नगर के सभी दानदाताओं के मदद से नेकी की दीवार का संचालन हो रहा है। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से नेकी की दीवार के सभी दानदाताओं को ह्दय से आभार है। खासतौर से विगत एक माह में दीन हीन गरीबों की मद्द हेतु लगातार तत्पर रहने वाले वरिष्ट समाजसेवी कमल कामदार, अखिलेश गुप्ता संचालक एस मेंश शॉप, अमित बसंतानी लक्ष्मी जनरल, बृजेश जायसवाल उमंग बैग हाऊस, पवन सिंह कमर्जी, दीपक सिंह बघेल मझौली सहित अन्य सभी समाज हित के लिये तत्पर रहने वाले दान दाताओं को नेकी की दीवार की ओर से ह्दय से अभार है।

# विंध्य पुलिस प्राईड अवार्ड समारोह का हुआ आयोजन जिले के 10 पुलिसकर्मियों को मिला आशा गोपालन अवार्ड



सीधी। विगत दिनो सिंगरौली जिले के उत्सव हाल एनटीपीसी बैढन् में विंध्य पुलिस प्राईड अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें रीवा रेंज के आईजी द्वारा रेंज अंतर्गत साल भर बेहतरीन कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया था, जिसमें सीधी जिले से पुलिस अधीक्षक एवं अन्य 10 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, कमिश्नर रीवा बीएस जमोद, आईजी रीवा महेन्द्र सिंह सिकरवार, डीआईजी रीवा साकेत प्रकाश पाण्डेय सहित रीवा संभाग के पुलिसकर्मी मौजूद रहे है। बता दें कि रीवा रेंज के आईजी महेन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा एक नवाचार किया गया है जिसमें साल भर बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की पहल विंध्य सम्मान पुलिस अवार्ड के रूप में शुरू की गई है। जिसके लिए आईजी द्वारा 6 मापदण्ड बनाये गए थे जिसमें सीधी जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा को वेस्ट पुलिसिंग के लिए राजा वेंकट अवार्ड दिया गया है जबकि थाना मझौली अंतर्गत मैजिक काल के माध्यम से अज्ञात आरोपियों द्वारा बालिकाओं को निर्जन स्थानों में ले जाकर दुष्कर्म किये जाने के प्रकरण में तत्काल पीड़ित बालिकाओं की पता तलाश कर बालिकाओं की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को आशा गोपालन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जिसमें सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर एसडीओपी कुसमी, दीपक बघेल थाना प्रभारी मझौली, केदार परौहा चौकी प्रभारी मड़वास, प्रीती वर्मा चौकी प्रभारी पथरौला, प्रआर जगलाल रावत, आरक्षक संजय साकेत, तिलकराज सिंह, प्रआर आनंद कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा एवं प्रतीक्षा तिवारी को सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया है।

NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षो से लगातार
आयुष्मान में
नि:शुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
+91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पता: नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

## सोशल मीडिया क्रांति का आगाज-चैटवाइज ने बदल दी तस्वीर



**केसरीया हिंदुस्तान**

नई दिल्ली। सोशल मीडिया की दुनिया में एक ऐसा नाम उभरकर सामने आया है, जो न केवल लोगों को जोड़ने का काम करेगा, बल्कि उपयोगकर्ताओं को उसका हिस्सा बनने का भी मौका देगा। चैटवाइज, दुनिया का पहला ऐसा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जहां उपयोगकर्ता सिर्फ दर्शक या क्रिएटर नहीं, बल्कि कंपनी के सह-मालिक बन सकते हैं।चैटवाइज के संस्थापक गगन गुलाटी का कहना है, ÷आज अरबपति कंपनियां अपने उपयोगकर्ताओं की कीमत पर मुनाफा कमा रही हैं। चैटवाइज ने यह सुनिश्चित किया है कि जो संपत्ति उपयोगकर्ता बनाते हैं, उसका हिस्सा उन्हीं को मिले।कैसे अलग है चैटवाइजजहां एक ओर इंस्टाग्राम, फेसबुक और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म नकली खातों और स्पैम की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं चैटवाइज ने इसे पूरी तरह खत्म करने का दावा किया है।हर उपयोगकर्ता का सत्यापन अनिवार्य- फर्जी खातों और बॉट्स के लिए कोई जगह नहीं।सुरक्षित सामग्री- हालिया ऑडिट में 99.9त्न सामग्री को सुरक्षित पाया गया।गोपनीयता की गारंटी- उपयोगकर्ता केवल सत्यापन के बाद सार्वजनिक पोस्ट कर सकते हैं।भारत में लॉन्च के बाद से 4 लाख से अधिक लोग इस पर साइन अप कर चुके हैं। कंपनी का कहना है कि पहले 10 लाख उपयोगकर्ताओं को ÷ग्रोथ शेयर÷ दिए जाएंगे।शेयरहोल्डर बनें, सोशल मीडिया का हिस्सा नहीं, मालिक बनेंचैटवाइज की सबसे खास बात यह है कि प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ताओं के लिए 60त्न से अधिक शेयर आरक्षित हैं। इसका मतलब है कि उपयोगकर्ता कंपनी की सफलता का सीधा लाभ उठा सकते हैं।गुलाटी आगे कहते हैं, ÷हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं, जहां समाज और उपयोगकर्ताओं का हित सर्वोपरि हो।÷

**भारत में शानदार प्रतिक्रिया**-भारत में उपयोगकर्ताओं ने इसे हाथों-हाथ लिया है। विशेषज्ञ इसे सोशल मीडिया के भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम मान रहे हैं।बनना चाहते हैं, जहां आपका समय और मेहनत सिर्फ प्लेटफॉर्म के लिए नहीं, बल्कि आपके लिए भी लाभदायक हो, तो चैटवाइज आपके लिए है।

## खान पान, शारीरिक श्रम और दिनचर्या का हमारे स्वास्थ्य से गहरा नाता है -- डॉ.आहूजा



### संयमित खान पान और नियमित व्या याम से हम कई खतरों से बच सकते है -- डॉ. अलावा

### डॉक्टर्स एसोसिएशन कुक्षी द्वारा डॉ. आनन्द आहुजा और डॉ. हीरालाल अलावा का सम्मान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भगवान मुजाल्दा इंदौर संभाग** - डॉक्टर्स एसोसिएशन कुक्षी द्वारा गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में रिदम हार्ट इंस्टीट्यूट गुजरात, राजस्थान के एम डी कार्डियोलॉजी डॉ. आनंद आहुजा एवं एम डी मेडिसिन गठिया रोग विशेषज्ञ, पूर्व सहायक प्रोफेसर एम्स नई दिल्ली, वर्तमान में विधायक मनावर डॉ. हीरालाल अलावा का अभिनन्दन पत्र , मोमेंटो और तुलसी का पौधा भेट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ हीरालाल अलावा की धर्मपत्नी श्रीमती आकृति ध्रुव का सिविल जज के लिए चयन होने पर उनका भी सम्मान किया गया। अभिनन्दन पत्र का वाचन डॉक्टर एसोसिएशन कुक्षी के अध्यक्ष डॉ निर्मल कुमार पाटीदार ने किया।

डॉ. आनन्द आहुजा डॉ. हीरालाल अलावा, जैन रत्न एवं वरिष्ठ अभिभाषक मनोहर लाल जी पुराणिक तथा भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव पं. मनोहर मंडलोई डॉ ओमप्रकाश गुप्ता कार्यक्रम के अतिथि थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान धनवंतरी का पुजन दिप प्रजलित कर समारोह का शुभारंभ हुआ। स्वागत उद्बोधन एवं अतिथि परिचय डॉ. राकेश गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम को श्री पुराणिक एवं श्री मंडलोई ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद आहुजा ने कहा कि मोटापा (ओवर वैट)आमतौर पर हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर और शुगर का खतरा बढ़ाता है। डॉ.आहुजा ने छोटी छोटी कहानियों के माध्यम से हार्ट के खतरों, हाय बी पी, कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज क्यों और कैसे होते है, इनके लक्षण इनसे होने वाले खतरों से बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा स्वास्थ्य हमारे खान पान, हमारी दिनचर्या ओर शारीरिक श्रम पर काफी कुछ निर्भर करता है। उन्होंने हृदय रोग पर महत्वपूर्ण और विशेष चर्चा की।

डॉ. हीरालाल अलावा संबोधित करते हुए कहा कि आज कल यंग एज(युवा अवस्था)
में भी हार्ट अटैक और ब्रेन अटैक के खतरे ज्यादा बड गए है ।संयमित खान पान और रेगूलर व्यायाम से इन खतरों से बचा जा सकता है। आज के दौर में फसलों में खतरनाक केमिकल के जादा स्तेमाल से और बढ़ते प्रदूषण के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारिया और ऑटोइम्युन बीमारियां जैसे गठिया रोग के मरीजों की संख्या भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है हमे जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ साथ ज्यादा से ज्यादा वृषारोपण के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण को कम करने की दिशा में काम करना होगा इस अवसर पर क्षेत्र के सभी वरिष्ट चिकित्सक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन भुपेन्द्र वर्मा और अन्त में आभार डॉ मनोज पाटीदार ने व्यक्त किया

# हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा, हरे हरे

**कीर्तन की गूंज के साथ प्रतापगढ़ छोटी सादड़ी नीमच मंदसौर सहित 41 नगर की प्रभात फेरियों ने निकाली राम धुन। पटाखे जलाएं जगह-जगह फूलों से स्वागत हुआ। सुश्री अपर्णा मेनारिया, पं. प्रकाश गौड़ एवं पं. मुरलीधर शास्त्री ने प्रवचन दिए। सनातन धर्म के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। 2000 से अधिक महिला पुरुष सहित बच्चे शामिल हुए। पुलिस मुस्तेद रही।**

**बापुलाल डांगी/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9669610258**

कंचडोद नगर में पहली बार 41 गांव नगर की प्रभात फेरिया रामधुन मंडलियों का समागम हुआ। तो गांव कुंभ नगरी की तरह दिखा। भक्त मंडलीयां भगवा ध्वज पताकाऐ लहराते हुए चली। आयोजक श्री मंशा पुर्ण बालाजी हरि नाम संकीर्तन प्रभात फेरी मंडल के नेतृत्व में मंदसौर, नीमच, मनासा, छोटी सादड़ी, प्रतापगढ़ राजस्थान की प्रभात फेरिया भी शामिल हुई। गांव के इतिहास में पहली बार ऐसा आयोजन हुआ। जहां सभी एक साथ राम धुन, संकीर्तन करते हुए नगर में निकलें। प्रभात फेरी में भक्त वासुदेव, हनुमान सहित देवताओं को सॉन्ग करके निकले। राम धुन संकीर्तन करते हुए शंख बजाते हुए निकले। मंडलीयों मैं महिला पुरुष ढोलक ताशे पर भजन गाते नाचते हुए निकले। मंडलियों में महिलाओं की संख्या भी में ज्यादा थी। बच्चे, नौजवान, महिला पुरुष से लेकर बुजुर्ग भी राम धुन संकीर्तन में शामिल हुए। गांव में ग्रामीणों ने अपने घरों के सामने रंगोलीयां सजाई। दीपक जलाएं। वही राम धुन संकीर्तन का पुष्प मालाओं से, फूलों से दो दर्जन से अधिक जगह स्वागत हुआ। ग्रामीणों में



उत्साह ऐसा था, कि आगे आगे ढोल की थाप पर नाचते गाते रहे। पटाखे जलाते रहे। पूरा नगर हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे। हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा, हरे हरे। सहित कीर्तन करते एवं भजन गाते चले। 11-30 बजे से राम धुन प्रभात फेरी की शुरुआत सकल पंच कुमावत धर्मशाला से शुरू हुई। जो बस स्टैंड, ग्राम पंचायत, महादेव मठ, शीतला माता, कल्पवृक्ष चोराहा, पीपल चौक, खेड़ापति हनुमान मंदिर, श्री चारभुजा नाथ मंदिर, सदर बाजार रामजानकी मंदिर, शासकीय स्कूल सहित नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। प्रभात फेरी राम धुन ढाई घंटे मैं नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। दोपहर 2-00 बजे सकल पंच कुमावत धर्मशाला में हुआ। इस धार्मिक आयोजन में मानस भारती सुश्री अपर्णा मेनारिया शामगढ़, पंडित श्री मुरलीधर शास्त्री धारिया खेड़ी एवं पंडित श्री प्रकाश गोड़ इंदौर का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान प्रवचन भी हुए। जिसमें सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने, गौ माता की रक्षा करने, माता-पिता की सेवा करने की बात कही। बताया भगवान के सच्चे भक्त सुबह-सुबह 5-00 बजे राम धुन निकलने वाले से बड़ा भक्त और कोई नहीं हो सकता। इसलिए आप सभी सुबह जल्दी उठकर राम धुन में जरूर शामिल हो। गांव के इतिहास में इस प्रकार का पहला आयोजन है। राम धुन संकीर्तन प्रभात फेरी में 41 नगर के साथ आसपास गाँव के ग्रामीण भी शामिल हुए। 2000 से अधिक भक्त शामिल हुए। इस दौरान अफजलपुर पुलिस थाना प्रभारी सम रथ सिनम सहित एएसआई भैरू दास बैरागी, एएसआई केरू सिंह, सहित पुलिस बल मौजूद रहा। एवं यातायात की व्यवस्था संभाली।

# पत्रकारों की समस्यायों से मुख्यमंत्री मोहन यादव को अवगत कराने का आश्वासन मिला

**भाजपा मिडिया प्रभारी अग्रवाल ने दिया पत्रकारों के लिए कानून का आश्वासन, रमेश शर्मा बोले पत्रकार समाज हित में बनें नारद मुनी, प्रदेश अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने पत्रकारों की समस्यायों पर विचार रखे**

**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**खरगोन जिले से पहुँचे पत्रकारों को मंच से किया सम्मानित।।**

मण्डलेश्वर ( निप्र ) भोपाल के सिंधु भवन में असेंबली ऑफ जर्नलिस्ट का पहला प्रांतीय अधिवेशन शनिवार को संपन्न हुआ. कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा संगठन के महामंत्री एवं विधायक भगवान दास सबनानी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा और भाजपा प्रवक्ता बृजगोपाल लोया ने सम्बोधित कर संगठन के बारे में अपने विचार रखे। शनिवार को भोपाल के सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने कहा की पत्रकार सरकार और आमजन के बीच का सेतु है। जिस तरह नारद मुनी आम लोगों की समस्याओं को देवताओं के सामने रखते और आम नागरिकों के हितों के लिए सेतु का काम करते थे उन्हें हल करने में मदद करते थे, उसी तरह पत्रकारों को समाज हित में सकारात्मक है सरोकार की पत्रकारिता करना चाहिए। सरकार और पत्रकारों के बीच का सेतु बने भाजपा मिडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल की मौजूदगी में प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने वरिष्ठ पत्रकारों को मिलने वाली राशि को 20 हजार से 30 हजार करने की माँग रखी और जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकार अधिमान्य कार्ड बनाने की वर्तमान प्रक्रिया में अखबार मालिक की नियुक्ति पत्र और अनुभव प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करने की सिफारिश करते हुए अड़बार की कटिंग के माध्यम से अधिमान्यता देने का आग्रह किया। साथ ही पत्रकारों पर बढ़ रहे




हमलों और झूठी स्नद्धक्रकरने संबंधी चिंताओं को सामने रखा और सरकार से निवेदन किया है पत्रकार की शिकायत करने वाले की जांच करनी चाहिए , इसके जवाब में, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष और समस्त पत्रकारों को आश्वस्त किया कि वो असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट द्वारा उठाई गयी सभी मांगो को मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष रखेंगे और उचित कार्यवाही करेंगे विधायक सबनानी ने आगे कहा कि प्रिंट मीडिया की प्रमाणिकता आज भी सर्वोपरि है, आदमी कितना भी न्यूज़ चैनल देख ले, डिजिटल चैनल देख ले, लेकिन समाचार की पुष्टि तो तभी होती है जब वो समाचार पत्र मे खबर को विस्तार पूर्वक पढ़ लेता है इस अवसर पर असेंबली ऑफ एम पी जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने पूरे प्रदेश से आये पत्रकारों का अभिनंदन किया एवं चुनिंदा पत्रकारों को जिन्होंने कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग दिया उन्हें भामाशाह सम्मान और जिन्होंने कार्यक्रम में आगे बढ़कर कार्य किया उन्हें कर्मशील सम्मान से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन ,संयोजन समिति के संयोजक और वरिष्ठ पत्रकार प्रवाल सक्सेना ने किया। प्रांतीय मिडिया प्रभारी माखन विजयवर्गीय ने मंच से सम्बोधित करते हुए कहा की नए नाम के साथ ही प्रांतीय कार्यकारिणी भंग कर दी गयी थी. ऐसे में नई कार्यकारिणी के लिए प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा को नई कार्यकारिणी बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे सिनय अग्रवाल, प्रवाल सक्सेना सहित मौजूद अतिथियों ने ताली बजाकर अनुमोदित किया। अनुमोदन के पश्चात श्री शारदा ने नई कार्यकारिणी में 11-11 की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य रखने की बात कही और कहा कि संगठन में पदाधिकारियों को तन मन धन और समय देना आवश्यक है, पिछली प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में कार्यालय संचालन के लिए कुछ नियम बनाए थे उनका पालन करना होगा।कार्यक्रम में असेंबली ऑफ एम पी जर्नलिस्ट के कर्मठ पदाधिकारियों विनय अग्रवाल,प्रवाल सक्सेना, संदीप पाठक, सरस्वती चंद्र , रमेश जोशी भोपाल, राजेश पंवार अध्यक्ष प्रतिनिधि खरगोन , वैंकटेश शारदा,माखन विजयवर्गीय राजगढ़ , संतोष साहू, ललित शारदा,राकेश सक्सेना , प्रमोद मेहता देवास , रेणु नत्थानी,जगदीश जोशी रायसेन, धनंजय जोशी छिंदवाड़ा , भरत राठौड़ तहसील अध्यक्ष महेश्वर , रामेश्वर कर्मा , नीलेश जैन , सुनील गाडगे , प्रसांत कौशल , सूरज खेड़े , कमलसिह यादव , वीरेंद्र पाटीदार सहित कई जिलाध्यक्षों को सम्मानित किया गया

# मुख्यमंत्री जानकल्याण पर्व के अवसर पर पुलिस और फ़ॉरेस्ट की टीमों के बीच वॉलीबॉल मैत्री मैच का हुआ आयोजन

**पुलिस टीम ने 3-0 से मारी बाज़ी**



**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

पुलिस मुख्यालय के तत्वाधान में मुख्यमंत्री जानकल्याण पर्व मनाया जा रहा है,इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में आज दिनांक 22-12-2024 को श्योपुर पुलिस लाइन स्थित मैदान में पुलिस एवम् फ़ॉरेस्ट की टीमों के बीच मैत्री वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमे पुलिस टीम द्वारा फारेस्ट की टीम को 3-0 से शिखस्त दी ।इस दौरान मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतेंद्र सिंह तोमर द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर जीवन में खेलों के महत्व के संबंध में समझाया ।इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक श्री अखिलेश शर्मा,सूबेदार श्री अनिरुद्ध मीणा,सूबेदार (अ) श्री धर्मेन्द्र नामदेव ( निज सहायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योपुर ), श्री विक्रम सिंह सउनि (अ) पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य खेलप्रेमियों के द्वारा इस मैच का लुत्फ़ उठाया ।

# नर्मदा नदी के किनारे बसे पवित्र नगर मंडलेश्वर और महेश्वर में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध है, लेकिन प्रतिबंध के बावजूद शराब की बिक्री धड़ल्ले हो रही है जिम्मेदार मोन

**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

। शासन द्वारा घोषित पवित्र नगरी में अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही है। शराब माफिया बेरोकटोक शराब का परिवहन कर रहा है। समीपस्थ ग्राम पिपल्या की दुकान से विदेशी शराब व ग्राम चोली की दुकान से देशी शराब का परिवहन बिना रोकटोक नगर के समीप कॉलोनी में बने गोदाम में किया जा रहा है। वहां से ऑर्डर के हिसाब से शराब के ब्रांड्स दुकानों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उधर नगर की प्रतिष्ठित कॉलोनी के एक मकान में सर्वसुविधा के साथ शराब परोसी जा रही है। वहीं आसपास के क्षेत्रों में भी यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। नगर से गुजरने वाले धामनोद-बड़वाह मार्ग के विभिन्न ढाबों पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सूत्रों की माने तो इन ढाबों से शराब की बिक्री शराब ठेकेदार के नुमाइंदे ही करवा रहे हैं।

**बाइक होता है शराब का परिवहन**-एजेंट द्वारा नगर की विभिन्न दुकान जहां से शराब की बिक्री की जा रही है, उन्हें एक डायरी उपलब्ध करवाई गई है, जिस पर प्रतिदिन शराब का हिसाब किताब रखा जाता है। इन सभी दुकानदारों व ढाबों पर शराब का परिवहन बाइक से किया जाता है। नगर सहित आसपास के गांवों में शराब की सप्लाई की जा रही है। मंडलेश्वर के आस पास ग्रामीण क्षेत्रो मे बैखोफ शराब ठेकेदार के द्वारा वाहन से शराब लेजाते अपने जो दुकानेदार व घर पर शराब देते दिखाई देते है शराब ठेकेदार की दादागीरी से खुले आम शराब कारोबार चला रहे है शासन प्रसाशन आँखे बंद



करके बैठा है इसके पहले राजनेता ने पवित्र नगरी अवैध शराब कारोबार पर कडी से कडी कारवाई होगी पर ऐसा तो नही हुआ उसका उलटा हो गया शराब ठेकेदार अपनी मनमानी तरीके से शराब कारोबार चला रहे है ग्रामीण क्षेत्रो मे अपने मनमानी से शराब ठेकेदार अवैध रूप से ग्रामीण क्षेत्रो मे अपने वाहनो से शराब सप्लाय करते नजर आते है पवित्र नगरी होने के बाद भी किसी राजनेता की भी नही चल पाई शराब ठेकेदार बहुत ही आगे तक पहुंच बनी हुई है कब पवित्र नगरी मे शराब ठेकेदार की मनमानी अधिकारी के सामने अपनी दादागीरी दिख रही है जब भो तो शराब ठेकेदार खुले आम शराब वाहन पर लेजाते नजर आ रहे हैइससे पहले भी मार्च 2017 में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा
की थी कि 1 अप्रैल 2017 से नर्मदा तट के पांच किलोमीटर की परिधि में सभी शराब की दुकानें बंद कर दी जाएंगी।चौहान ने कहा, 1 अप्रैल से नर्मदा नदी के किनारे पांच किलोमीटर के भीतर सभी शराब की दुकानें बंद कर दी जाएंगी।इस बीच, इस घोषणा की अनदेखी करते हुए, शराब तस्करों और स्थानीय आबकारी विभाग और पुलिस के बीच सांठगांठ के कारण अवैध कारोबार जारी है। इसी कड़ी में हमने अधिकारियों से बात करना चाहिए तो फोन रिसीव नहीं करते अधिकारी
नर्मदा के तटों पर बसे महेश्वर-मंडलेश्वर तीर्थ क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री को लेकर
विधायक राजकुमार मेव आहत है। उनका कहना है कि प्रशासनिक अमला शराब माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। उन्होंने मीडिया के सामने मंडलेश्वर में अपनी बात रखी। प्रशासन की कमजोरी व पवित्र नगरी में शराब बिक्री की पीड़ा विधायक के चेहरे पर दिखी यह बात विधायक निधि कहीं पर इसका कोई प्रभाव अभी तक नहीं पड़ा पर खुलेआम व्यापार का परिवहन हो रहा है और खुलेआम ढाबो पर बिक रहिए

# जिला स्तरीय विशाल दिव्यांग शिविर का शुभारंभ पहले दिन 27 ट्राईसिकल, दो व्हीलचेयर, तीन को वैसाखी का वितरण 5 दिव्यांगो के कृत्रिम पैर एवं 6 को कृत्रिम हाथ लगाये गये

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**


नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में भारत सेवा संस्थान व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर तथा महात्मा गांधी सेवा आश्रम श्योपुर एवं जग्गूबना स्मृति सेवा समिति श्योपुर के सहयोग से नगरपालिका मैरिज गार्डन श्योपुर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय विशाल दिव्यांग शिविर का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी उपस्थित रही। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सचिव श्री गिरधारी सिंह बापना, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, श्री भूपेन्द्र मेहता जयपुर, महात्मा गांधी सेवा आश्रम के डॉ रन सिंह परमार, भारत सेवा संस्थान जयपुर के श्री हनुमान सहाय शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर उपस्थित थे। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, एसडीओपी श्री राजीव कुमार गुप्ता, राजस्थान हाईकोर्ट के एडवोकेट श्री संत कुमार, पार्षदगण श्री जुगल मेहरा, श्रीमती नाथी बाई, श्री खालिद फारूकी, श्री अकबर दाउदी, अंजुमन सदर एवं पार्षद प्रतिनिधि श्री मोहम्मद शब्बीर नागौरी, सीएमओ



श्री राधेरमण यादव, श्री जय सिंह जादौन, श्री कैलाश पाराशर, श्री जयदीप तोमर, जिला विकलांग समिति के अध्यक्ष श्री मुस्तफा दाउदी आदि मंचासीन थे। शिविर के प्रथम दिन 114 दिव्यांगों का परीक्षण कर कृत्रिम अंग एवं उपकरण प्रदाय किये गये। शिविर के दौरान 27 ट्राईसिकल, 03 वैसाखी, 03 केलीपरस, 02 व्हीलचेयर, 06 लोगों को श्रवण यंत्र सहित 05 दिव्यांगों के जयपुर फुट कृत्रिम पैर एवं 06 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ लगाये गये। शिविर के शुभारंभ अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, श्री गिरधारी सिंह बापना, डॉ रन सिंह परमार एवं श्री जय सिंह जादौन द्वारा संबोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री आदित्य चौहान ने किया तथा आभार सीएमओ श्री राधेरमण यादव ने व्यक्त किया। महात्मा गांधी सेवा आश्रम के श्री जय सिंह जादौन ने बताया कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से शिविर स्थल पर जयपुर फुट एवं कृत्रिम हाथ लगाने के लिए वर्कशॉप लगाई गई है, जिसमें दिव्यांगों के परीक्षण उपरांत जरूरत के अनुसार कृत्रिम हाथ एवं पैर लगाये जा रहे है। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार कृत्रिम उपकरण भी प्रदाय किये जा रहे है, शिविर 22 दिसंबर को भी चलेगा। उन्होने जानकारी दी कि शिविर में ऑनलाइन 350 तथा पहले दिन शिविर स्थल पर 114 पंजीयन हुए है। बेंगलोर और दिल्ली से आई टीम द्वारा श्रवण बाधिता का परीक्षण किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता के परीक्षण के लिए अलग-अलग कांउटर लगाये गये है, शिविर में श्योपुर सहित मुरैना, शिवपुरी जिले सहित राजस्थान के बांरा जिल के शाहबाद से भी दिव्यांगो के पंजीयन हुए है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से श्री ध्रुवा सुमन, श्री बाबूलाल बंजारा निमोदामठ, श्री संजय सुमन गुरनवादा, श्रीमती ममता बैनीपुरा, श्री महेन्द्र सिंह वीरपुर, श्री जितेन्द्र कुशवाह टेटरा को ट्राईसिकल प्रदान की गई। इसी प्रकार श्री देवीचरण को व्हीलचेयर तथा श्री छीतरलाल सोनी वार्ड 10 श्योपुर, श्री दुर्गाशंकर नागर पाण्डोला, श्रीमती रामदुलारी जावदेश्वर, श्री भूपेन्द्र नागर चन्द्रपुरा को श्रवण यंत्र प्रदाय किये गये।

# क्या अतिक्रमण हटाना महज बहाना, असल उद्देश्य ग्रामीणों को पीटनाड़ वन परिक्षेत्र कुंवारपुर पर क्यों लगे गुंडागर्दी के आरोपड़ महिलाओं को पीटा, मामला हुआ दर्ज

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**





एमसीबी। जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के वन मंडल मनेंद्रगढ़ में वर्षो से काबिज ग्रामीणों को कब्जा हटाने के नाम पर जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है, वही सब महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है।लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत कुवांरपुर परिक्षेत्र के ग्राम घटई में कुछ लोग वन भूमि पर वर्षो से काबिज है, वही मनेन्द्रगढ़ डीएफओ मनेन्द्रगढ़ शहर से लगी भूमि पर अतिक्रमण हटाना छोड़ अब भरतपुर सोनहत विधानसभा में अतिक्रमण हटाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे है तो उन्होंने ग्राम घटई में अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया, ग्रामीणों की माने तो क्षेत्र के कुछ वन विभाग के कर्मचारी पहले रात में उनके घर गए और जमकर मारपीट की, जब ग्रामीण शिकायत करने जाने लगे तो माफी मांग मामले में समझौता कर लिया, दूसरे दिन सुबह परिक्षेत्र अधिकारी बहरासी, जनकपुर और कुँवारपुर के साथ काफी संख्या में कमर्चारी और कुछ पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए, और जबरन मारपीट करने लगे, महिलाओ को धक्का दे देकर लात घूंसों से पीटा और जो मोबाइल से वीडियो बना रहे थे उनके मोबाइल तोड़ डाले। इस पूरे मामले को ले कर जब वन विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क करने के तमाम प्रयास किए गए, जहां देखने को मिला कि वन परिक्षेत्र अधिकारी मुंह छिपाते जवाब ना देने की मंशा से फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा और जवाब देने से बचते नज़र आए, आखिर खुद को पाक-साफ बताने वाले वन रक्षकों की ये नौबत नज़र क्यों आ रही हैसुत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार अतिक्रमण हटाने वन विभाग डीएफओ के निर्देश पर पहुंच तो गया पर मात्र दो महिला कर्मचारियों को लेकर, इधर पुलिस भी महिला पुलिस को लेकर नही गई, और अतिक्रमित स्थल पर काफी संख्या में महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया, वही मौके पर उपस्थित पुरुष अधिकारियों ने डीएफओ के आदेश पर महिलाओं की जमकर न सिर्फ पिटाई की बल्कि लात घूंसों से पीटा धक्का दिया। कई महिलाओं को चोटें भी आई है।कुछ माह पूर्व मनेन्द्रगड़ परिक्षेत्र में डीएफओ ने अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम शुरू की और कच्चे और बेहद गरीबो के घरों को तुडवा डाला मगर विश्वस्त सुत्रों से जानकारी मिली कि वहींदूसरी तरफ़ वन भूमि पर बने पक्के के मकानों पर उच्च अधिकारीयों ने कार्यवाही ना करने की काबिलियत को समझते हुए वहां मैनेज हो गए। आज भी कई एकड़ भूमि पर अतिक्रमण हो रखा है परंतु डीएफओ मामले में चुप्पी साधे बैठे है। दूसरी ओर विभाग उनके आदेश पर महिलाओं की लात घूंसे बरसा रहा है।

# सेंट जॉन स्कूल में खेल-कूद गतिविधियों का हुआ आयोजन





**ओमप्रकाश परमार,**

देवास। जिले के पानीगांव स्थित सेंट जॉन स्कूल में स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेलकूद की शुरुआत प्राचार्य बसंत खड़िया द्वारा मशाल जलाकर की गई। रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्ल्यू हाउस द्वारा ग्रुप परेड हुई। सपना गलेदार द्वारा विद्यार्थी जीवन में क्रीड़ा गतिविधियों का महत्व बताया गया। खेलकूद कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, रस्साकशी, 100/200/300/400 मीटर दौड़, थ्रो बॉल, रिले रेस आदि में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार दिये गये। खेल गतिविधियों का संचालन ओमप्रकाश बारिया एवं आशा खड़ि़या द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य, सिस्टर मंजुला, शिक्षकगण एवं विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

**रविवार को जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार लगाया जायेगा**

# जैविक/प्राकृतिक खेती हाट बाजार में मिलेंगें जैविक/प्राकृतिक तरीके से उत्पादित रहित उत्पाद




**राजकुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास लगाया जा रहा हैं। इसी क्रम में 22 दिसम्बर दिन रविवार को जैविक हाट लगाया जायेगा जिसमें जैविक/प्राकृतिक तरीके से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद अनाज,चाँवल, गेहूँ, मक्का, ज्वार, बाजरा, कोदो कुटकी, रागी से बने उत्पाद, आटा, बेसन, मल्टीग्रेन आटा,हरी मौसमी सब्जियां एवं मौसमी फल, मसरूम, शाहिद आदि उत्पादों का विक्रय किया जाएगा। जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहेगी। क्रेतागण घर से थैला लेकर ही आये। स्व-सहायता समूह द्वारा कपड़े के थैलों का भी एक स्टॉल लगाया जा रहा हैं।

# स्वयं को जानने की कला गुरु गोरखनाथ ने दुनिया को सिखाई - मुख्यमंत्री डॉ यादव

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सीहोर, दुनिया में कई देशों की संस्कृतियां नष्ट हो गई, लेकिन भारत की सनातन संस्कृति प्राचीन काल से चली आ रही है और हमेशा रहेगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधनी तहसील के ग्राम जर्रापुर में आयोजित नाथ संप्रदाय के संत समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देश भारत की सनातन संस्कृति को समझने की जिज्ञासा रखते है। भारत को जानने के लिए भारत में प्राचीन काल से चली आ रही सनातन संस्कृति को जानना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राचीन काल से चली आ रही भारत की योग परंपरा को संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय ने दुनिया को योग का वास्तविक अर्थ समझाया है। आदि गुरु गोरखनाथ के मार्गदर्शन में योग के विश्व में सर्वाधिक प्रसार में नाथ संप्रदाय का प्रमुख योगदान है। प्रत्येक मनुष्य की आत्मा में परमात्मा विराजमान हैं। उन परमात्मा को जानने का सबसे सुगम माध्यम योग है। गुरु गोरखनाथ अपनी योग्यता एवं कुशलता से अपने जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों एवं विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बना लेते थे। यह सत्य है, कि जिसका जन्म हुए है उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन मृत्यु से पहले अपने आप को जानने की कला गुरू गोरखनाथ ने दुनिया को सिखाई है।उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है कि हमारे भारत की भूमि पर ऐसे संत हुए है, जिन्होंने




इस भूमि को अपनी जनकल्याण की भावना से पावन किया है। जिस प्रकार गंगा अपना अमृत समान जल सभी प्राणियों को निस्वार्थ भाव से उनके कल्याण के लिए उन्हें प्रदान करती है, उसी प्रकार संत अपने जीवन के सभी सुखों को त्याग कर सभी प्राणियों एवं समाज के कल्याण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरू गोरखनाथ ने संत श्री भर्तरी के जीवन में आत्म चेतना को जगा कर उनका जीवन बदल दिया था। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रचीन काल से ही विश्व में अनेकों संस्कृतियां रही हैं, पर समय के साथ अनेकों संस्कृतियां ध्वस्त हो गई पर सनातन संस्कृति अपनी मानव कल्याण की भावना के साथ सदैव आगे ब?ती रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वर्चस्व पूरी दुनिया में ब? रहा है। जब हमारे देश में विदेश से कोई अतिथि आते है तो वह भी हमारे भारत की संस्कृति से बहुत प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि रामायण, महाभारत, श्रीमद्भागवत गीता हमारे भारत की सनातन संस्कृति के पवित्र ग्रंथ है, हमें इनका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। यह ग्रंथ हमारे भारत में प्राचीन काल से प्रचलित सनातन संस्कृति की पहचान है। उन्होंने संतों द्वारा बुधनी में नर्मदा के किनारे घाट के निर्माण कराने की मांग को स्वीकार करते हुए नर्मदा किनारे घाट निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार साधु संतों की सेवा **में निरंतर तत्पर है एवं उनकी** -इस समारोह में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, नर्मदापुरम सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, सांसद श्रीमती माया नारोलिया, बुधनी विधायक श्री रमाकांत भार्गव, विधायक श्री विजयपाल सिंह , आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजिनियर, कलेक्टर श्री प्रवीण, एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला, यागी पीर श्री शेरनाथ, योगी पीर श्री लहरनाथ, योगीपीर श्री राजनाथ, योगी पीर श्री पूर्णनाथ, योगी पीर श्री शेरनाथ, योगीपीर श्री हरिनथ, योगी श्री प्रयागनाथ, योगी श्री कृष्णनाथ, मंहत श्री नरहरिनाथ, श्री केशवनाथ, श्री सुंदराईनाथ, योगी श्री समुंदरनाथ, श्री पंचमनाथ, श्री रूपनाथ, श्री सूरजनाथ सहित देश भर से आए नाथ संप्रदाय के साधु संत शामिल हुए।

# ग्राहक जागरण पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने जाने अपने अधिकार।




**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा संस्कार इंटरनेशनल स्कूल बिलकिसगंज में ग्राहक जागरण पखवाड़ा के तहत ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट आदि से बचाव, उपभोक्ता के अधिकार, उपभोक्ता फोरम के संबंध में जानकारी दी । साथ ही सभी विद्यार्थियों को सभी अपराधों तथा शिकायत करने के लिए मोबाइल नंबरों से अवगत कराया । साथ ही एमआरपी पर हो रहे भ्रष्टाचार के संबंध में जानकारी दी । एमआरपी बहुत बड़ा धोखा है जिससे सतर्क करने के संबंध में जागरूकता की जरूरत है । जिसमें जिले के अध्यक्ष श्री शिवप्रसाद दलोद्रिया अधिवक्ता द्वारा कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया एवम मुख्यवक्ता व प्रांत कोषाध्यक्ष श्री दीपक बाबू श्रीवास्तव द्वारा सभी उपस्थित जनों को ग्राहक संबंधी अधिकारों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया, कार्यक्रम का संचालन विधि आयाम जिला प्रमुख श्री मानसिंह सेन द्वारा किया गया कार्यक्रम में श्री रोहित सिंह कौरव प्रान्त सह कोषाध्यक्ष, महिला आयाम प्रमुख श्रीमती उमा पालीवाल,स्कूल के प्राचार्य श्री राजकुमार धनगर सह मीडिया प्रमुख राहुल परमार विशेष रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम मे सभी का आभार श्री राजनारायण भारद्वाज पूर्णकालिक द्वारा व्यक्त किया गया

# समर्थन मूल्य पर सोयाबीन बेचने किसानों को हो रही परेशानीः तुलाई के लिए करना पड़ रहा चार दिन इंतजार

## सुदामा वेयरहाउस में किसानों की सोयाबीन ट्रॉली रिजेक्ट, आक्रोशित किसानों ने जताई नाराजगी



**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

भैरूंदा में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी बारी के लिए तीन से चार दिन तक वेयरहाउस के बाहर इंतजार करना पड़ रहा है।भैरूंदा के गिल्लोर सुदामा वेयरहाउस में किसानों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां एक बार फिर किसानों ने नाराजगी जताई है। जब किसानों की सोयाबीन की ट्रॉलियों को सर्वेयर ने रिजेक्ट कर दिया। किसानों का आरोप है कि पहले उनकी ट्रॉलियां पास कर दी गई थीं, लेकिन बाद में उन्हें मिट्टी और दाल की मिलावट का हवाला देकर रिजेक्ट कर दिया गया।किसानों का कहना है कि उनकी सोयाबीन पूरी तरह साफ-सुथरी है, जिसमें मिट्टी और दाल जैसी कोई अशुद्धि नहीं है। न ही दाल मिट्टी की मात्रा अधिक है।इसके बावजूद ट्रॉलियां रिजेक्ट की जा रही हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे किसान आक्रोशित हैं। खरीदी कर रही समिति, और सर्वेयर के खिलाफ नाराजगी जताई गई हैं।गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी सुदामा वेयरहाउस पर किसानों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था।इससे पहले भी यहां ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इस बार की घटना ने किसानों की समस्याओं बडा दिया है।किसानों ने स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित समाधान की मांग की **है, ताकि उनकी मेहनत पर पानी न फिरे**-किसानों का कहना है कि सर्वेयर द्वारा जिस दिन किसान अपनी फ़सल लेकर वेयर हाउस आया उसी दिन ट्राली को रिजेक्ट कर देते तो हमें चार-चार दिन यहां पर खड़े नहीं रहना पड़ता। हम अपने ट्रैक्टर वाहन घर ले जाते। चार दिनो से अपनी फ़सल लेकर रात भर कड़के की ठंड में खुले आसमान के नीचे ठंड मार रहे हैं4 दिन का किराया 8 हज़ार हो गया है इसका भुगतान भी हमें ही करना है।सुदामा वेयरहाउस पर सूचना मिली थी कि काफी ट्राली रिजेक्ट हुई है नोन एफक्यू माल पाएं जाने के कारण कुछ ट्रालियों में दाल थी कुछ में मिट्टी थी उन किसानों को ग्रेडिंग करने का सुझाव दिया गया है बारिश के समय कटाई के कारण नोन एफक्यू की श्रेणी में फसल आ रही है संस्था एवं सर्वेयर के द्वारा बताया गया है यह नोन एफक्यू माल नहीं खरीद पाएंगे उन किसानों को सुझाव दिया गया है की साफ सुथरा माल लेकर आएं संस्था और खरिदी समिति को बोला गया है शासन के मापदंडों पर ही खरीदी करें

# नशामुक्ति के विरुद्ध भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा चलाया जा रहा नशामुक्ति अभियान, शहर के नगर पुलिस अधिक्षक को सौंपा ज्ञापन




**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

चिरमिरी। चिरमिरी शहर के कई इलाकों में नशा का व्यापार अपने पैर पसार रहा है, जिसकी चपेट में समाज के युवा वर्गों के साथ ही साथ किशोरावस्था में कदम रखने वाले बच्चे भी नशे की आगोश में अपनी सुध बुध खो कर अपना भविष्य तो खराब कर ही रहे हैं जिससे कि कई लोगों के घर परिवारों में दुख और तकलीफ़ का माहौल है, गरीब कस्बे के लोगों से ले कर पूरा का पूरा समाज नशे के इस कालाबाजारी से त्रस्त है, इस विषय को बड़ी ही गंभीरता से लेते हुए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल प्रसाद एवं अन्य सदस्यों के साथ नशामुक्ति अभियान चला रहे हैं इसके साथ ही उन्होंने इसी संबंध में पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी, चिरमिरी की सी एस पी दिपीका मिंज को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने नशे के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। जिस पर चिरमिरी शहर की नगर पुलिस अधीक्षक दिपीका मिंज द्वारा उन्हें आश्वासित करते हुए कहा गया कि पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों पर कठोर कार्यवाही भी की जाएगी और इस गंभीर समस्या से लोगों को निजात दिलाने में पुलिस प्रशासन हर संभव प्रयास भी निरंतर करते रहेगी। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिस संगठन का मुल्य उद्देश्य है समाज को नशामुक्त बना कर समाजसेवा करना, जो कि समाज हित के लिए आज से नहीं बल्कि सन् 1997 से निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है, इससे पहले भी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी संगठन द्वारा समय समय पर नशामुक्ति अभियान का आयोजन किया गया है और संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जब तक उनके द्वारा समाज को नशामुक्त नहीं किया जाता, जन कल्याण के लिए वे सदैव तत्परता से समाजसेवा कार्य करते रहेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर,सोमवार 23 दिसम्बर 2024
खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



## एक नजर...

### अंबेडकर वादियों ने भी रास्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा




**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

जिला रायसेन सिलवानी क्षेत्र के अनुसूचित जाति अनूसूचित जनजाति एवं ओबीसी महासभा के तत्वाधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के अनुयायियों ने सिलवानी में विरोध प्रदर्शन कियाऔर कहां है की एससी एसटी ओबीसी के भाग्य विधाता अंबेडकर जी का माननीय अमित शाह गृह मंत्री भारत सरकार द्वारा बाबा साहब का अपमान किया और अपमान में कहा गया है कि कुछ लोगों ने बाबा साहब को ब्रांड बनाया है अंबेडकर अंबेडकर कहते हैं इससे अच्छा है कि भगवान का नाम लेते तो उनकी सात पीढ़ी स्वर्ग में जाती तो इसी बात को लेकर सिलवानी के अंबेडकर जी के अनुयायियों को ठेस पहुंची और प्रदर्शन में कहां गया है कि माननीय अमित शाह मीडिया पर आकर माफी मांगे तभी हम लोग शांत बैठेंगे अन्यथा जब तक माफी नहीं मांगेंगे तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा और अगर जरूरत पड़ी तो इससे और वारे में उग्र आंदोलन करेंगे गृह मंत्री को पूरे भारत के अंबेडकर जी के अनुयायियों से माफी मांगना चाहिए विरोध प्रदर्शनकारियों में सम्मिलित हुए नीलमणि शाह, कुवर धर्मवीर सिंह , भरत पटेल किसान नेता सिलवानी, सुर्यजीत सिंह ,इमरान खान ,दिनू कुशवाहा ओबीसी महासभा ब्लॉक अध्यक्ष सिलवानी मोहन मांड्रे अहिरवार सामज संघ जिला उपाध्यक्ष विजय पटेल जयस जिला अध्यक्ष रायसेन शिवराज बंसल सामाजिक कार्य कर्ता मनोज ठेकेदार, मनु प्रसाद ठेकेदार, प्रीतम सिंह अहिरवार , राजेश अहिरवार , जब तक सूरज चांद रहेगा तव तक अंबेडकर जी का नाम रहेगा। जय भीम जय संविधान नारे लगाते हुए तहसील पहुँच कर राष्टपति के नाम ज्ञापन सोपा।

### रोटरी क्लब का ग्रेटर विदिशा और अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के सहयोग से निशुल्क नेत्र रोग का लगाया गया शिविर

**केसरिया हिंदुस्तान नीरज दुबे**

रोटरी क्लब का ग्रेटर विदिशा और अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के सहयोग से निशुल्क नेत्र रोग निदान शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों का परीक्षण कराया। सेवा सदन की टीम द्वारा लोगो की आंखों का परीक्षण किया गया । जिन लोगों को किन्हीं कारणों से उन्हें कम दिखाई दे रहा है चिकित्सकों द्वारा उन्हें उचित परामर्श दिया गया। जिन लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत थी उन लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सेवा सदन बैरागढ़ में ले जाया जाएगा इस दौरान मरीजों की जांच , ऑपरेशन, लैंस प्रत्यारोपण, चश्मा, दवाइयां, आवास, भोजन और फल की निशुल्क व्यवस्था रहती है ।बताया गया कि रोटरी क्लब का ग्रेटर विदिशा के द्वारा हर 6 महीने में नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है यह सिविल सेवा सदन बैरागढ़ की तत्वाधान में आयोजित किया जाता है शिविर में आने वाले सभी लोगों का नित्य परीक्षण किया जाता है जिनका ऑपरेशन होना है उनको बस के द्वारा भोपाल लिया जाता है वहां के रुकने खाने पीने की व्यवस्था और उनका ऑपरेशन सब कुछ निशुल्क रहता है । उन्होंने बताया कि आज 300 से ज्यादा मरीजों की लोगों की रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और इनमें से लगभग 100 लोगो के मोतियाबिंद के ऑपरेशन होना है ।

### रायसेन वन विभाग की टीम ने 6 शिकारियों को मांस सहित पकड़ा



**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**





रायसेन। जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर ग्राम कुदवई में वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुऐ पेशेवर 6 शिकारियों को किसी वन्य प्राणी के कच्चे और पके मांस के बर्तनों में रखे हुए पकड़ा।बताया जा रहा है कि यह सभी आरोपी समर खान,ईशान खान, आबिद अली,उमर उद्दीन,अथर खान,बिलाल खान ये सभी आरोपी समर खान के फार्म हाउस कुदवई पर वन्य प्राणी का मांस खा रहे थे। उसी समय वन विभाग की टीम ने दविश देकर सभी को धर दबोचा। सभी आरोपियों के पास से वन विभाग की टीम को 56 जिंदा कारतूस मिले तो वही दो बंदूके भी मौके से जब्त की है।हम आपको यह बता दें कि वन विभाग की टीम ने बीती देर रात लगभग 3 बजे समर खान के फार्म हाउस कुदवई को घेराबंदी करके यह सभी 6 आरोपीयो को धरदबोच लिया ।सभी पेशेवर शिकारी भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन भागने में सफल नहीं हो सके और दबोच लिए गए।किसी वन्यप्राणी का ये शिकार करने के बाद मांस खाने की तैयारी कर रहे थे। वन विभाग ने आरोपियों के पास से कई किलो कच्चा मांस भी बरामद किया तो इनके पास से शिकार में उपयोग की गई मोटरसाइकिल सहित बंदूके भी जब्त की है। वन विभाग के एसडीओ सुधीर पटले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने बीती देर रात इस कार्रवाई को अंजाम दिया है सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।अपराध दर्ज कर लिया गया है।इन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**शिकारियों के पास से बंदूकें गायब**–राजधानी भोपाल से जुड़े यह सभी पेशेवर शिकारियों के पास से दूरबीन लगीं आधुनिक बंदूकें, सर्च लाइटें, रस्सी जीपों को जब्त नहीं किए जाने की चर्चाएं जोरों पर हैं।सूत्र बताते हैं कि यह पेशेवर शिकारी कुदवईके जंगल क्षेत्र के फार्म हाउस पर लंबे समय से सक्रीय थे।जो रात के अंधेरे में वन्य प्राणियों का शिकार कर अपनी गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देते थे।बताया जाता है कि वन महकमे के एक अधिकारी द्वारा मामले को रफादफा करने का लाखों रुपये का लेनदेन कर प्रयास किया गया है।इसकी चर्चा चौक चौराहों पर लोगों की जुबान पर है। रायसेन डीएफओ से फोन पर चर्चा करने की कोशिश की गई दो बार फोन लगाया फोन पर कोई जवाब नहीं मिला तब भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों से जब चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि इस बारे में अभी हमारे पास कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

# श्योपुर जिले में भाजपा का जिला अध्यक्ष नरेश धाकड़ को बनाया जाए.

.श्योपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर गतिविधियां शुरू हुई अपने सहयोगियों का समर्थन प्राप्त करने में जुटे दावेदार राष्टीय सह संगठन महामंत्री श्री शिव प्रकाश ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष चुनने के लिए क्राइटेरिया बताया. इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के पास क्षमतावान और विचारवान जिलाध्यक्ष होना चाहिए. हमारी पार्टी विचारों से चलती है, ऐसे में अध्यक्ष के अंदर अनुशासन का गुण भी होना चाहिए.राष्टीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को बताया कि ÷भाजपा संगठन एक पारिवारिक संगठन है. इसमें संविधान और इसकी धाराएं हैं लेकिन अंतिम समय में आवश्यकता पड़ती हैं तो इसे बदला भी जा सकता है. हमारा जो बूथ अध्यक्ष बने, उसे अपने साथ लेकर अध्यक्ष और विधायक कहें कि ये है हमारा बूथ अध्यक्ष. ऐसे कहते हुए हमारे गांव के लोगों को लगना चाहिए कि ये हमारे गांव के नरेंद्र मोदी हैं. इससे हमारे बूथ, मंडल और जिलाध्यक्ष स्थापित होते हैं.÷ हमें महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के बारे में भी विचार करना होगा. शिव प्रकाश ने कहा कि ÷जो जनजाति प्रभाग का जिला है, वहां जरुरी नहीं कि जनजाति वर्ग का ही अध्यक्ष हो. श्योपुर में 14 मंडल हैं, तो क्या हम उसमें संतुलन नहीं बैठा सकते. वहां महिला, अनुसूचित जाति, ट्राइबल और सामान्य कार्यकर्ता भी अध्यक्ष बना सकते हैं. इसका मतलब पार्टी को सजाना है जो एससी सीट है वहां सामान्य अध्यक्ष बनाओ. सामान्य पर अनुसूचित जाति के बारे में सोचो. ये जो संतुलन है इसको ध्यान में रखकर अपने संगठन को खड़ा करना है.÷

1 तकनीकी ज्ञान जरुरी

शिव प्रकाश ने कहा कि ÷टेक्नालॉजी के एक जानकार



कह रहे थे कि आने वाले 4 से 5 सालों में एआई से ही सबकुछ होगा. आप मोबाइल पर अपने अगले 10 दिनों के कार्यक्रम की लिस्ट डालेंगे, तो वो सेट होकर आ जाएगी. यदि आप 60 70 साल के आदमी को ढूढेंगे, तो वह टेक्नालॉजी से तारतम्य नहीं बिठा पाएगा. नया अध्यक्ष आता है , तो उसमें नई चीजों को स्वीकार करने की मानसिकता होती है. इसका मतलब किसी को आउट और इन करना नहीं है. हमें इससे यह सीख लेनी है कि आने वाले 25 से 30 सालों के लिए संगठन कैसे तैयार होगा.÷

**भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश धाकड़ को बनाया जाए-**

÷पूर्व जिला अध्यक्ष एवं श्योपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री सरदार गुलाब सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित,नरेश धाकड़ के पिताजी स्वर्गीय श्री जगदीश प्रसाद धाकड़ भाजपा के वरिष्ठ जनसंघ के नेता थे ग्वालियर राजघराने से अच्छे पारिवारिक दूसरी पीढ़ी के संबंध थे राजमाता सिंधिया इनको बैठा मानती थी 1977 में भाजपा की सरकार अल्पमत के कारण गिर गई तब श्री जगदीश प्रसाद धाकड़ का टिकट ग्वालियर महल से हुआ था श्री धाकड़ ने उसको स्वर्गीय श्री सरदार गुलाब सिंह जी के लिए समर्पण कर उनको विधायक बनाया, श्री धाकड़ जी के घर पर आए दिन पूर्व मुख्यमंत्री श्री कैलाश जोशी जी, श्री सुंदरलाल पटवा जी, सांसद श्री हुकुमचंद कछुवाई जी, श्री छविराम अर्गल जी, मुंशीलाल जी राजगढ़ सांसद श्री रोडमल जी नागर का आगमन हुआ करता था। सांसद रायसेन एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह चौधरी जी ने भी श्री धाकड़ जी के साथ किसानों के हित में कुछ समय काम किया 1988 में श्रीमती राजमाता सिंधिया जी के द्वारा इनका टिकट फाइनल किया जा रहा था लेकिन 10 मिनट पूर्व यह टिकट डबरा बालासाहेब देवरस जी के आगमन पर उनके द्वारा श्री रमाशंकर भारद्वाज जी को दिया गया वह चुनाव हार गए उसके बाद श्री धाकड़ जी समाज सेवा के कार्य में जुट गए उनके द्वारा लाए गए युवा नेता आज भी श्री गोपाल आचार्य एवं श्री महावीर सिंह सिसोदिया सक्रिय राजनीति में उपस्थित है हो सकता है आने वाले समय में विधायक भी बन जाए दुर्गा लाल विजय एवं कैलाश नारायण गुप्ता ने भी पार्टी मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनके पुत्र नरेश धाकड़ मिडिया प्रभारी भाजपा जिला श्योपुर मैं जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं यह उनके परिवार की दूसरी पीढ़ी है जो भाजपा के लिए समर्पण भाव से काम कर रहे हैं नरेश धाकड़ 18 घंटे मीडिया सोशल मीडिया एवं पार्टी के हर कार्यक्रम में काम कर रहे हैं उनकी काम की पहचान प्रत्येक कार्यकर्ता एवं नेता को है नरेश धाकड़ वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवा का भी कार्य करते हैं

## द्विवर्षीय कार्य समिति चुनाव में बराबर की स्थिति 5 प्रतिरक्षा मजदूर संघ के 5 प्रगतिशील कर्मचारी मोर्चा



**राजेंद्र खरे कटनी**

आयुध निर्माणी कटनी में द्विवर्षीय कार्यकाल के कार्य समिति सदस्य चुनाव 21 दिसंबर शनिवार को संपन्न हुये। जिसके लिए ऑर्डिनेंस फैक्ट्री प्रतिरक्षा मजदूर संघ के 10 प्रत्याशी, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मचारी यूनियन एवं मजदूर संघ मिलकर प्रगतिशील मोर्चा नाम से 10 प्रत्याशी, लेबर यूनियन के 10 प्रत्याशी, कुल 30 प्रत्याशी, मैदान में थे सुबह 9ः00 से शुरू हुआ मतदान दोपहर 3ः00 बजे समाप्त हुआ तत्पश्चात 7ः00 बजे से मतों की गणना प्रारंभ हुई। कुल तीस प्रत्याशियों में मैरिड आधार पर 10 प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया जाना था जिसमें सर्वश्री अंशुल तिवारी, देवेंद्र कुमार पाढी, पीतांबर सेतपाल, मनीष तिवारी, मनोज कुमार निगम, राजेश कुमार तिवारी, नरेंद्र भारत, यादोराव लोखंडे, जितेंद्र सिंह, रजनीश कुमार शर्मा, विजय घोषित किए गए। विजय 10 प्रत्याशियों में पांच प्रगतिशील कर्मचारी मोर्चा एवं पांच ऑर्डिनेंस फैक्ट्री प्रतिरक्षा मजदूर संघ के सदस्य हैं।

कटनी जिले के विकास हेतु हर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले संघर्षशील विभिन्न सामाजिक संस्थाओ के पदाधिकारी समाजसेवी मनोज निगम के लगातार 10वीं बार विजयी होने पर सामाजिक संस्थाओं बारडोली उत्सव समिति, जिला जन अधिकार मंच, श्री राम सेवा समिति, दशहरा महोत्सव मंच, मानसरोवर समिति, श्री चित्रगुप्त पूजन समारोह समिति, आदि के पदाधिकारियों ने श्री निगम के साथ-साथ सभी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की है। नई कार्य समिति का गठन 5 जनवरी 2025 को किया जावेगा।

## बैतूल में संपन्न हुआ 16वां बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन, 245 ने दिया परिचय

**पंचशील बुद्ध विहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान**




### विधायक हेमंत खंडेलवाल ने दी पंचशील बुद्ध विहार सुसज्जित बनाने की घोषणा

### कमल घोघरकर ने समाज सेवा के लिए दिया 50 हजार का योगदान

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान शिबू विश्वकर्मा**
**9425623908**

बैतूल। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) जिला शाखा बैतूल द्वारा 16वां बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह एवं पारिवारिक मिलन समारोह पंचशील बुद्ध विहार सदर, बैतूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 245 युवक-युवतियों ने पंजीयन कर मंच से अपना परिचय दिया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच पर पूज्य भंते नागदीपांकर महाथेरो, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के ट्रस्टी चेयरमैन डॉ. चंद्रबोधी पाटील, शंकरराव डेंगरे, चिंतामन पगारे, संदीप पाटिल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**245 युवक-युवतियों ने मंच से दिया परिचय**–कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय देकर एक-दूसरे को पसंद करने की प्रक्रिया शुरू की। ट्रस्टी चेयरमैन डॉ. चंद्रबोधी पाटील ने कहा कि यह मंच युवाओं को एक-दूसरे को समझने और जीवनसाथी चुनने का मौका प्रदान करता है। धम्म देशना देते हुए पूज्य भंते नागदीपांकर महाथेरो ने समाज में शांति और समानता का संदेश दिया। डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत की महिलाओं को संवैधानिक अधिकार देकर उन्हें बराबरी का स्थान दिलाया। डॉ. चंद्रबोधी पाटिल ने भगवान बुद्ध के अत्त दीपो भव के संदेश का महत्व समझाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन का दीपक स्वयं बनना चाहिए।अशोका ट्रस्ट के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बैतूल की पहली महिला ऑटो चालक वंदना निरापुरे और लावण्या मांडवे को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के संयोजक कमल घोघरकर ने पंचशील बुद्ध विहार को सुसज्जित करने के लिए 50 हजार रुपये का चेक भेंट किया। उन्होंने बाबा साहेब के पे बैक टू सोसाइटी के विचार को साकार करने की प्रेरणा दी।

**विधायक ने दी पंचशील बुद्ध विहार को विकसित करने की घोषणा**–बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने पंचशील बुद्ध विहार (आंबेडकर भवन) को सुसज्जित करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने महिलाओं को बाबा साहेब द्वारा दिए गए अधिकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज महिलाएं उनके योगदान के लिए हमेशा ऋणी रहेंगी।।मंच संचालन अशोक निरापुरे, कमलेश उबनारे, वंदना झरबड़े और गीता नागले ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राजेश भूमरकर ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसायटी के पदाधिकारियों, महिला-पुरुषों और विकासखंड के विभिन्न संगठनों ने अपना योगदान दिया।

## पुनासा रोड स्थित संकीर्ण रेलवे क्रॉसिंग के आसपास भूमि का सीमांकन कर चक्काजाम की समस्या का समाधान किया जाये इस सम्बंध में रेलमंत्री के नाम एक ज्ञापन रेलवे स्टेशन अधीक्षक को सौंपा




**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-पुनासा रोड स्थित संकीर्ण रेलवे क्रॉसिंग के आसपास भूमि का सीमांकन कर चक्काजाम की समस्या का समाधान किया जाए। सनावद-खंडवा मेमू ट्रेन को भुसावल तक नियमित चलाया जाए। सनावद विकास संघर्ष समिति ने यह मांग रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की है। इस तारतम्य में रविवार को समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंत्री के नाम एक ज्ञापन रेलवे स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। समिति के सदस्यों ने बताया कि ब्रॉडगेज रेलवे लाइन पर ओंकारेश्वर की तरफ रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इस ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद रेल प्रशासन द्वारा पुनासा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग को बंद किया जाएगा। ऐसी स्थिति में रेलवे क्रॉसिंग के आसपास मौजूद आवासीय बस्तियों के लोगों को पांच किमी का लंबा चक्कर लगाकर नए रेलवे ओवर ब्रिज के द्वारा सनावद नगर पहुंचना पड़ेगा।इस कारण रेलवे क्रॉसिंग के आसपास के व्यापारियों,विद्यार्थियों और कामकाजी श्रमिकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि वर्तमान रेलवे क्रॉसिंग को साइकिल, बाइक,कार,रिक्शा और टेंपो आदि छोटे वाहनों के आवागमन के लिए कायम रखा जाए और रेलवे क्रॉसिंग से हैवी व्हीकल के आवागमन को रोकने हेतु बेरीकेट्स लगा दिए जाएं।ज्ञापन में मांग की गई है कि वर्तमान में सनावद और खंडवा के बीच सप्ताह में पांच दिन संचालित की जा रही मेमू ट्रेन को भुसावल तक बढ़ाया जाए और पूरे सप्ताह भर दो फेरों में चलाया जाए। इससे महाराष्ट्र और दक्षिण भारत की ओर से ओंकारेश्वर आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी और रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा। ज्ञापन में यह मांग भी की गई है कि मेमू ट्रेन की जगह पूर्वानुसार सामान्य दर्जे की ट्रेन चलाई जाए। ताकि यात्री कम किराए में यात्रा कर सकें। वर्तमान में मेमू ट्रेन से 12 किमी तक यात्रा करने पर रेल यात्रियों 45 रु किराया देना पड़ रहा है। जबकि बस से 12 किमी का सफर करने पर मात्र 18 रु किराया देना पड़ता है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान समिति के डॉ.राजेंद्र पलोड़,पूर्व पार्षद आराधना चौहान, ओम बंसल,सुनील माली,अनिल बारे,राकेश गहलोत,धीरेंद्रसिंह सोलंकी,भूपेंद्र चतुर्वेदी, अशोक कुमार सिंह,अमित अत्रे,राहुल तिरोले,आयुष वर्मा,अभिषेक मालाकार,पवन देवानी,शशांक चौहान,लक्ष्मीकांत राठी आदि उपस्थित थे।

## घोटा परिवार रामपुरा के सौजन्य से विशाल नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**केसरिया हिंदुस्तान रामकरण सूर्यवंशी**







रामपुरा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर की सेवाभावी सामाजिक संस्था एलायंस क्लब रामपुरा के तत्वाधान में एवं घोटा परिवार के सौजन्य से रविवार को सुबह 10ः00 बजे दोप 2 बजे तक विशाल एवं निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सिविल हॉस्पिटल रामपुरा में आयोजित किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में शिविर के आयोजक घोटा परिवार के पित्र पुरुष नंदलाल जी घोटा एवं हजारीलाल जी घोटा के चित्र पर माल्यार्पण कर मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके पश्चात एलायंस क्लब के सदस्यों द्वारा आयोजक परिवार एवं सिविल हॉस्पिटल रामपुरा के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रमोद पाटीदार एवं गोमाबाई नेत्रालय के टीम का पुष्पहार से सम्मान किया गया तत्पश्चात शिविर में आए लगभग 500 मरीज का पंजीयन कर विभिन्न नेत्र संबंधित रोग मोतियाबिंद परदा कालापानी नासूर चश्मे की जांच एवं अन्य नेत्र संबंधी रोगों का का इलाज कर दवाई का वितरण किया गया एवं ऑपरेशन योग्य नेत्र रोगियों की ब्लड प्रेशर शुगर टेंशन एवं विभिन्न जांच कर ऑपरेशन के लिए चयनित 190 मरीजो के साथ उनके एक सहयोगी को गोमाबाई नेत्रालय लाने ले जाने की व्यवस्था क्लब के माध्यम से निशुल्क की जाएगी जहां सभी नेत्र रोगियो का मोतियाबिंद एवं लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन गोमाबाई नेत्रालय नीमच में किया जाएगा ऑपरेशन पश्चात प्रथम प्रशिक्षण एक सप्ताह बाद एवं द्वितीय प्रशिक्षण एक माह के बाद जैन मंदिर परिसर रामपुरा में किया जाएगा ऑपरेशन पश्चात नजर के चश्मे एवं दवाई गोली गोमाबाई नेत्रालय नीमच द्वारा निशुल्क प्रदान किए जाएंगे एलायंस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप कर्नावट ने बताया कि रामपुरा नेत्र शिविर को लेकर बहुत पुरानी परंपरा है एवं क्लब के माध्यम आज भी उसे परंपरा का निर्वहन अनवरत जारी है नेत्र शिविर के दौरान अनेको समाजसेवी नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार गण शासकीय सेवक नवोदय विद्यालय के स्काउट के छात्र एवं क्लब के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा कार्यक्रम का सफल संचालन एलायंस क्लब के सचिव संदीप सोनी द्वारा किया गया

# RTI कानून की अनदेखी: घोरबई पंचायत में भष्ट्राचार उजागर करने से बचने के लिए सचिव व अन्य अधिकारी लगा रहे बहाने

**भूपेश सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मैहर। घोरबई पंचायत के सचिव द्वारा आरटीआई अधिनियम का पालन न करना भ्रष्टाचार की पोल खोलने से बचने का एक बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक आरटीआई आवेदन के जवाब में अब तक लगभग 30 दिन बीतने के बावजूद किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि घोरबई पंचायत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।सूत्रों के अनुसार, सचिव, सरपंच, उपयंत्री और सीईओ जैसे अधिकारियों का एक सिंडिकेट बना हुआ है, जो शिकायतों और आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारियों को दबाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आरोप हैं कि पंचायत सचिव आरटीआई के तहत जानकारी न देने के लिए नए-नए **बहाने बनाते हैं आवेदक ने उठाई आवाज**-आरटीआई आवेदनकर्ता का कहना है कि पंचायत सचिव द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जानकारी जल्द उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वह उच्च अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराएंगे और जरूरत पड़ने पर एफआईआर की मांग करेंगे।

**प्रशासन पर उठे सवाल**-पंचायत में हो रहे इस प्रकार के भ्रष्टाचार से ग्रामीणों का विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था पर से उठता जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई करेगा, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा रह जाएगा।

आरटीआई अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया था, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं इसकी उपयोगिता पर सवाल खड़ा करती हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर क्या कार्रवाई करता है।

# आदिवासी विकासखंड के प्राचार्यों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अन्य विषयों पर चर्चा के लिये शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में बैठक संपन्न

**(छिंदवाड़ा संवाददाता मारुति लाल विश्वकर्मा)**
**मो 9302168920**

छिन्ड़दवाड़ा/23 दिसंबर 2024/कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशों के परिपालन में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम की अध्यक्षता में आदिवासी विकासखंड के प्राचार्यों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अन्य विषयों पर चर्चा के लिये बैठक का आयोजन आज शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में किया गया। जिसमें सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर प्राचार्यों से चर्चा की गई एवं दिशा-निर्देश दिए गए। सभी संस्था प्रमुख वार्षिक परीक्षा 2024-25 को ध्यान में रखते हुए संस्था में प्रातः 9:30 बजे उपस्थित होकर छात्रों एवं सभी स्टाफ की उपस्थिति को सुनिश्चित करें। जिससे कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम आदिवासी विकासखंड के सभी विद्यालयों में 75 प्रतिशत से अधिक रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि संपूर्ण पाठ्यक्रम 31 दिसंबर 2024 तक पूर्ण कर कठिन प्रश्नों को शिक्षकों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पुनः हल करवाएं। सभी प्राचार्य मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें एवं अपने अधीनस्थ स्टाफ को भी इस बात से अवगत कराए।

बैठक के बाद सभी शैक्षणिक स्टाफ की बैठक लेकर सहायक आयुक्त श्री मरकाम द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराया गया। प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, व्यावसायिक पाठ्यक्रम का नियमानुसार विधिवत संचालन किया जाये। सी.एम.राईज विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं पीएम श्री विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहना अनिवार्य है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए मॉड्यूल, वन लाइनर प्रश्न आदि को छात्रों को वितरित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कक्षा बारहवीं में जेईई मेंस एवं नीट की कक्षाओं का संचालन किया जाये एवं सभी छात्रों का परीक्षा फॉर्म भरना अनिवार्य है।

## हस्तशिल्प प्रदर्शिनी और तेजस्वी विक्रय केंद्र में इस वर्ष बालरंग 2024 समारोह का द्वितीय दिवस हर्ष उल्लास के साथ शुरु हुआ



**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854**

भोपाल ।। शिक्षा विभाग के आयुक्त श्रीमती शिल्पा गुप्ता द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं तेजस्वी विक्रय केंद्र में विद्यार्थियों के स्वनिर्मित आइडिया देखे एवं उनको प्रोत्साहित किया।तेजस्वी विक्रय केंद्र में तेजस दर्पण पत्रिका का विमोचन किया गया जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का प्रयासों की कहानियां अनुमोदित की गई है।साथ ही वरिष्ठ कलाकारों द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शिनी का जजमेंट किया गया जहां प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया गया।जहां 18 स्टॉल हस्तशिल्प प्रदर्शनी के एवं 16 तेजस्वी विक्रय केंद्र बाल रंग के आकर्षण बिंदु के केंद्र बने हुए है।विद्यालयीन छात्र - छात्राओं में निहित सृजनात्मकता को नया आयाम उपलब्ध कराते हुए विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा स्वनिर्मित क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा स्वनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड,डेकोरेटिव दिए ,डेकोरेटिव मटकी,फ्लावर पॉट ,लिपन आर्ट,पेन स्टैंड,वाल डेकोरेटिव रिंग ,मूर्तियाँ ,ज्वेलरी,झूमर,लिड़ाफे,पेंटिंग,की-चैन ,जूटबैग ,बासुरी ,चूड़ियाँ,फैब्रिक सामग्री ,मक्रेम बैग आदि प्रदर्शित किए जा रहे है एवं विद्यार्थी द्वारा गोंड पेंटिंग,स्टोन आर्ट ,हेंडीक्राफ्ट डेकोरेटिव आइटम ,आर्गेनिक खाद , नोटबुक , हर्बल सॉप,इत्यादि स्टाल के आकर्षण के केंद्र बिंदु है जहां विद्यार्थियों ने बहुत से समान विक्रय किए।इस प्रदर्शनी की संयोजक श्रीमती रत्ना वाधवानी क्षेत्रीय ग्रंथपाल शासकीय मौलाना आज़ाद केंद्रीय पुस्तकालय भोपाल है तथा सहयोगी के रूप तेजस्वी टीम से ममता गुप्ता, मंजू गर्ग, प्रियंक वर्मा, पूजा त्रिपाठी है।

# पंजाब और हरियाणा जैसी आर्थिक समृद्धि बुंदेलखंड में आ जाएगी-सांसद दमोह श्री सिंह

**सिंचाई का लक्ष्य एक करोड़ हेक्टर की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है-विधायक श्री मलैया**

**योजना हमारे पूरे बुंदेलखंड को पानी से खुशियों की लहर बनेगी और करेगी- पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ कुसमरिया**

**केन-बेतवा लिंक परियोजना समीक्षा बैठक सम्पन्न, दिए गये दिशा-निर्देश**

**केन-बेतवा लिंक पयियोजना से हटा एवं पटेरा के 266 ग्राम लाभान्वित होंगे**

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



दमोह - सांसद दमोह राहुल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केन-बेतवा लिंक परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सांसद श्री लोधी ने कहा अटल बिहारी वाजपेई जी ने नदी जोड़ो अभियान को लेकर जो संकल्प लिया था उस संकल्प को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी साकार करने वाले हैं। 25 दिसंबर को केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास होने वाला है, यह हमारे संपूर्ण बुंदेलखंड को आर्थिक रूप से समृद्ध करेगा। आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी का आगमन खजुराहो में हो रहा है, व्यवस्थित रूप से यहां के लोग खजुराहो पहुंचेगें और व्यवस्थित रूप से उनकी वापसी हो जाए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे सांसद श्री लोधी ने कहा दमोह जिले के हटा और पटेरा मंडल के 266 गांव शामिल है, बुंदेलखंड की जमीन पर खेती इसलिए नहीं हो पाती थी क्योंकि पानी नहीं था, जब यह परियोजना तैयार होगी और पानी पहुंचेगा तब पंजाब और हरियाणा से ज्यादा आर्थिक समृद्धि बुंदेलखंड में आ जाएगी। पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कह

# गांव गांव हो रही है पैकारी, लाचार है आबकारी विभाग शराब ठेकेदारों ने कर रखी है सेटिंग

## निर्धारित समय के बाद भी खुली रहती है शराब की दुकान

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

हनुमना - मऊगंज जिले के शराब माफियाओं के द्वारा निर्धारित दुकानो से शराब की सीमित बिक्री और कम मुनाफा के चलते ठेकेदारो की ओर से ठेकेदारो ने अपने अपने क्षेत्रो पर पुराने ठेकेदारो के नक्शे कदम पर चलते हुये गांव-गांव अवैध पैकारियां चलाने वालो को और गांव तक शराब स्कूटी व अन्य गाडियों के माध्यम से बेचने की सुविधा दे दी है। हालांकि आबकारी विभाग और पुलिस को सब पता है कि किस किस गांव मे कौन कौन अवैध शराब बेचने के धंधे मे लगा है। बावजूद इसके उन पर नही बल्कि अन्य किसी के द्वारा अवैध बिक्री किये जाने पर कार्यवाही की जाती है दूसरी ओर लगभग प्रतिदिन आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम तो हो रहे हैं जिससे पुलिस के रिकार्ड मे कार्यवाही के आंकड़े तो पूरे हो रहे हैं, लेकिन वास्तविकता मे अवैध शराब बिक्री रोकने का मकसद पूरा नही हो पा रहा है।हनुमना नगर सहित आसपास के 80 फीसदी गांवों में शराब ठेकेदारो द्वारा अवैध रूप से बिना रोक-टोक शराब बेची जा रही है। शराब ठेकेदार ने बाकायदा अपने खास लोगों के घर तक शराब पहुंचाने के लिये मोटरसाइकिल व बोलेरो के माध्यमों से भिजवाता है। जब जिसकों जिह जगह पर शराब चाहिए, स्थानीय कुछ खास लोगों के द्वारा वहां तक पहुंचा दिया जाता है। गांवों की स्थिति यह है कि गांव वालों को पानी की तलाश में मीलों भटकना पड़ता है पर मदिरा प्रेमी को गाँव में ही बिना मशक्कत किये शराब उपलब्ध हो जाती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अवैध रूप से एक लाइसेंस पर गांव-गांव में संचालित की जा रही शराब बेचने वालो ने गांवों का माहौल पूरी तरह से दूषित कर दिया है वही




बेरोकटोक शराब दुकान निर्धारित समय के बाद 11:30 बजे तक शटर हमेशा खुला ही रहता है। वर्तमान शराब ठेकेदारो ने अपनी जड़ मजबूत करते हुये आबकारी विभाग को अपने चंगुल फांस लिया है जिससे उनके जाल मे नोट फंसने के बाद चुपचाप बैठकर तमाशा देखते रहते हैं। इसका कारण है कि आबकारी विभाग के सुस्त व लुंज पुंज होने की वजह से अब नये ठेकेदार बराबर सेटिंग बिठाने मे कामयाब हो गये हैं।

**मिल रहा मोटा सुविधा शुल्क**-गांवों में शराब के कारण दिनों दिन अपराधों में वृद्धि हो रही है, हनुमना मे शराब के नशे मे कई अपराध भी हो जाते है या असामाजिक कृत्य हो जाते है शराब ठेकेदार द्वारा आसानी से गांव गांव तक शराब उपलब्ध कराकर भोले-भाले ग्रामीण को शराब की लत में जकड़ते जा रहे हैं। शायद ही कोई ऐसा गांव होगा जहां अवैध रूप से शराब नहीं बेची जा रही है। ऐसा नहीं कि पुलिस इस कारोबार से अंजान हो, बल्कि सारी जानकारियां होते हुए भी मोटे सुविधा शुल्क के एवज में इस कारोबार को अनदेखा कर रही है।

**ठेकेदारों ने जमाई जड़ें**-पुराने ठेकेदारो के नक्शे कदम पर चलते हुये गांव गांव अवैध पैकारियां चलाने वालो को शराब बेचने की हर सुविधा दी जाती है। हालांकि आबकारी व पुलिस को पता है कि किस गांव मे कौन अवैध शराब बिक्री मे लिप्त है इसके बावजूद उस पर नही बल्कि अन्य किसी के द्वारा अवैध बिक्री किये जाने पर कार्यवाही की जा रही है। दुकानो की ओर से गांव गांव अवैध पैकारियों की बाकायदे पुलिस व आबकारी के पास लिस्ट होती है। शराब ठेकेदार की पैकारियों के अलावा किसी और ने अवैध शराब बिक्री जैसे शुरू की गई तो उस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है।

**बिना डर भय के होता अवैध परिवहन**-दारू कम्पनी कई ठेकेदारों द्वारा गांव-गांव तक शराब पहुंचाने के लिए पुलिस की सांठ-गांठ से जीपों से दिनदहाड़े परिवहन कराया जा रहा है। वहीं नगर के अवैध पैकारी करने वाले लोगों द्वारा बाईक से घर पंहुच सेवा प्रदाय की जा रही है।

**फसाद की जड़ बन रही शराब**-पुलिस की मिलीभगत से गांवों में चल रही अवैध शराब की बिक्री से कस्बों एवं छोटे-छोटे गांवों का माहौल दूषित हो रहा है। अवैध रूप से बेची जा रही शराब फसाद, लड़ाई, झगड़ों की जड़ बन चुकी है वही अवैध पैकारियों के चलते नशे का कारोबार बढ़ रहा है। युवाओ सहित बड़े बुजुर्ग तक नशे की लत मे पड़कर घरो मे कलहपूर्ण स्थिति निर्मित कर रहे हैं।

**दिखावे के लिए अभियान**-विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा जब भी अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाया जाता है तो स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग के बीट प्रभारी द्वारा खाना पूर्ति के लिए फर्जी तरीके से छोटे-मोटे प्रकरण बना दिए जाते हैं। शराब माफियाओं तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाते हैं।

**आधी रात को भी मिलती है शराब**-दुकानदार टाइम के बाद अलग कमरों में शराब बेच रहे हैं। इतना ही नहीं, बेबाकी से बोल भी रहे हैं कि गोरखधंधे की मोटी कमाई का हिस्सा अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है। कई ढाबों और होटलों में आधी रात को आसानी से शराब मिल रही है। बिक्री का समय तय होने के बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रदेश भर में शराब नीति लागू करने वाले मुख्यालय पर ही ये हाल है। सरकार को राजस्व हानि हो रही है तो शराब माफिया को भी शह मिल रही है। शराब पिलाने होटलों में बनाए स्पेशल कमरे, देर रात परोसी जाती है। देर रात शराब के शौकीनों को भरोसा दिलाया जाता है कि पुलिस कार्रवाई नहीं होगी।

## लत्ता लपेटी मे हो गया नगर परिषद रामनगर में पीसीसी रोड का निर्माण।

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

नगर परिषद रामनगर के वार्ड नं 03 में क़ब्रिस्तान के बगल वाली रोड निर्माण का कार्य लत्ता लपेटी मे हो गया।सीआरएम के नाम पर 12 स्र्कूगिट्टी के साथ डस्ट पर पड़ा चल रोलर सीआरएम की हुई प्रक्रिया पूरी। 40 स्र्कूबेस में सीमेंट के साथ बारीक डस्ट पर चलता रहा काम जुम्मेवार तंत्र का मिलता रहा संरक्षण जुम्मेवार अधिकारी के बिना उपस्थित में चलता रहा निर्माण।20स्र्कूमिट्टी की ढलाई पर नही चला बाइब्रेटर मजबूती निर्माण कायाकल्प की रोड पर लगा दिए चार चांद ठेकेदार प्रेम शंकर जयसवाल की रही चादी।आय से सैकड़ों गुना सम्पत्ति की ग्रोथ पर है नगर परिषद रामनगर के कर्मचारी प्रतिशत परसेंटेज में आकलन का है पूरा मापदण्ड। रामनगर अध्यक्ष दीपा मिश्रा का है वार्ड इसी वार्ड से है पार्षद चुने जाने पर सुनीता पटेल के बाद बनी है अध्यक्ष क्या रोड की होगी जांच या ठेकेदार को हो जाएगा पूरा भुगतान। ये तो तारीखों पर है निर्धारित। रामनगर के जिला मुख्यालय मैहर में लोकायुक्त की दबिश पर है दबिश राजस्व विभाग, एमपीवी विभाग, नगर निकाय विभाग पर रही दबिश।

## किसान ने खेत पर लगाई फांसी: जमीन के विवाद को लेकर था परेशान, पुलिस को तलाशी के दौरान मिला सुसाइड नोट

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह**



टीकमगढ़ जिले की मोहनगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत केशवगढ़ में रविवार को एक किसान ने खेत पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के कपड़ों को तलाशी ली गई। इस दौरान पुलिस को उसके पैंट की जेब से सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी
केशवगढ़ पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन ने बताया
÷ गांव के अखिल यादव (40) का शव आज दोपहर उनके खेत पर पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने तुरंत घटना की जानकारी मोहनगढ़ थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान मृतक के कपड़ों की तलाशी ली गई। उसके पेंट की जेब से जमीन के कागजात और सुसाइड नोट मिला है। जिसमें मृतक ने गांव के कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद मृतक के शव को अस्पताल भेजा। मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू की गई है। फिलहाल परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ चल रही है।मृतक के परिवार वालों का कहना है कि 40 डिसमिल जमीन को लेकर कछ दिनों से विवाद चल रहा था। इसी
बात को लेकर अखिल परेशान था। जमीन के विवाद को लेकर अखिल ने जतारा एसडीएम दफ्तर में अपील की थी।
मोहनगढ़ थाना प्रभारी ब्रजेंद्र घोष ने बताया कि मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें कुछ लोगों पर धमकी देने के आरोप लगाए हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## मान्यता के लिए निजी स्कूल आज 23 दिसंबर से कर सकेंगे आवेदन

**राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी की गाइडलाइन**



बैतूल। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा सत्र 2025-26 के लिए जिले में संचालित कक्षा एक से 8वी तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए आज 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला शिक्षा केंद्र जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र कुमार भनारिया ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है। इसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटाग्राफ तथा दस्तावेज जियो टैग के माध्यम से अपलोड करते हुये मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे। जिन स्कूलों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे स्कूल समय-सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे। साथ ही यदि कोई स्कूल कक्षा में वृद्धि करना चाहता है तो वह भी नवीनीकरण के लिये आवेदन कर सकता है। मान्यता नवीनीकरण के लिये जो अशासकीय स्कूलों समय सीमा में आवेदन नहीं करते है, तो वह आगामी सत्र में स्कूल संचालन के लिए पात्र नही होंगे।

## ओबीसी महासभा सामाजिक न्याय यात्रा के 23 दिसंबर को भोपाल आगमन की तैयारी को लेकर बैरसिया अम्बेडकर पार्क में मीटिंग संपन्न



**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854**

बैरसिया।। ओबीसी महासभा के द्वारा 16 दिसंबर से टीकागढ़ से शुरू हुई यात्रा 23 दिसंबर को दीवानगंज ,सूखी सेवनिया से होते हुए भोपाल पहुंचेगी जो विभिन्न मुद्दों को लेकर ओबीसी महासभा के जातिगत जनगणना ओबीसी के संख्यानुपात में हिस्सेदारी एवं किसानों की फसलों की द्वह्यश्च पिछड़ा वर्ग के न्यायपालिका,कार्यपालिका, विधायिका ,पंचायत त्रिस्तरीय चुनाव में 51 प्रतिशत आरक्षण एवं सभी नियुक्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड हटाने पिछड़ावर्ग के बैकलॉग पदों की भर्ती ओबीसी वर्ग की छात्रवृत्ति को लेकर आज ओबीसी महासभा भोपाल कार्यकारिणी के द्वारा बैरसिया नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बैठक शुरू कर यात्रा की रूपरेखा ओर तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से पुरूषोतम लोधी,हुकुम सिंह पटेल, आराम सिंह गुर्जर, राजकुमार कुशवाह,देव कुमार,विजय पटेल,वीरेंद्र कुशवाह,सुनील कुशवाह उपस्थित रहे।

# शबास शहडोल पुलिस ! अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा, 6 गिरफ्तार 53 लाख का मशरूका हुआ जप्त

**बेडरूम में रखी आलमारी को बनाते थे निशाना, सीसीटीवी से मिला सुराग बीस से अधिक चोरियों का खुलासा**

**नवागत पुलिस कप्तान की नई तकनीक और पुलिसिंग की नई पद्धति रंग लाई और 8 महीने से हो रही चोरियों का अंततः पुलिस ने खुलासा किया सातिर चोरो ने चोरी का कोई सुराग नहीं छोरा था फिर भी देर आये दुरूस्त आये की तर्ज पर इस सानदार कार्यवाही की मुक्त कंठ से प्रषंसा की जा रही है इस दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में कप्तान रामजी श्रीवास्तव ने दो मुख्य बिन्दु पहला यह कि चोरो द्वारा सूने घरो के बेडरूम में रखी आलमारी को ही निषाना बनाया जाता था इसलिए घर खाली रहने पर कीमती समान को आलमारी में रखने से गुरेज करे एवं आपका सीसीटीव्ही कैमरा आपके घर के साथ-साथ पड़ोसी और मुहल्ले को भी चोरी से बचाता है इस हेतु बजट हो तो सीसीटीव्ही अवष्य लगवाये का संदेष दिया। मार्च से अबतक बीस घरो में हुई चोरी का खुलासा हुआ सोने, चांदी के जेवरात सहित 53 लाख का मसरूका जप्त हुआ 6 आरोपी गिरफ्तार हुए छ.ग. का हिस्ट्री सीटर सातिर चोर दुर्गेस भी पुलिस के हथ्थे चड़ा।**

गजेन्द्र परिहार

शहडोल। मार्च 2024 से कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत रात्रि में चोरों द्वारा सूने घरों में ताला तोड़ कर 20 चोरियों की गई जिसमें मंगलसूत्र, सोने की रिंग, कान की लटकन, चांदी की पायल, अंगूठी, पाजेब, सोने चांदी की सिक्के, नाक की कील, सोने की लाकिट एवं नगदी राशि चोरी की गई थी। प्रायः सभी चोरियों का पेर्टन एक जैसा था सूने घरों को चोर निषाना बना रहे थे घर में लगे सीसीटीव्ही से भी बचने का तरीका इन्होंने खोज निकाला था लेकिन चोरों की फूटी किस्मत शहडोल की कमान अपनी पुलिसिंग के लिए ख्याति प्राप्त कप्तान रामजी श्रीवास्तव को मिली तो घरों के कैमरे के स्थान पर मौहल्ले और गलियों के कैमरे खंगाले जाने लगे फिर मिला पुलिस को चोरी का सुराग और कुषल मार्गदर्षन में पुलिस ने इस गुत्थी को सुलझाया। प्रभार लेने के बाद पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा चोरियों की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं विगत वर्ष में हुई चोरियों के खुलासे के लिये समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया जिसके तारतम्य में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय






शहडोल एवं थाना प्रभारी कोतवाली एवं उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया।

### फिल्मी स्टाइल में कर रहे थे चोरी-

चोर कितना भी शातिर क्यों न हो कोई न कोई सुराग छोड़ ही जाता है जरूरत होती है बस सुराग तक पहुंचने वाली तेज नजरों की सीएमपीडीआइ कैम्प निवासी बिलासपुर का पुराना हिस्ट्री सीटर चोर दुर्गेश नाई उर्फ मोटू नाई पिता स्व.शंभू नाई उम्र 40 साल जो शहडोल में अपने मित्र के यहा रहकर फिल्मी तर्ज पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था उसे यह लगता था कि वह बहुत शातिर है उसने किसी प्रकार के सुराग नहीं छोड़े लेकिन शहडोल पुलिस ने बाल की खाल निकाल कर अंततः उसे दबोच ही लिया। प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया हब टीम से बातचीत के दौरान पुलिस कप्तान ने बताया कि शातिर चोरो ने चोरी के कोई सुराग नहीं छोड़े थे मुख्य आरोपी दुर्गेश नाई द्वारा अधिकांश चोरी की घटनाएं अकेला तथा कुछ घटनाए अपने साथियों के साथ अंजाम देता था एवं चोरी के माल को अपने बहन ऊषा गोड़ एवं भांजे अर्जुन गोड़ को शहडोल, बुड़ार, अमलाई रेल्वे स्टेशन के आस पास बुलाकर दे देता था। दुर्गेश की बहन ऊषा चोरी की संपत्ति को दुर्गेश नाई की पत्नी पुष्पा नाई को देती थी पुष्पा चोरी के जेवरात स्वयं, मनीष एवं उषा के द्वारा जबलपुर ले जाकर सूरज सोनी को देती थी सूरज सोने चांदी के जेवर को बेचकर प्राप्त राशि पुष्पा एवं मनीष को नगद एवं खाते में ट्रान्सफर कर देता था। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा थाना सोहागपुर में चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। कुल मिला कर 6 आरोपी दुर्गेश, सूरज, पुष्पा, उषा, मनीष, अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया कि मुख्य आरोपी दुर्गेश के मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों, छत्तीसगढ के बिलासपुर, जंजागीर चांपा एवं उड़ीसा में पूर्व से 25 से अधिक अपराध पंजीबध्द है।

### 53 लाख का मशरूका जप्त

उक्त कार्यवाही में पुलिस ने कुल 270 ग्राम सोना कीमत करीबन 21 लाख रुपये, 02 किलो चांदी कीमत करीबन 2 लाख रुपये, एक बेलेनो कार कीमत करीबन 10 लाख रुपये, नगद राशि 17 लाख 50 हजार रुपये, 08 नग मोबाईल कीमत करीबन 1 लाख 50 हजार रुपये कुल मशरुका 53 लाख रुपये जप्त किये गये। उक्त कार्यवाही में कप्तान के कुशल मार्गदर्शन के साथ थाना प्रभारी कोतवाली राघवेन्द्र तिवारी, उप निरी.उपेन्द्र त्रिपाठी, उप निरी. राकेश बागरी, सउनि रजनीश तिवारी, रामराज पाण्डेय, सउनि सुरेश कुमार, कन्हैया लाल, विश्वनाथ तिवारी, प्र.आर. महेन्द्र पाल शुक्ला, मायाराम अहिरवार, गिरीश मिश्रा शिवकरण यादव, आरक्षक सोनी नामदेव, तरुण गवले, निर्मल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल के सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

## कोल तस्कर का मंसूबा फेल, पौने दो करोड़ का अवैध कोयला जब्त, 3 पर मामला दर्ज, कोल कारोबारियों में मचा हड़कंप

**शहडोल।** खनिज संपदा से परिपूर्ण मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में खनिज कोयला की भरमार है। शायद यही कारण की जिले से काले हीरे की कालाबाजारी भी अत्यधिक होती है। ऐसा ही अवैध कोयले से लोड तीन ट्रेलर को जब्त कर चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जब्त कोयले व मशरूका कीमत 1 करोड़ 72 लाख रुपए बताई गई है। शहडोल पुलिस की इस कार्रवाई से कोल कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। शहडोल जिले की धनपुरी पुलिस ने अवैध कोयले से लोडेड तीन 18 चक्का ट्रेलर को जब्त कर चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। दरअसल, जिले के बंगवार भूमिगत कोयला खदान से कोयला लोड कर अनूपपुर जिले के मोजर वेयर पवार प्लांट के लिए निकले तीन ट्रेलर अचानक गायब हो गए। जो कि बंगवार कोयला खदान के पास झाड़ियों में छिपे थे। इस बात की सूचना मुखबिर ने धनपुरी पुलिस को दी। पुलिस ने एक टीम गठित कर दबिश दी और मौके पर मौजूद ट्रेलर चालक कुलदीप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सहित दिनेश सिंह गोंड से गाड़ी के दस्तावेज मांगे। इन गाड़ियों के रॉयल्टी (ईटीपी) की समय सीमा समाप्त हो गई थी। जिस पर धनपुरी पुलिस ने कोयला सहित ट्रेलर को जब्त कर तीनों चालकों के खिलाफ धारा 303(2),3(5) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जब्त कोयले व मशरूका ट्रेलर की कीमत 1 करोड़ 72 लाख रुपए बताई गई है। शहडोल पुलिस की इस कार्रवाई से कोल कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं इस पूरे मामले में धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो का कहना है कि झाड़ियों में अवैध कोयले से भरे ट्रेलर होने की जानकारी मुखबिर से मिली थी। सूचना पर अवैध कोयले से लोडेड तीन ट्रेलर जब्त कर चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है।



## वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय पर संगोष्ठीआयोजित

सीतापुर । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सिख समुदाय के 10 वे गुरु गोविंद सिंह के पुत्र बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर उपस्थित रहे उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी सिख समुदाय के साथ-साथ संपूर्ण सनातन समाज के भी पूर्वज है उनके साहबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह बहादुर के बलिदान दिवस पर आज हम सब उनको नमन कर रहे हैं । मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि मुगलों द्वारा कई कुत्सित प्रयास किए जाने के बाद, भी दोनों साहबजादो ने मुगलों का कोई प्रलोभन और बात स्वीकार नहीं की अपने प्राणों की आहुति देना स्वीकार किया दोनों ने समाज के लिए एक वीरता का संदेश दिया है जिसे हमें अपने बच्चों को निरंतर बताते रहना है प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर द्वारा लॉर्ड मैकाले द्वारा इतिहास की झूठी शिक्षा दिए जाने की आलोचना की उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सिख समुदाय के सच्चे वीर सपूतों का वर्णन निरंतर किया जा रहा है और सिख समुदाय के सम्मान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह बहादुर सिंह का बलिदान हम सबको सदैव याद रहेगा राष्ट्र एवं धर्म के प्रति उनकी प्रेम भावना कभी मिटाई नहीं जा सकती। उन्होंने आगामी शहीदी सप्ताह पर होने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला एवं संगठन से सभी मंडलों पर वीर बाल दिवस मनाने का आवाहन भी किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक रोहित सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नेहा अवस्थी पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखें। साथ ही सिख समुदाय के सरदार गुरुदीप सिंह, सरदार सतनाम सिंह , सुखविंदर सिंह पद्म ,रशमीत सिंह, अमरजीत सिंह गुरु दीप सिंह , सुखवीर सिंह, कुलविंदर सिंह जी, नवनीत सिंह , ने भी अपने विचार रखें।

## अनूपपुर के माफिया मुक्त, शांतिप्रिय फिजा में अवैध कोयला-कबाड़ का जहर घोलने पहुंचे माफिया

**सेटिंग की धौंस, केजीएफ की तर्ज पर बनने लगे अवैध कोल मुहाड़े, कबाड़ का बन रहा नया सिंडिकेट**

शहडोल/अनूपपुर। आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर सबको मालूम है और सबको खबर हो गई.... 90 के दशक का यह मशहूर गाना इन दोनों अनूपपुर कि आपराधिक ओर प्रशासनिक गठजोड़ पर बखूबी फिट बैठ रहा है जी हां हम आपको बता रहे हैं कि शहडोल संभाग के तीनों जिलों के माफियाओं की बैठक इन दिनों अनूपपुर मुख्यालय के नामचीन होटल में संपन्न हो रही है और आलम एकदम उल्लेखित गीत के भांति है कि सबको मालूम है सबको खबर हो गई बस यदि इस जीत पर एक लाइन और जोड़ दिया जाए कि फिर भी सब खामोश बैठे हैं तो अनूपपुर में रखी जा रही आपराधिक इमारत की नींव को स्पष्ट किया जा सकता है.

फिल्मी तर्ज पर माफिया राज-मिर्जापुर वेब सीरीज की तर्ज पर अनूपपुर के बहुचर्चित होटल में माफियाओं की बैठक लगी है जहां बाहुबलियों को उनके क्षेत्र वितरित किए जा रहे हैं कोयले की आड़ में कबाड़ का झाड़ काटने की तैयारी कथितकालीन भैया उर्फ़ महमुदुल लेकर रखी है, तो मुन्ना भैया की शानदार भूमिका निभा रहे हैं अनूपपुर के जबलपुरिया चचा अतीक... गद्दी की इस बैठक मैं चड़ाई का राजा अमले का पप्पू टोपी कोतमा के नाम चिन कबाड़ माफिया अपनी शिरकत कर चुके हैं दूसरी ओर बड़े पैमाने पर मैनेजमेंट की मियाद भी लिखी जा रही है तो नाम खराब किया जा रहा है सुबह के मुखिया का अब देखना यह होगा कि स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला सुबह के मुखिया के खराब होते नाम पर कैसे अंकुश लगा पता है या फिर हम में सब गंजे की तर्ज पर सब हरिओम होगा और महमुदुल और अतीक का आतंक अब पूरे

### क्या कर रहे जिम्मेदार अधिकारी

अब सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या अनूपपुर जिला मुख्यालय और शहडोल संभागीय मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों का मुखबिर तंत्र और खुफिया तंत्र फेल हो चुका है जो उन्हें इस बड़ी मीटिंग की खबर नहीं है या फिर सब कुछ जानते हुए भी यह लोग अंजान बने हुए हैं, या फिर चूल्हे में आग लगने के बाद हर कोई अपनी-अपनी रोटी सेकने के इंतजार में है तो इधर संभागीय मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक और अनूपपुर में पुलिस कप्तान से मामले में ठोस कदम उठाने और समुचित कार्यवाही की कयास लगाई जा रही है। तो वही जनप्रतिनिधियों विधायकों और बड़े औधेदारों की चुप्पी भी बड़े सवालों को जन्म दे रही है।




### चर्चाओं का बाजार गर्म

माफिया तरह-तरह का दंभ भर रहे हैं तरह-तरह की चर्चाएं निकलकर सामने आ रही हैं की हमने उपर से परमिशन ली है, बड़े पैमाने पर काम करेंगे और पूरे संभाग पर राज करेंगे। इसके अलावा चर्चाओं का अन्य प्रकार से बाजार भी गरम है जिससे स्थानी पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अनूपपुर के बाद 1 जनवरी 2025 से अगला टारगेट शहडोल जिले को बताया जा रहा है सूत्र बताते हैं कि शहडोल के नामचीन कबाड़ माफिया अनीश को अवैध कबाड़ की गद्दी सौंपने की तैयारी है, तो दूसरी ओर अवैध कोल खनन के लिए सुरक्षित मांद की तलाश के आदेश भी गुर्गों दे दिए गए हैं बताया जाता है कि बड़े पैमाने पर पुराने अपराधियों द्वारा दलालों और जुगाड़ियों को बुलाकर शहडोल संभाग की शांतिप्रिय फिजा में आपराधिक जहर घोलने का प्रयास किया जा रहा है। और अनूपपुर के बाद शहडोल को टारगेट करने के लिए भी गोविंदम से ही पूरी रणनीति तैयार की जा रही है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# मनरेगा कार्यो में मची लूट, जिम्मेदार दे रहे संरक्षण



सीतापुर।मनरेगा के अंतर्गत कराये जा रहे कार्य मे जमकर घोटाला किया जा रहा है, मानक विहीन कार्य से लेकर फर्जी हाजिरी का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है, जिम्मेदारो के संरक्षण में ऑनलाइन हाजिरी में पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत तेवला में पक्की सड़क से कामापुर बॉर्डर तक चकबन्ध निर्माण कार्य पर 71 श्रमिको की पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है,ग्राम पंचायत बम्भौर में हरसिंहपुर में डामर रोड से मूलचंद्र के खेत तक चकबन्ध कार्य पर 45 श्रमिको की हाजिरी व ग्राम पंचायत भिठौरा कलाँ में नीलकंठ पुरवा में जती तालाब खुदाई कार्य पर 44 श्रमिको की लगातार कई सप्ताह से फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, उक्त सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार सेवकों के द्वारा पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

-रामपुर मथुरा, सीतापुर। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कदम उठा रही है लेकिन कुछ सरकारी नुमाइंदे सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं गांव के जिम्मेदार लोग फर्जी मजदूरों की उपस्थित दर्शाकर सरकारी धनराशि का भरपूर दोहन करके अपनी तिजोरी भर रहे हैं। ब्लाक रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत उमरिया का है जहाँ पर वर्तमान में दो कार्य चल रहे हैं।पहला राकेश के खेत से डामर तक चक मार्ग पटाई तथा दूसरा डामर रोड से नाला तक चक मार्ग पटाई का कार्य किया जा रहा था जबकि मौके पर जिन कार्यो को दर्शाया जा रहा है जिसमें एक चक मार्ग पर कार्य चल रहा था जिसमें 18 मजदूर कार्य कर रहे थे साथ में चकमार्ग दुरस्तीकरण किया जा रहा है जो चक मार्ग आदर्श जा रहे हैं वह पहले से पटे हुए हैं जिनका किनारा बांधकर कागज खाना पूर्ति की जा रही है पिछले प्रत्येक कार्य दिवस मास्टर रोल पर 40 से 62 मजदूरों की फर्जी उपस्थित लगाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है दूसरा चकमार्ग डामर रोड से राकेश के खेत तक ग्रामीणों के अनुसार एक सप्ताह से कार्य बंद है उसके बावजूद भी फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है ग्राम पंचायत उमरिया में जमीनी स्तर पर भृष्टाचार के चलते गरीबों को मनरेगा योजना का लाभ ना मिलकर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार प्रधान ,सचिव और रोजगार सेवक फर्जी तरीके से ठेकेदारी प्रथा से हाजिरी लगाकर गरीबों के हक पर डाका डाल कर अपनी तिजोरी भरने का काम कर रहे हैं। फर्जी हाजिरी लगाने के लिए दिन में हाजिरी न लगा कर शाम को 4:30 बजे मनरेगा मजदूरों की हाजिरी 41 मजदूरों को दर्शाया जा रहा है।

# बेअसर दिखे आदेश चार श्रमिक चला रहे ब्लाक बिसवां की 50 प्रतिशत ग्रामसभाएं

## बिसवां के सचिवों में नही दिखाई दे रहा आदेशों का असर



सीतापुर। विकास खण्ड बिसवां के कथित घोटाले बाज सचिवों के सामने सीएम से लेकर डीएम तक आदेश बेअसर साबित हो रहे है। उनके दिलों दिमांग से भय पूरी तरह से खत्म हो चुका है यही कारण है कि वर्तमान समय में बिसवां ब्लाक के जो आंकड़े मिले है वह चैकाने वाले है। जो भी इन आंकड़ो को देखता है उसके पैरों तले जमीन खिसक जाती है। क्योकि घोटालेबाज सचिवों ने चार श्रमिकों को ब्लाक की करीब पचास प्रतिशत ग्रामसभाओं में श्रम करते हुए दिखाया है और उन श्रमिको का सभी नियमों से ऊपर उठकर कार्य किया है और विकास खण्ड बिसवां की करीब पचास प्रतिशत ग्रामसभाओं में श्रमिक गुड़िया, आकाश कुमार गुप्ता, नितिन कुमार साहिल के नाम छाये हुए दिन का भुगतान किया जाये तो श्रमिक करीब 86 हजार 505 तथा मिस्त्री का 01 लाख 64 हजार 250 रूपये के आस पास ही हुआ लेकिन भुगतान लाखों रूपये का हुआ है। सोचने वाली बात तो यह है कि क्या एक श्रमिक लगातार पूरे साल काम करता है उसनें कोई भी अवकाश नही लिया। क्या यह बात मानी जा सकती है लेकिन बिसवां के घोटालेबाज सचिवों

### प्रधान के घरवालो के नाम हो रहा वित्त से भुगतान

बिसवां की ग्राम पंचायत बजेहरा नसीरपुर, मझिगवां खुर्द, हरिहरपुर जमरखा, भिनैनी व तेदुआ में सचिवों द्वारा प्रधान के परिवारीजनों के नाम वित्तीय भुगतान किया जा रहा है। बिसवां ब्लाक के सचिव नियमों और जारी आदेशों को ताख पर रखकर बेखौफ होकर फर्जी तरीके से लगातार ऐसे लोगो के खाते में पैसा भेज रहे है जिसकी इजाजत न तो गाइड लाइन देती है और न ही शासनादेश। आंकड़ो पर गौर करे तो भिनैनी में प्रधान के परिवारीजन करूणानिधि व लक्ष्मी, तेदुआ में प्रधान के भतीजे धीरेन्द्र व भाई रामचन्द्र, ग्राम पंचायत बजेहरा नसीरपुर में प्रधान के परिवारीजन सुरेन्द्र कुमार, मझिगवां खुर्द में प्रधान के परिवारीजन अशोक कुमार व हरिहरपुर जमरखा में प्रधान के परिजन सुनील कुमार के नाम भुगतान किया गया है। वहीं बिसवां देहात में प्रधान इस्माइल के पुत्र मो. आकिब, मो. आसिब, मो. इजराइल, पत्नी अंजुम बेगम, भतीजा एकलाख व एक अन्य नजदीकी अनाखान के नाम लाखों रूपये का भुगतान कर गोलमाल किया गया है।

लाखों रूपये का भुगतान भी निकाला है ऐसा आंकड़े बता रहे है। सवाल यह भी दीगर है कि एक श्रमिक एक समय में एह ही स्थान पर कार्य कर सकता है फिर मनरेगा में श्रमिक रखने के और उनका जॉब कार्ड बनाने के कुछ कायदे है नियम है। सचिवों ने इन है। इतना ही इन चारों श्रमिको के नाम जो भुगतान होने और भुगतान की रकम दिखाई गई है वह भी चैकाने वाली है। अगर कोई श्रमिक बिना किसी अवकाश के यहां तक बीमार होने पर भी श्रमिक कार्य करता है और उसको पूरे एक वर्ष यानी 365 की बात कौन कहे जब सचिव चार लेवरों को ब्लाक की कुल ग्रामसभाओं की पचास प्रतिशत ग्रामसभाओं में श्रम करना दर्शा सकते है तो ऐसे सचिव हर कार्य कर सकते है ऐसे सचिवों के दावों और आश्वासन पर भी भरोसा नही किया जा सकता है।

# सीई ऐलिया के भ्रष्टाचार को लेकर एनसीपी प्रदेश महासचिव ने की शिकायत

## ठेकेदारी प्रथा से बनाये जा रहे आर आर सेण्टर

सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीन कुमार सिंह ने जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया कि जहां एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्रों में चहुमुखी विकास के लिये प्रयासरत है। जिससे भ्रष्टाचार मुक्त विकास कार्य हो सके वही दूसरी तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री ने योजनाओं को साकार करने के लिये जिन्हे रोजगार दिया वहीं मुख्यमंत्री की महत्वामांक्षी योजनाओं को समाप्त करने में प्रयासरत है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि विकास खण्ड ऐलिया में कार्यरत सीई जसमीत कौर जहां निजी लाभ के चलते एसएलडब्लू योजना को खत्म करने में लगी है जिससे हो रहे विकास कार्यो में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने की वजह से निर्माण होते ही ध्वस्त हो रहे है। वही जारी योजनाओं में निजी लाभ के चलते अवरोध उत्पन्न हो रहा है। स्टीमेट के अनुसार एमबी करके निर्माण कार्यो में मानक बिहीन सामग्री का इस्तेमाल करवाकर सीई प्रधान सचिव के साथ मिलकर आर आर सेण्टरों को निजी लाभ का जरिया बनाये है। यहां तक एसएलडब्लू योजना के तहत खरीदे जा रहे ई रिक्शा लोहा आदि सामग्री भी उनके सांठ गांठ की फर्मो द्वारा ही विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में सप्लाई किया जा रहा है जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय है। जिस सम्बन्ध में प्रदेश महासचिव ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।



सीई द्वारा एसएलडब्लू योजना में की जा रही ठेकेदारी -प्रवीण सिंह

जिलाधिकारी को पत्र देने के बाद प्रदेश महासचिव प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सीई को रोजगार दिये गये है। जिससे सीई ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यो में तीव्र गति ला सके आज स्थिति यह आ गई है यही सीई विकास कार्यो में अवरोध उत्पन्न कर रहे है। जबकि शासन द्वारा नियुक्ति के समय ही इनका विकास कार्यो में दो प्रतिशत निर्धारित कर दिया गया था। उसके बाद भी जनपद के लगभग विकास खण्डों में सीई ठेकेदार प्रथा से आर आर सेण्टर का निर्माण करा रहे है। उक्त क्रम में विकास खण्ड ऐलिया की सीई भी ई रिक्शा लोहा सप्लाई आदि आर आर सेण्टर से जुड़ी सामग्री निजी लाभ के चलते सांठ गांठ की फर्मो से ग्राम पंचायतों में सप्लाई दिलवा रही है। जो कि विकास खण्ड से कई किलोमीटर दूर फर्मो से खरीददारी की जा रही है।

# हरगांव चीनी मिल पर्यावरण में छोड़ रहा मौत की काली घटा

## पराली जलाने वालों पर सितम फिर चीनी मिल पर क्यो रहम

### -क्या बोले डाक्टर

इस सम्बन्ध में जब जिला अस्पताल के फिजिशियन डाक्टर अनुपम मिश्रा से बात की गई तो उन्होने बताया कि मिल की चिमनी से निकलने वाला धुआं बेहद खतरनाक होता है। यह जहरीला धुआं स्वासं और आंख सम्बन्धी रोग पैदा कर सकता है। श्री मिश्रा ने कहा कि यह जहरीला धुआं इंसान को दमा रोगी, आंख का रोगी, फेफड़ो से सम्बन्धित बीमारियां सहित अन्य तमाम गम्भीर जानलेवा बीमारियों से लोगों को ग्रसित कर सकता है।




सीतापुर। केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार पर्यावरण संतुलन को दुरूस्त रखने के लिये लगातार निर्देश दे रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण उगलने वाले तमाम कारखानों और कम्पनियों को बंद करवा दिया है उसमें से कुछ यूपी को अपना ठिकाने बनाने लगे है। तो वहीं पराली जलाने के लेकर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी बेहद सख्त है और वह लगातार पराली जलाने वाले किसानों पर कार्यवाही कर रहे है तो वहीं यह भी निर्देश जारी हो रहे कि जो भी किसान पराली जलायेगा उसको किसान निधि के लाभ से वंचित कर दिया जायेगा। वही दूसरी तरफ जब निगाह हरगावं के चीनी मिल पर जाती है तो पूरा सिस्टम ही गड़बड दिखाई दे रहा है। जब मिल में चीनी बनती है और गन्ने का रस खौलाया जाता है तो चिमनी से उगलने वाला जहरीला धुआं आसमान में मौत की घटा बनकर लोगो को डराने लगता है। अवध शुगर मिल की चिमनी भी सवालों के घेरे में आ रही है। सवाल किया जा रहा है कि अगर अवध शुगर मिल की चिमनी की जांच हो तो चिमनी

की

ऊंचाई मानक के अनुसार नही होगी। चिमनी की दूरी काफी कम है। इस तरह के सवाल क्षेत्र के जानकार लोग कर रहे है। अगर कायदे से देखा जाये तो इस समय हरगांव चीनी मिल वायु प्रदूषण के साथ साथ जल प्रदूषण का पर्याय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगावं चीनी मिल में सुबह से लेकर शाम तक चीनी बना करती है इस कारण कई मशीने चला करती है और चिमतिनयों को मानक के अनुसार नही बनाया गया है इस कारण चिमनी से निकलने वाला धुआं चंद घण्टो में आसमान में जहरीले बादल छा देता है। जब हरगांव चीनी मिल के पास नजर आसमान की ओर दौड़ाई जाती है तो आसमान काला काला दिखाई देता है। इस पर जानकारों का कहना है कि यह काला साया बेहद खतरनाक है पूरे क्षेत्र की हवा को चिमनी से निकलने वाला धुंआ जहरीला बना रहा है। अगर इसी तरह से यह जहरीली गैसों वाला धुआं इसी तरह से हवा में मिलकर आसमान में छाता रहा तो आगामी दिनों में हरगांव चीनी मिले के क्षेत्र में रहने वाले लोग सांस तक नही ले पायेगे।

### मिली से उड़ता पानी दे रहा बड़े हादसों को दावत

सीतापुर से लखीमपुर जाने वाले मार्ग पर हरगांव कस्बे में स्थित अवध चीनी मिल के दायरे से गुजरते समय हवा में उड़ रहा जहरीला पानी राहगीरों के लिये बड़ी समस्या है अचानक पानी आंख में पड़ने से बाइक चालकों का नियत्रंण विगड़ सकता है जिससे मार्ग में बड़े बड़े हादसे हो सकते है।

# एक नजर...

## शीशमहल गली न. एक के लोग जूझ रहे जलभराव से



सीतापुर। विकास खण्ड खैराबाद की ग्रामसभा नैपालापुर में स्थित शीश महल गली नम्बर एक में जलभराव की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। इस गली लोग जलभराव की समस्या से परेशान है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे लोगों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इस गली में जलभराव की समस्याओं को लेकर हम लोग कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से मिले और उनको अपनी समस्याएं बताई जिस पर हम लोगो को आश्वासन तो मिल लेकिन किसी भी अधिकारी ने हम लोगों की समस्या की तरफ ध्यान नही दिया। जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कत हो रही है। गली नम्बर एक जिम्मेदार अधिकारियों पर उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। गली नम्बर एक का आलम यह है कि पानी निकास की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गन्दा कीचड़युक्त पानी लोगो के घरों में प्रवेश कर रहा है नाली में गन्दे कीड़े गृहणियों के किचन तक में प्रवेश कर रहे है जिससे ग्रहणी भी काफी परेशान है। गृहणियों का भी कहना है कि यह गली अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार है और हम लोगो के लिये सरदर्द बनी हुई है। जब छोटे छोटे बच्चे घर से जालते है तो गन्दे पानी से भीगकर आते है। पानी गन्दा और कीचड़ युक्त है तो बच्चों को संक्रामक रोगो के फैलने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा छोटेछ छोटे बच्चे गली में भरे पानी में कागज की नाव डालकर खेला करते है और इसी खेल में वह कीचड़ युक्त गन्दे पानी में गिर जाते है और गन्दगी से सन जाते है।

### इस गली में नही दिखता पीएम का स्वच्छता मिशन

शीशमहल की गली नम्बर एक में पीएम मोदी का स्वच्छता मिशन दिखाई नही दे रहा है। स्वच्छ भारत मिशन को लेकर जो दावे किया जा रहे है इस गली के निवासियों के लिये केवल कोरे आश्वासन ही बने हुए है। क्योकि जब इस गली लोग सड़क पर आना चाहते है तो उनको गन्दगी से ही होकर गुजरना होता है ऐसे हालातों में सीएम योगी के दावे भी उनको कोरा आश्वासन ही लगता है। अब इस गली पर पीएम मोदी का स्वच्छता मिशन क्यो नही दिखाई दे रहा है यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## तहसील व ब्लाक महोली में कठेरिया समाज समिति की कार्यकारिणी का हुआ गठन



महोली सीतापुर। कठेरिया समाज के जिला अध्यक्ष श्री सर्वेश बंसल धनुवंशी जी के द्वारा चलाया जा रहा है समाज जोड़ो अभियान के अंतर्गत तहसील महोली में बैठक करके महोली तहसील व ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया बैठक का आयोजन कठेरिया समाज के जिला मीडिया प्रभारी के आवास पर हुई।उन्हीं के अनुमोदन से कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें गजेंद्र कठेरिया को तहसील अध्यक्ष रमेश कठेरिया पूर्व प्रधान को महामंत्री और ब्लॉक स्तर से राकेश बंसल को ब्लॉक अध्यक्ष संतोष बंसल को महामंत्री बनाकर उन्हें जिम्मेदारी सौंप गई इस मौके पर बालकिशन धानुक संगठन मंत्री सभी कार्यकर्ता कई लोग उपस्थित रहे।

## श्री गौरी शंकर मंदिर प्रबंध समिति की कार्यकारिणी का विस्तार



सीतापुर राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा संचालित श्री गौरी शंकर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक अध्यक्ष पंडित शंकर दयाल शुक्ल की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि में संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व अन्य अतिथी में जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति उपाध्यक्ष डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी उप सचिव डॉ विकाश जैन जिला मंत्री विनोद त्रिपाठी युवा मोर्चा अध्यक्ष सोमकान्त बाजपेयी व विशेष आमंत्रित अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी रहे । सभी अतिथियों को समिति के अध्यक्ष शंकर दयाल शुक्ल व अन्य पदाधिकारियों ने बैज लगाकर स्वागत किया। बैठक का शुभारम्भ में विजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत गाकर उपस्थित जनो में देशभक्ति का जज्बा भर दिया वही समिति के अध्यक्ष शकर दयाल शुक्ल ने हनुमान चालीसा का पाठ वेदपाठी मंत्र से वातावरण भक्तिमय कर दिया । इसके उपरांत समिति के अध्यक्ष पंडित शुक्ल ने अपनी कार्यकारणी का विस्तार करते हुए समिति महसचिव डॉ प्रदीप कुमार राय और समिति के कोषाध्यक्ष का दायित्व धीरेन्द्र पाण्डेय व उपाध्यक्ष का दायित्व विजय कुमार श्रीवास्तव, सतीश सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, जगत पाल वर्मा को दिया, वही समिति के उप सचिव का दायित्व अजय मिश्रा, अमित मिश्रा व विजय राठौर को मंत्री का दायित्व दिया गया। कार्यसमिति सदस्य दीपक मिश्रा, हर्षित मिश्रा तरुण कुमार राठौर बनाया गया। इस दौरान परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्राचीन मंदिर हमारे संस्कृति की धरोहर है इसकी रक्षा हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय महसचिव शिव बालक त्रिवेदी ने कहा अहिल्या बाई होल्कर ने देश के कई प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था इसी प्रकार समिति ने एक प्राचीन मंदिर की जिम्मेदारी लेकर पुनीत कार्य किया है । बैठक के अंत में समिति के अध्यक्ष पंडित शकर दयाल शुक्ल ने सभी का आभार जताया।

## एक नजर...

### 42 करोड़ से 15 परियोजनाओं का काम पूरा, ट्रायल शुरू

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

नगर।जिले की 15 ग्राम पंचायतों की लगभग 70 हजार आबादी को जल्द ही पाइप लाइन के जरिये शुद्ध पेयजल का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसके लिए ट्रायल प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अन्य कार्य भी तेजी से निपटाए जा रहे हैं।42 करोड़ की लागत से विंध्या टेली लिंक अपनी 15 परियोजनाओं का कार्य पूरा कर चुकी है। सुचारु जल आपूर्ति के संचालन के लिए सभी पर ट्रायल शुरू हो चुका है। तकनीकी कमियों को दूर करने के बाद इसी माह से नियमित संचालन का काम शुरू कर दिया जाएगा। इनके संचालन से लगभग 40 राजस्व गांव के 70 हजार की आबादी को शुद्ध पेयजल का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।जिले में जल जीवन मिशन के तहत जिले के 899 ग्राम पंचायतों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 571 परियोजना पर काम चल रहा है। इसके लिए दो कार्यदायी संस्था भी नामित की गई है। इनमें विंध्या टेली लिंक को 509 तो वेलस्पेन को 62 परियोजना पर कार्य करना है। विंध्या टेली लिंक के प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंद्र तिवारी ने बताया कि नवंबर माह में 77 परियोजनाओं पर टैंक के माध्यम से पानी की सप्लाई का कार्य चल रहा है। इस माह 15 परियोजनाओं के पूरा होने से 92 परियोजनाओं पर टैंक के माध्यम से पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। विभाग के अनुसार वेलस्पेन ने भी 10 परियोजनाओं पर टैंक के माध्यम से पानी की सप्लाई शुरू कर दी है।जल निगम कार्यालय के अनुसार बिस्वा चितौना, मेड़री सुलेमपुर, लवईया, मदारभारी, रोहनपारा, नगहरा महमूदपुर, मरथुआ सरैया, बरामदपुर जरियारी, आरिफपुर सराय, शेखपुर मलपुरा, मुबारकपुर पिकार, हिथुरी, पारस कटुई, सुलेमपुर केसवपुर व पलई कल्यानपुर में ट्रायल शुरू है। इसी माह इन परियोजना पर नियमित पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।ग्राम पंचायतों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्यदायी संस्था को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इस माह विंध्या टेली लिंक की 15 परियोजनाओं पर नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा। -पवन कुमार, सहायक अभियंता जल निगम

### नहीं मिल रहा समूह के दीदीयों को कमीशन का हिस्सा




### जांच ब्लाक टांडा में लंबित, चार माह बीतने के बाद भी कार्यवाही शून्य

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।जनपद के टांडा विकास खंड अन्तर्गत के ग्राम पंचायत पकड़ी भोजपुर की समूह के दीदीयों का आरोप है कि महामाया आजिविका स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित राशन कोटा जिसकी संचालिका वर्तमान में लक्ष्मी देवी है। लक्ष्मी देवी के द्वारा गत वर्षो से समूह के दीदीयों को कमीशन का हिस्सा नहीं मिल रहा है और समूह की सदस्यों द्वारा लिखित तौर पर उप जिलाधिकारी टांडा जनपद अम्बेडकर नगर को प्रार्थना पत्र दिया गया है कि लक्ष्मी देवी अनाज बांटते समय 1 किलो की कटौती करती है ड़और मनमाने ढंग से वितरण करती ।जिसकी जांच ब्लाक टांडा में लंबित है परन्तु चार माह बीतने के बाद भी कार्यवाही शून्य है।

### अनिल कुमार सिंह निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित




**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन अंबेडकरनगर का द्विवार्षिक निर्वाचन विकासखण्ड-अकबरपुर के सभागार में आहूत किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अनिल कुमार सिंह दोबारा जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी सूर्यभान सिंह के द्वारा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रदीप दूबे जिला मंत्री ,बांकेलाल मौर्य प्रान्तीय प्रतिनिधि, सुनील दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निर्दोष कुमार कोषाध्यक्ष, विनय मिश्रा ऑडिटर, राकेश कुमार सिंह संगठन मंत्री, अरुण यादव मीडिया प्रभारी पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।मौके पर प्रदीप कुमार तिवारी,मयंक चतुर्वेदी,रवींद्र चौधरी,कमलेश कुमार, सुनील रंजन,राजशेखर सिंह, उपेन्द्र सिंह,प्रियंका श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### वृद्धाओं को कंबल, फल, और खाने-पीने की सामग्री वितरित

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर ।सेंट पीटर स्कूल अकबरपुर के बच्चों ने एक अनोखी और प्रशंसनीय पहल की है। उन्होंने वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धाओं को कंबल, फल, और खाने-पीने की सामग्री वितरित की। इस पहल में शिक्षिका रेज़ी सेबेस्टियन सुमन तिवारी के साथ-साथ मान्यता श्रीवास्तव, इशिता जायसवाल, आराध्या सिंह, तनिष्का वर्मा सहित कई छात्र और छात्राएं शामिल थे।यह पहल न केवल वृद्धाओं की जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है, बल्कि यह बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और दया की भावना को भी बढ़ावा देती है। स्कूल और शिक्षिका को इस पहल के लिए बधाई देनी चाहिए, जो बच्चों को समाज में सकारात्मक योगदान करने के लिए प्रेरित कर रही है।

# प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव की भव्य हो रही तैयारी

### तीन दिवसीय होगा भगवान के भव्य महल में विराजमान होने का वार्षिक उत्सव

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



अयोध्या। अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव की भव्य तैयारी, तीन दिवसीय होगा भगवान के भव्य महल में विराजमान होने का वार्षिक उत्सव,पौष शुक्ल की द्वितीया को होगा रामनगरी में धार्मिक अनुष्ठान,पांच जगह रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिक उत्सव को लेकर होगा धार्मिक अनुष्ठान, राम मंदिर परिसर के साथ राम मंदिर के परिसर के बाहर भी आमजन प्रतिष्ठा के वार्षिक उत्सव में हो सके शामिल, इसको लेकर बनाई गई है व्यवस्था, पौष शुक्ल की द्वादशी 11 जनवरी को दोपहर 12ः20 पर होगा भगवान राम का अभिषेक उतारी जाएगी भव्य आरती 12ः20 के शुभ मुहूर्त पर ही भगवान राम लला की 22 जनवरी को हुई थी प्राण प्रतिष्ठा, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बयान, 11 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी पर प्रतिष्ठा का पहला वर्षगांठ जाएगा मनाया, तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान करेगा राम मंदिर ट्रस्ट, 11, 12,13 जनवरी को होगा धार्मिक अनुष्ठान, प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में पांच जगह अलग-अलग स्थान पर होंगे कार्यक्रम, राम मंदिर परिसर के यज्ञ मंडप दूसरा कार्यक्रम रामलला के मंदिर में होगा।

# शर्मनाक : मालीपुर थाना नहीं बन पा रहा तथाकथित पत्रकारों के दलाली का अड्डा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**


अम्बेडकरनगर।स्थानीय थाना क्षेत्र में तथाकथित पत्रकार पुलिस की मिलीभगत से जमकर दलाली का धंधा कर रहे हैं। यहां के कुछ तथाकथित पत्रकार बेशर्मी का चादर ओड़कर सुबह होते ही थाने पर पहुंच जाते हैं और शाम तक पुलिस की पनाह में बैठकर वहां चाय की चुस्कियां लेते हैं। साथ ही रुपये डकारने वाले मामले की डीलिंग भी होती है।मालीपुर थाने की बात करें तो यह थाना तथाकथित पत्रकारों से कभी खाली नहीं रहता था।यहां कुछ कथित पत्रकार ऐसे हैं जो सुबह की चाय थाने में पीते हैं और दोपहर का लंच भी यही पर करते थे। इनकी पत्रकारिता दलाली की बुनियाद पर टिकी रहती है। चर्चा के मुताबिक कुछ तो नामी बैनर के पत्रकार भी थे जो सुबह की पहली किरण के साथ ही थाने में प्रकट होकर वहां की कुर्सी पर आसीन हो जाते थे और तब तक नहीं हिलते जब तक चाय पानी हलक के नीचे नहीं उतर जाता था।सूत्रों के मुताबिक पुलिस से मिलकर ये तथाकथित पत्रकार, पत्रकारिता की आड़ में दलाली के जरिये रुपये डकारने का घृणित खेल खेलते हैं। शायद यही वजह है कि इनके खाओ और खाने दो की नीति से पुलिस भी खुश रहती है। बात थाने पर खत्म नहीं होती, बल्कि इनका अंगद रूपी पैर दोपहर के बाद थाने से हटकर जलालपुर थाने पर भी जम जाता है। जहां इनके लंच की व्यवस्था होती है।लंच में विभिन्न प्रकार के फल, भूजा, समोसा-मटर, पकौड़ी तथा लड्डू आदि होता है। इस तरह एक तरफ जहां पत्रकारिता जगत शर्मसार हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कानून के रखवाले कानून की गरिमा को दागदार करने की कवायद पूरी कर रहे हैं। ये समझते हैं कि कोई कुछ नहीं समझता, मगर इन्हें कौन समझाए कि ये पब्लिक है, सब जानती ह

### हादसे में पति की मौत पत्नी की हालत गम्भीर

सीतापुर। जनपद के कमलापुर थाना क्षेत्र सड़क हादसे में पति की दर्दनाक तरीके से मौत हो गई जबकि पत्नी की हालत गम्भीर बनी हुई है। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी हैं पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थानान्तर्गत ग्राम महानंदपुरवा के पास बाइक सवार दंपती ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक पत्नी व बच्चे के साथ बेटी की ससुराल जा रहे थे।बाराबंकी के घुंघटेर थाना क्षेत्र के बरगदी निवासी जाहिद (48) अपनी पत्नी जाहिदा व पुत्र नियाज के साथ ठिठूरा में अपनी बेटी की ससुराल आए थे। दोपहर 3:30 बजे वह कुचलाई गांव स्थित अपनी दूसरी पुत्री की ससुराल जाने के लिए निकले। तभी महानंदपुरवा के पास उनकी बाइक व ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गई।ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी सिधौली पहुंचाया, जहां से जाहिद अली को लखनऊ रेफर कर दिया गया। अटरिया के पास रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### हवाई पट्टी के इर्द-गिर्द निर्मित भवनो पर भविष्य में बन सकती है समस्या,उड्डयन विभाग ने मामले को लिया संज्ञान

**उड्डयन विभाग से एन0 ओ0 सी0 न लेने वालों पर होगी कार्रवाई**



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर।अन्य शहरों की अपेक्षा, जहां हवाई अड्डे शहर के बाहरी इलाके में स्थित होते हैं, वहीं अंबेडकर नगर जनपद में हवाई पट्टी शहर के मध्य में स्थित है।यदि आप हवाई पट्टी के आसपास मकान बनाने का सपना देख रहे हैं तो आप एक निश्चित दायरे में निर्धारित ऊंचाई में ही अपना आशियाना बना सकेंगे। जानकारी के अनुसार रेड जोन में अथॉरिटी से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य होगा।इसमें विमान प्रचालनों की रक्षा के लिए ऊंचाई संबंधी प्रतिबंध के अनुसार हवाई अड्डे की एक निश्चित दायरे में निर्माण के लिए भवनों की अनुमन्य ऊंचाई निर्धारित की गई है। इसके बारे में जानकारी लेने के लिए अधिशासी अधिकारी अकबरपुर बीना सिंह के पास टेलिफोनिक वार्ता की गई परंतु हवाई पट्टी के बगल निर्माण के मानक को स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया। जनपद में भावनाओं का निर्माण बहुत तीव्र गति से हो रहा है जिसमें अगल-बगल नए निर्माण किया जा रहे हैं हवाई पट्टी के मध्य लेने से कितनी दूरी पर आम जनता भवन निर्माण कर सकती है तथा उसकी ऊंचाई क्या होनी चाहिए इसके बारे में जानकारी कार्य करने का प्रयास किया गया परंतु सभी लोगों द्वारा गोल-मोल जवाब दिया गया। जबकि हवाई पट्टी के दक्षिणी साइड में हवाई पट्टी की दीवार के करीब से मकान का निर्माण भी हो रहा है जिसको देख मीडिया या सोचने पर मजबूर हो गया की हवाई पट्टी के इर्द-गिर्द कितनी दूरी पर भवन का निर्माण करवाया जा सकता है भवन निर्माण के लिए किन-किन विभागों से एनओसी लेनी पड़ेगी, कहीं ऐसा तो नहीं की जिम्मेदार विभागों को गुमराह कर भवन निर्माण करवाया जा रहा है। क्योंकि आने वाले समय में अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने के पश्चात यह आशा लगाई जा रही है की अंबेडकर नगर जनपद की हवाई पट्टी भी का भी समय अनुसार विस्तार किया जा सकता है ऐसी स्थिति में निर्मित हो रहे भावनाओं से आने वाले समय में समस्या उत्पन्न हो सकती है क्योंकि उड्डयन विभाग का नियम अलग है। जानकारी के अनुसार उड्डयन विभाग को हवाई पट्टी के पेड़ के इर्द गिर्द निर्माण की जानकारी होने के पश्चात उड्डयन विभाग द्वारा अधिशासी अधिकारी से वार्ता की गई और उड्डयन विभाग द्वारा शासन को पत्र लिखा गया।

# टांडा नगर पालिका के मनबढ़ ठेकेदार ने लाखों के निर्माण कार्य के टेंडर में की अनियमितता, पालिका ने दी अंतिम नोटिस - कार्रवाई लंबित

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर।जनपद के अंतर्गत नगर पालिका परिषद टांडा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के बाबत स्वर्जनिक तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य को जनहित में कराए जाने के लिए शिव कुमार गुप्ता फर्म के नाम से ठेकेदार मोहित कुमार गुप्ता को लगभग 30 से 32 लाख का कार्य कराए जाने हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना आवंटित की थी लेकिन गत एक वर्ष से अधिक समयावधि बीतने के बाद भी आवंटित फार्म ने नहीं किया पूरा सिर्फ तालाब से पानी निकाल कर उच्च अधिकारियों को किया जा रहा गुमराह आप को बता दे कि 2023 नवंबर से दिसंबर के बीच शिव कुमार गुप्ता फर्म के नाम पर ठेकेदार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत तालाब के सौंदर्यीकरण निर्माण के उद्देश्यों से कार्य आवंटित किया गया था लेकिन कार्य योजना बनने के बाद आवंटित होते ही भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गई।उल्लेखनीय हैं कि नगर पालिका टांडा के अवर अभियंता ने मेसर्स शिवकुमार गुप्ता फर्म के ठेकेदार मोहित कुमार गुप्ता को दिनांक 16 मई 2023 को वार्ड संख्या 4 सिकंदराबाद में जनहित के विकास हेतु आवंटित किए गए टेंडर के बाबत सिकंदराबाद तिराहा सहाबुद्दीन के मकान से चाक घर तक नाली एवं सी.सी सड़क मार्ग निर्माण कार्य 15 वें वित्त राज्य योजना के मद से कार्य आदेश दिनांक 20 जून 2022 में निर्गत किया था जिसका कार्य पूर्ण कराने की समयावधि 20 सितंबर 2022 निर्धारित की थी उपरोक्त कार्य प्रकरण में भी पालिका टांडा ने अपूर्ण कार्य पर असंतोष जताया था इसी के उपरांत वार्ड संख्य 24 मोहल्ला छज्जापुर उत्तरी में ककरही मस्जिद से ऐड्रबी के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में असंतोष जनक शब्दकोश की लिखित अंतिम नोटिस जारी कर निर्माण कार्य पर असंतोष व्यक्त किया था आप को बता दें कि इस ठेकेदार को तीसरे जनहित अथवा लोकहित में आवंटित किए जाने वाले निर्माण कार्य जो नगर पालिका परिषद टांडा क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला हयातगंज चौक घंटाघर के मरमत एवं सौंदरीकरण का निर्माण कार्य उपरोक्त पंजीकृत फर्म शिव कुमार गुप्ता के ठेकेदार को पालिका के निधि से दिनांक 29 नवंबर 2022 को निर्गत किया था जिस निर्माण कार्य को शर्तो के अधीन दिनांक 29 जनवरी 2023 तक पूर्ण कराने हेतु निर्देश जारी किया गया था उक्त कार्य में भी पंजीकृत फर्म के जिम्मेदार ठेकेदार ने अनियमितता बरतने का कार्य किया जिसमें पालिका के अवर अभियंता ने उक्त कार्य पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए अंतिम नोटिस जारी किया था उसके बाद कहानी यहीं नहीं खत्म होती इस मनबढ़ ठेकेदार को चौथा टेंडर सागर हॉस्पिटल से डॉ अब्बास के क्लिनिक तक हॉट मिक्स प्लांट तक पिच रोड़ के निर्माण कार्य का प्रस्तावित कार्ययोजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अधीन टेंडर दिया था जो उक्त पंजीकृत फर्म को दिनांक 03 अगस्त 2022 को निर्गत किया गया था और उक्त निर्माण कार्य को 02 दिसंबर 2022 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया था लेकिन इस कार्य में भी पंजीकृत फर्म के जिम्मेदार ठेकेदार ने अनियमितता बरतने का कार्य किया इस पर भी पालिका के अवर अभियंता ने पंजीकृत फर्म के ठेकेदार को अंतिम नोटिस दिया। पांचवां कार्य 15 वें वित्त योजना के अंतर्गत ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मिरानपुरा (बालक) में विद्यालय की कक्षा का मरम्मत, फर्श, टाइल्स, शौचालय, यूरिनल व किचन मरम्मत के निर्माण कार्य का जिम्मा दिनांक 29 नवंबर 2022 को सौंपा जिसे पूर्ण कराने हेतु समयावधि 31 जनवरी 2023 तक पूर्ण कराने का आदेश दिया गया था लेकिन इस जनहित के विकास कार्य में भी अंतोगत्वा अनियमितता बरतने का कार्य पंजीकृत ठेकेदार द्वारा किया गया जिसपर पालिका ने अंतिम नोटिस दिनांक 16 मई 2023 को असंतोष व्यक्त करते हुए इस आशय की ठेकेदार को दी कि उपरोक्त योजना के अंतर्गत प्रस्तावित निर्माण कार्य को पूर्ण कराए जाने हेतु पंजीकृत फर्म को बार-बार मौखिक एवं लिखित रूप से निर्देशित किया जा रहा हैं, किंतु फिर भी अभी तक आप द्वारा प्रस्तावित विभिन्न स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया। यह स्तिथि अत्यंत खेदजनक एवं आप की लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक हैं। उल्लिखित करते हुए पंजीकृत फर्म के ठेकेदार को पालिका टांडा के अवर अभियंता ने अंतिम नोटिस के माध्यम से कहा कि निर्देशित किया जाता हैं, कि उपरोक्त योजना अंतर्गत आवंटित निर्माण कार्य को तीन दिवस के अंदर पूर्ण करा कर लिखित रूप से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाना सुनिश्चि किया जाए।अन्यथा की स्थित में आप के विरुद्ध अनुबंध की शर्तो के अधीन कार्रवाई हेतु संस्तुति सहित आख्या उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी जाएगी जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व पंजीकृत फर्म के ठेकेदार का होगा किंतु फिर भी मनबढ़ ठेकेदार एवं लंबा रसूख रखने वाले दबंग ठेकेदार पर कार्रवाई की अंतिम रिपोर्ट तैयार कर उक्त पंजीकृत फर्म के ठेकेदार को काली सूची में डाल कर ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया जब की विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार लंबी डील कर ठेकेदार अपना बचाव कर लाखों के गमन इस तरह करने की आदतों में उच्च अधिकारियों को गुमराह कर करने में आज तक सफल होता रहा और उसके ऊपर सिर्फ नोटिस देकर पालिका के अवर अभियंता मौन धारण कर उच्च अधिकारियों को इसके खिलाफ रिपोर्ट प्रेषित नहीं करते जिसके कारण उसके ऊपर आज तक प्रभावी कार्रवाई का हंटर नहीं चल सका इसके कारण उक्त ठेकेदार का मन बढ़ा हुआ हैं। सरकार की योजनांतर्गत लंबे कार्य इसकी पंजीकृत फर्म पर आज तक हुए हैं। जिसमें लंबे पैमाने पर इसने बंदर बाट विभागीय अधिकारी के साथ कर गमन कर चुका हैं।ज्ञातव्य हो कि एक ताजा प्रकरण टांडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत सिकंदराबाद मोहल्ले में एक तालाब लगभग 2.5 बीघा जमीन में बसा है, जिस पर पूर्व समय से लोगो ने घर बनवा कर तरह-तरह से कब्जा कर लिया इसके लिए नगर पालिका टांडा ने उपजिलाधिकारी टांडा को पैमाईश कर खाली करवाने के लिए रिपोर्ट प्रेषित की थी उक्त कार्रवाई के क्रम में उपजिलाधिकारी ने टीम गठित कर पैमाईश का कार्य शुरू कराया गया लेकिन स्थानीय प्रशासन जब कब्जा हटवा पाने में सफल नहीं हुआ तो संबंधित फर्म शिव कुमार गुप्ता को निर्देशित किया कि जितने में तालाब खाली पड़ा है, तब तक उतने पर कार्य पूर्ण कराया जाए लेकिन संबंधित फर्म के जिम्मेदार ठेकेदार की तानाशाही रवैए से अभी तक सिर्फ तालाब से पानी निकाल कर कार्य पूर्ण दिखाया जा रहा हैं।बड़ी बात तो यह है, की 2023 में हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत तालाब के सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य में लंबा घोटाला किए जाने के उद्देश्यों से अभी तक सिर्फ तालाब से पानी निकालने का क्रम कर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा हैं।दरसल उक्त ठेकेदार का रसूख इत्ता लंबा है, की अधिकारी भी उस पर जांच कर कार्यवाई करने की सुधि लेने में रुचि नहीं लेते सब सेटिंग गेटिंग पर उसके ठेके का कार्य पूर्ण हो जाता हैं। आप को ज्ञात हो कि लगभग 2.5 बीघा जमीन में तालाब सौंदर्यीकरण के तहत लगभग 30 से 32 लाख का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, लेकिन संबंधितों के निर्देश के बाद भी ठेकेदार ने लंबान्तराल बीता कर सिर्फ तालाब से पानी निकाल कर लाखों के घोटाले किए जाने का इंतजार कर रहा हैं।फिरहाल जिलाधिकारी अविनाश सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत सिकंदराबाद में आवंटित फर्म शिव कुमार गुप्ता को मिले तालाब सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य की जांच पड़ताल शुरू कर उसपर अनियमितता बरतने के बाबत कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

# नगर पंचायत सुल्तानपुर के जनता इंटर कॉलेज में बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया**

लक्सर/ क्षेत्र स्थित नगर पंचायत सुलतानपुर आदमपुर के जनता इण्टर कॉलेज में आज बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वही आयोजित शिविर में न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल/ कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान आयोजित शिविर में न्यायपालिका का उद्देश्य लोगों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा है। जिसमें मुख्य अतिथियों ने कहा कि हर व्यक्ति को न्याय पाने का अधिकार है और हर नागरिक तक इस अधिकार की पहुंच सुनिश्चित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को उनके अधिकार प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों में लोगों को कानून की जानकारी देने के साथ-साथ ही राज्य की विभिन्न




योजनाओं का लाभ दिलाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि हर व्यक्ति, विशेषकर बच्चे, महिला और दिव्यांग व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। शिविर के माध्यम से न केवल कानूनी जानकारी पहुंचाना है, बल्कि उन्हें यह महसूस करना हैं कि कानून उनके साथ है। उनके द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से ऐसे शिविर में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर लाभ उठाना चाहिए।न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के योगदान की सराहना की है। इसके साथ ही सूचना विभाग, विधिक सेवा एवं शिक्षा विभाग और जनता इंटर कॉलेज के बच्चों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए स्वागत गीत व नाटक सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना करते हुए बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा लोगों को शादी अनुदान योजना के तहत एवं अन्य विभागों द्वारा लाभार्थियों को चेक दिए गए।पांच लोगों को व्हील चेयर तथा एक को बैसाखी वितरित की गई। बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट सहित अन्य विभागों द्वारा भी चेक वितरण किए गए और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को दिव्यांग प्रमाण निर्गत कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की गई। पशु विभाग द्वारा पशुपालकों को दवा वितरण, राजस्व विभाग द्वारा जन्म प्रमाण पत्र तथा स्थाई एवं अन्य प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। मुख्य न्यायाधीश, उत्तराखण्ड का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि दूरस्थ क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन कर अंतिम छोर के व्यक्ति तक को लाभ पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस विभाग व न्याय विभाग के उच्च अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्रीय जन समूह मौजूद रहे।

## नाबालिक लड़कियों से कराया जा रहा है खेत पर काम

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

जहां भारत सरकार नाबालिकों से काम करने पर पाबंदी लगा रही वहीं ठेकेदारों द्वारा मनमर्जी से नाबालिक से काम कराया जा रहा है ऐसा ही एक मामला सामने आया जहां थाना सेहरामऊ उत्तरी छेत्र से ठेकेदार द्वारा नाबालिक लड़कियों को ले जाकर शाहजहांपुर क्षेत्र में खेतों पर कराया जा रहा काम शिवम ठेकेदार द्वारा मनमर्जी से कराया जा रहा काम जब पत्रकारों ने शिवम ठेकेदार से बात कि तुम लोग नाबालिको से कम क्यों कराते हो इस पर भारत सरकार द्वारा पाबंदी लगाई गई है तो शिवम ठेकेदार निवासी देवीदश बरोठा ने पत्रकारों से बदतमीजी से बात करते हुए गाली गलौज की और कहा कि मेरा पुलिस भी कुछ नहीं कर सकती है तो तुम कौन होते हो मना करने वाले शिवम ठेकेदार अन्य उसके साथ और भी ठेकेदार द्वारा ने कहा कि हम पैसे कमाते हैं कैसे भी कमाए इसमें तुम कौन होते मना करने वाले

## सर्दी के इस मौसम में कंबल और भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया।



**रिपोर्टर घनश्याम कुमार कि रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से।**

आज वाराणसी के इस कड़क सर्दी में असहाय लोगों को राहत प्रदान करने के लिए, सर सुन्दर लाल अस्पताल में एक विशेष पहल की गई। इस पहल के तहत,150 कंबल अस्पताल के बाहर सो रहे मरीजों, उनके साथियों और रिक्शा चालकों को वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के माध्यम से, अस्पताल ने सर्दी से बचाव के उपाय प्रदान करते हुए गरीब और जरूरतमंदों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया। साथ ही, ÷रोटी बैंक वाराणसी÷ द्वारा हर दिन की तरह 500 जरूरतमंदों को गरम खाना भी वितरित किया गया। यह पहल न केवल ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत देने का एक प्रयास था, बल्कि उनके पेट की भूख को भी शांत करने का एक महत्वपूर्ण कदम था। अस्पताल में इस सर्दी में असहाय लोग न केवल गर्म कपड़े प्राप्त करें, बल्कि उन्हें भरपेट खाना भी मिले। हमारा यह उद्देश्य है कि इन कठिन समय में हम समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए मदद का हाथ बढ़ाएं। कंबल वितरण और भोजन वितरण का यह कार्यक्रम एक छोटा सा प्रयास है, लेकिन इससे लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है। हम भविष्य में भी ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## गट्टागुडुम में राष्ट्रीय सेवा योजना दुधावा का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




**केसरिया हिन्दुस्तान से दीनदयाल साहू**

दुधावा-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुधावा विकासखंड नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर श्री जे के साहू प्राचार्य दुधावा के मार्गदर्शन एवं मुख्य अतिथि लीला राम नेताम ग्राम पटेल के संरक्षण में ग्राम गट्टागुडुम में दिनांक 22 दिसंबर से शुभारंभ हुआ ?। शिविर में स्वयंसेवकों ने प्रातः कालीन योगाभ्यास सत्र में विविध योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। पश्चात श्रमदान के माध्यम से ग्राम की साफ सफाई विद्यालय परिसर का साफ सफाई ग्राम गट्टागुडुम की सामुदायिक शौचालय में स्वच्छता अभियान ग्राम के विभिन्न मोहल्लों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।बौद्धिक परिचर्चाएं सांथ ही स्वयं सेवकों को इस हेतु जागरूक किया।रात्रि कालीन सांस्कृतिक गतिविधि के माध्यम से स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रहसन एवं नृत्य के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया । उद्घाटन समारोह में जनपद सदस्य सुखचंद नेताम, वरिष्ठ वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री मेघनाथ शोरी, अजय कुमार नेताम्, अजय कुमार नेताम क्क रामस्वरूप नेताम, अरुण कुमार नेताम,पिंकू मरकाम,संजय शोरी,गंभीर शोरी, पूजा , यामिनी मरकाम आदि उपस्थित थे

## सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ में हुआ गणित मेला



**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता तरुण चौबे जांजगीर**

महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र स्वयं केशरवानी (लेफ्टिनेंट ऑफिसर थलसेना), अध्यक्षता परमानंद साहू (व्याख्याता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरा) विशिष्ट अतिथि के रूप में रामजी केशरवानी (अध्यक्ष लिंगेश्वर शिक्षण समिति) के कर कमलों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा अतिथियों का पुष्पहार व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। अतिथियों एवं आचार्यों ने गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए व्यक्ति के सामान्य व्यवहारिक जीवन में किस प्रकार से गणित का उपयोग होता है यह बताया गया।विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के गणित से संबंधित मॉडल, चार्ट, प्रादर्श, चित्रकला, रंगोली तैयार किए हुए थे जिन्हें अतिथियों के द्वारा निरीक्षण किए जो सराहनी रहा। कार्यक्रम समापन पर संस्था के प्राचार्य द्वारा गणित मेला कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों भैया बहनों आचार्य परिवारों का आभार प्रदर्शन किया।

### सड़क हादसे में जीजा की मौत साले की शादी का सामान खरीदने जा रहा था



**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

शादी की तैयारी के बीच सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे की खबर से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया घटना बिसंडा थाना क्षेत्र के त्रिरछी रोड की है पहाड़गंज गांव का रहने वाला मुस्तकीम जो पैसे से ट्रेलर था अपने साले की शादी के लिए सामान लेने बिलसंडा आ रहा था रास्ते में अज्ञात बहान ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी मुस्तकीम के साथ ही दूसरी बाइक पर शाहजहांपुर जिले के रुदौली गांव का रहने वाला राहुल भी हादसे का शिकार हुआ राहुल को गंभीर हालत में स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र ले जाया गया हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया राहुल ने बताया दोनों अलग-अलग बाइको पर एक पिकअप बहान के पीछे चल रहे थे अचानक पिकअप ने ब्रेक लगा दी जिससे उनकी बाइको की टक्कर हो गईसीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हो गई है और एक घायल हैपुलिस मामले की जांच कर रही है मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

## बाबा साहेब अंबेदकर को अपशब्द बोलने पर इस्तीफा दे गृह मंत्री : सांसद औजल

### तानाशाह के रुप में चल रही है सरकार



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब**

बाबा साहेब भीम राव अंबेदकर जी को अपशब्द बोलने पर सांसद गुरजीत सिंह औजला ने गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की है। सांसद गुरजीत सिंह औजला में कहा कि बीजेपी तानाशाह सरकार बना रही है और संविधान को कुचल रही है। चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद प्रेस वार्ता करते हुए सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि देश का संविधान लोगों को जीने और न्याय देने का काम करता है और यह सिर्फ एक डाक्यूमेंट नहीं है बल्कि समूचे देश के लोगों के लिए एक न्यायपत्र है और इसे बनाने वाला सम्मानीय है। लेकिन बीजेपी आज सिर्फ अपनी तानाशाह सरकार चला रहा है और सरेआम लोकसभा में खड़े होकर उनके मंत्री श्री भीमराव अंबेदकर जी को खिलाफ बोल रहे हैं जो कि सरासर गलत है। सांसद गुरजीत सिंह औजला में कहा कि केवल इंडिया अलाइंस ही सेकुलर पार्टी है जो कि लोगों के हकों की बात करती है और बेशक बीजेपी हर जगह से कांग्रेस को खत्म करने पर तुली है लेकिन फिर भी लोगों के निकाय चुनावों में दिए गए प्यार ने साबित कर दिया है कि लोग चाहें तो देश बदल सकता है। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि संसद में धक्का मुक्की के समय को भी तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया। राहुल गांधी जी पर लगाया गया दोष बिल्कुल गलत है और अगर सही है तो फिर लोकसभा के चप्पे चप्पे पर कैमरे लगे हैं जहां हर विडियो रिकार्ड हो रहा है तो बीजेपी को उस विडियो को रिलीज़ करना चाहिए ताकि सारा मसला साफ हो सके। लेकिन चूंकि गलती कांग्रेस की नहीं थी इसीलिए वह विडियो सामने नहीं लाया जा रहा। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि लोकसभा में लोगों के मुद्दों पर बात होनी चाहिए। वह हमेशा कहते हैं कि मणिपुर पर बहस की जाए लेकिन सरकार उससे मुंह मोड़ रही है। वहीं देश में हर चीज का प्राइवटाइज़ेशन हो रहा है। सारा देश बेच दिया गया और अदानी के दे दिया गया लेकिन सरकार उस पर भी बहस करने से बचती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वर्गों की राजनीति करती है और सिर्फ अपना फायदा देख रही है और लोगों के साथ सरासर धक्का कर रही है। वो चाहते हैं कि सिर्फ वही बोले और विपक्ष ना तो लोकसभा के अंदर बात करे और ना ही लोकसभा के बाहर बात करे। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि अगर बीजेपी पूर्ण बहुमत में आ जाती तो उन्होंने संविधान को ही बदल देना था और लोगों के हक छीन लेने थे लेकिन अब कांग्रेस का लोग साथ दे रहे हैं और चाहते हैं कि बीजेपी को सत्ता से बाहर किया जाए। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह को अपने अपशब्दों के बदले में अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए अगर वह इस्तीफा नहीं देंगे तो संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष करेगी और सड़कों पर भी उतरने से गुरेज नहीं करेगी।इस अवसर पर सांसद गुरजीत सिंह औजला ने अमृतसर शहर के विजयी रहे 85 पार्षदों को बधाई दी और कहा कि कांग्रेस के हक में वोट करके लोगों ने जता दिया कि वह संविधान की रक्षा करने वालों के साथ खड़े हैं।

# श्री बालाजी स्टोन में संदिग्ध परिस्थिति में लटका मिला युवक का शव, मौके पर पहुँची पलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिला अस्पताल

**विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया**

लक्सर/ कोतवाली अंतर्गत भिक्कमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित टांडा भागमल में लगे श्री बालाजी स्टोन क्रेशर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से ह?कंप मच गया। वही क्रेशर कर्मचारियों द्वारा इसकी सूचना लक्सर कोतवाली पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। आपको बतादें की श्री बालाजी स्टोन क्रेशर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर एक युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में ह?कंप मचा गया। वही पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर युवक की पहचान पंडित पुरी गांव के 22 वर्षीय युवक जोनी के रूप में हुई है।



सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण इकट्ठा होकर सुबह लक्सर कोतवाली पहुंचे। जिसमें उन्होंने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर आरोप लगाए। जिसमे मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस पर बिना सूचना दिए ही मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के आरोप लगाए हैं। वही स्थानीय कुछ लोगो से मिली जानकारी के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग से जु?ा भी बताया जा रहा है। जिसमें बताया गया है कि म्रतक व्यक्ति की कुछ दिनों बाद सगाई की रश्म होने जा रही थी मगर म्रतक युवक का प्रेम प्रसंग कही अन्य से चल रहा था। वही घटना की गंभीरता को देखते हुए खानपुर विधायक उमेश कुमार भी कोतवाली पहुंच गए। पुलिस से पूरी घटना क्रम की जानकारी जुटाई और इसके साथ ही पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। वही पुलिस ने बताया कि फिलहाल अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर...

### मकान में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की हुई मौत मृतकों दंपती और उनके दो बच्चे हैं



**केसरीया हिंदुस्तान**

देवास में मकान में भीषण आग चार की मौत देवास शहर के नयापुरा क्षेत्र में शनिवार सुबह 4:30 बजे मकान में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की हुई मौत मृतकों दंपती और उनके दो बच्चे हैं नगर निगम और बैंक नोट प्रेस की तीन दमकल गाड़ियों ने 1 घंटे से ज्यादा की मस्कत के बाद आज पर काबू पाया अभी तक आग लगने के करण खुलासा नहीं हो सका है पड़ोसियों का कहना है कि हादसे से पहले तेज धमाके की आवाज आई थी हादसे में 35 वर्ष दिनेश कारपेंटर उनकी पत्नी 30 वर्ष गायत्री बेटी 10 वर्ष इसी का और बेटा 7 वर्षी य चिराग की मौत हो गई पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने बताया कि मकान भुजल परडेयरी की दुकान है इसके ऊपर प्रथम तल में कुछ सामान भरा हुआ था जबकि बच्चों की चीखने की आवाज़ आई रेवासियों के अनुसार आग लगने के दौरान उन्होंने दोनों बच्चों के चीखने आवाज सुनी थे पुलिस को दंपति व एक बच्चे का शव लेटे हालत में मिला है एक अन्य बच्चों का शव थोड़ी अलग जगह पर मिला माना जा रहा है कि किसी ने मदद मांगी होगी जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार पोस्टमार्टम में कार्बन मोनो ऑक्साइड पाइजनिंग के कारण मौत होना पाया गया है इससे अधिकांश सदस्य बेहोशी में रहे होंगे पूरा परिवार दूसरे मंजिल पर रहता था ए एफ एस एल टीम ने भी जांच की जांच में आग लगना सामने आया है

### विश्व ध्यान दिवस पर - ध्यान एवं उससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी



**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

आलोट अंबेडकर भवन में जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय एवं विकासखंड समन्वयक मुकेश कटारिया के निर्देशन में विश्व ध्यान दिवस पर जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्वास्तिक शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विक्रमगढ़ सेक्टर 5 द्वारा ध्यान कैसे किया जाता हैड़ एवं ध्यान से होने वाले फायदे को विस्तार से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया गया कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के परामर्शदाता हेमेंद्र सिंह निगम समिति के सचिव जगदीश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष लाल सिंह पवार एम.एस.डब्ल्यू. छात्र गजेंद्र सांखला, रवि निगम, विद्यालय के शिक्षक प्रमोद व्यास, दिनेश मीणा दीपक शर्मा, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन हेमेंद्र सिंह निगम ने किया एवं अंत में आभार गजेंद्र सांखला द्वारा व्यक्त किया गया


### आनन्द विहार में 6 दिवसीय खेल महोत्सव आज से शुरु



**दैनिक केसरी हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ**
**देवीलाल कुशवाह राजगढ़**

संडावता आनंद विहार कॉन्वेंट स्कूल के द्वारा आज दिन शनिवार से विद्यालय में खेल महोत्सव की शुरुआत हुई। जिसमें सभी छात्र छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़ का भाग लिया जा रहा है।खेल महोत्सव में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा छात्रों को खेलो के नियमानुसार उनको खेल खिलाए जाएंगे। विभिन्न खेल जैसे कब्बड्डी ,खोखो,चेयर रेस,नींबू रेस,बैडमिंटन,फुटबॉल,वॉलीबॉल,रेस, ऊंची कूद,लंबी कूद आदि खेल शामिल है। उक्त खेल महोत्सव निरंतर 6 दिनों तक निरंतर चलता रहेगा जिसमे छात्र छात्राओं में खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### शीतकालीन चारधाम यात्रा पूर्ण कर काशी पधार रहे हैं शंकराचार्य जी महाराज




**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय**

वाराणसी,उत्तराखंड में चारधाम शीतकालीन यात्रा पूर्ण कर दो दिवसीय प्रवास पर 24,25 दिसम्बर को काशी पधार रहे हैं परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्री- अविमुक्तेश्वरानंद- सरस्वती जी महाराज।शंकराचार्य जी महाराज के काशी आगमन पर संत व भक्तगण पुष्पवर्षा व जयघोष के साथ उनका स्वागत व वंदन करेंगे।उक्त जानकारी देते हुए परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि शीतकाल में बद्रीनाथ,केदारनाथ धाम का कपाट बंद होने के बाद भी भगवान बद्रीविशाल,भगवान केदारनाथ का पूजन बंद नही होता बस स्थान परिवर्तित हो जाता है।और शीतकाल में चारधाम यात्रा से और अधिक पुण्यलाभ होता है।इसी बात को समस्त सनातनियों को बताने व दर्शन,पूजन हेतु परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज ने पिछले वर्ष से शीतकालीन यात्रा प्रारम्भ की है।महाराज जी के इस यात्रा से लोगों को शीतकालीन चारधाम यात्रा के दर्शन पूजन से होने वाले पुण्य की जानकारी तो प्राप्त ही हो रही है।साथ ही उत्तराखंड सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति हो रही है

# एक नजर...

## शिवानी डांस ग्रुप लैलूंगा ने मारी बाजी पहला ईनाम पर किया कब्जा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से कमलेश रजक**

बलौदाबाजार- ग्राम कोलिहा में प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं अन्य प्रान्त से मिलाकर 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अपने-अपने कलाओं की प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ में मनाये जाने वाले पारंपरिक मड़ई मेला एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम है, जिसमें विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। इस कार्यक्रम में डांस प्रतियोगिता भी एक महत्वपूर्ण आकर्षण है, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिनमें संगीत, नृत्य, नाटक और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल होती हैं। डांस प्रतियोगिता में विभिन्न शैलियों के नृत्यों का प्रदर्शन किया जाता है, जिनमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कला संस्कृति एवं विधाओं के साथ-साथ कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, और अन्य शैलियाँ शामिल होती हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**इनको दिया गया इनाम-** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रथम आने वाले शिवानी डांस ग्रुप लैलूंगा को नवीन मिश्रा द्वारा 20000 दूसरा आर एन बागबाहरा पवन साहू द्वारा 12000 तीसरा न्यू किरण धमतरी मीना बार्वे रामकुमार साहू द्वारा 9000 चतुर्थ मृत्युंजय पांडे पार्षद नगर पंचायत लवन द्वारा 5000 पांचवा 3000 राहुल मोबाईल हमर छत्तीसगढ़ सरायपाली एवं पांचवा नित्य डांस ग्रुप दुर्ग भिलाई को 3000 इसी प्रकार युगल में प्रथम आने वाले पवन हिना ग्रुप रायपुर को 5000 अनुराग पांडे द्वारा द्वितीय आर्य डांस ग्रुप 4000 रुपए सर्वेन्द्र साहू तीसरा 3000 सालिक ढाबा चतुर्थ कौशल लक्ष्मी पटेवा 2000 पर छोटे किराना एवं पांचवा लोरीक चंदा महासमुंद को 1000 राहुल यदु एकल नृत्य में प्रथम आने वाले काजल सेन गरियाबंद को 3000 अनुराग ज्वेलर्स अंजलि दीवान 2000 ऋषि देवांगन तृतीय पुरस्कार भारतीय 1500 ललित एंटरप्राइजेज चतुर्थ नम्रता गौरी 1000 रुपए एवं पांचवा बबली को 1000 भुलेश्वर वर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन मिश्रा सभापति जिला पंचायत बलौदा बाजार कार्यक्रम की अध्यक्षता में पवन साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत कोलिहा के सरपंच कामिनी वर्मा उप सरपंच रूपचंद मनहरे मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई, विजय यादव, रामलाल कुर्रे, हरीश साहू, नारायण साहू के साथ-साथ आयोजन समिति के संरक्षक एवं संचालक डॉ हरिकिशन वर्मा अध्यक्ष लोमस प्रसाद वर्मा उपाध्यक्ष लुकेश कुमार वर्मा, रामचंद्र वर्मा, सचिव राजेश वर्मा को छोटें वर्मा, कृष्णा कश्यप, ताम्रध्वज वर्मा, हीरेंद्र कश्यप, रामप्रकाश वर्मा, आनंद वर्मा, बंसीलाल वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, किशोर वर्मा, अमित कुमार वर्मा, किरण कश्यप, राकेश कश्यप के साथ साथ दस हजार से अधिक की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

## उपचुनाव में भाजपा सपा कांटे के मुकाबले में भाजपा की हुई 1422वोटसे जीत



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

बांदा/बबेरू -भाजपा प्रत्याशी ने बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव में मारी बाजी। नगर पंचायत उपचुनाव को लेकर के भाजपा सपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों में रही कांटे की टक्कर। बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव को लेकर 17 दिसंबर को पड़े थे मतदान। 46त्न मतदान होने के उपरांत आज 19 दिसंबर को काउंटिंग के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने जीत की हासिल। बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव पर सपा ने 3287, कांग्रेस ने 2132, तथा भाजपा ने 4709 मत प्राप्त किया।। कुल मिलाकर बीजेपी कैंडिडेट विवेकानंद गुप्ता ने 1422 वोटो से जीत हासिल की। बबेरू नगर पंचायत उपचुनाव में भाजपा के जीतने के उपरांत भाजपायों में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष सूर्यपाल यादव की मौत होने के उपरांत हुई थी सीट रिक्त। समाजवादी पार्टी से सूर्यपाल यादव की पत्नी बसदेइया यादव लड़ रही थी उपचुनाव। भाजपा के विजई उम्मीदवार विवेकानंद गुप्ता के बाद दूसरे नंबर में समाजवादी पार्टी की बसदेइया यादव रही।

## खेत पर काम कर रहे किसान को दिखा बाघ इलाके में दहशत का माहौल

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

पीलीभीत. सेहरमऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में एक बाघ ने दहसत फैला दी ग्रामीण जब खेत में गेहूं की बुवाई कर रहे थे तब अचानक गाने के खेत से बाघ निकला या देखकर ग्रामीण डर के मारे काम छोड़कर भाग गए द्य बाघ कुछ देर तक चकरोट पर घूमता रहा फिर जंगल की ओर लौट गया

**वन विभाग टीम की मामले की जांच कर रही है-**बाघ की मौजदूगी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिस इलाके में चिंता बढ़ गई लोगों का कहना है कि इस इलाके में अक्सर बाघ दिखते हैं जिससे खेती बाड़ी का काम प्रभावित होता है

वन विभाग के मामले की जांच कर रही है

## मथुरा के 22 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई परीक्षा

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

डीएम व एसएसपी ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 के परीक्षा केंद्रों पर किया निरीक्षण

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा प्रेम देवी अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा पी.एम.वी पॉलिटेक्निक मथुरा में परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया।

मथुरा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 जनपद के 22 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधाओं, परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं सहित संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से संचालित किए जाने के दृष्टिगत निरीक्षण करते हुए जायजा लिया गया।

# शाईनिंग हॉकी क्लब के पुराने हॉकी के खिलाड़ियों की एक आवशयक बैठक एम एम इंटर कालेज के प्रांगण में सम्पन्न हुई बैठक में 25-30 वर्षों से खराब पड़े मैदान के कारण

**हॉकी खिलाड़ी खेल से वंचित होकर रह गए हैं। हॉकी के खेल को पुनः शुरू कराकर उभरते युवा हॉकी खिलाड़ीयों में जोश दिलाने के लिए विचार विमर्श किया गया।**

शनिवार को नगीना तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में भाग लेने आए। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को नगीना शाईनिंग क्लब हॉकी के पूर्व खिलाड़ी अफसार हुसैन सिद्दीकी ने जिलाधिकारी श्री अग्रवाल को बताते हुए कहा कि नगीना में हॉकी खेलने का एक मात्र मैदान एम एम इंटर कालेज में ही है। जोकि 25-30 वर्षों से खराब पड़े होने के कारण। नगीना में पुर्वजों के समय से खिलते चले आ रहे हॉकी का खेल बंद पड़ा होने से पुराने व नए हॉकी खिलाड़ी खेल से वंचित होकर रह गए हैं। काफी समय से मैदान को ठीक कराने व मिनी स्टेडियम बनवाने की मांग करते चले आ रहे हैं। पूर्व में रहे एसडीएम नगीना संभ्रांत कुमार शुक्ला ने विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत 20-25 वर्षों पूर्व 3 लाख 75 हजार रुपए की लागत से ऊंची ऊंची दीवारों का निर्माण कराकर मैदान को सुरक्षित किया था। उसके बाद उनका ट्रांसफ़र हो जाने पर मिनी स्टेडियम निर्माण का सपना अधूरा ही रह गया था। उनका नगीना से ट्रांसफर हो जाने के बाद पूर्व में रहे स्थानीय अधिकारियों का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं गया है। यह सुनकर उन्होंने ने एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान से कहा कि हॉकी के खराब पड़े मैदान को गंभीरता पूर्वक लेते हुए। मैदान का सर्वे करके मैदान को ठीक कराने की व्यवस्था करते हुए। नगीना में बंद पड़े हांकी के खेल को शुरू कराने में अपना सहयोग कर हॉकी खिलाड़ियों में जोश पैदा करने को कहा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान द्वारा नगीना में खराब पड़े मैदान को ठीक कराकर नगीना में बंद पड़े हांकी के खेल को शुरू होने की आस को देखते हुए। पुराने हॉकी खिलाडियों में भी जोश बढ़ गया। जिसको लेकर आज पूर्वाह्न 11 बजे। एम एम इंटर कालेज में पुराने हॉकी खिलाडियों की एक आवश्यक बैठक लाला विनोद कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी व एसडीएम नगीना द्वारा खराब पड़े मैदान को ठीक कराने के संज्ञान को देखते हुए। खिलाड़ीयों में खुशी की लहर दौड़ गई है।? और सोमवार को एसडीएम नगीना ने पुराने खिलाड़ियों के साथ मैदान का निरीक्षण करने का समय भी दे दिया है।

बैठक में पुराने हॉकी खिलाड़ी शाहिद अली गौहर प्रधानाचार्य एम एम इंटर कालेज नगीना, शेख नगीनवी, लाल विनोद कुमार अग्रवाल, सरदार शमसी, अरशद प्रिंस, अफसर हुसैन सिद्दीकी, डॉक्टर अबरार अहमद, जुबैर अहमद, डॉक्टर मुस्तेहसन, मास्टर शहजाद अहमद, अमान शमसी, नौशाद अहमद ,अशोक कुमार आदि दर्जन भर मौजूद थे।

# खेती को जोखिम मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा लागू

**- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार के लिये किसानों को किया जा रहा है जागरूक**

**- किसान रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर 2024 तक जरूर करवाएं**

नूंह, - नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार द्वारा खेती को जोखिम मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बीमा करवाने के लिये पोर्टल खोल दिया गया है। हरियाणा सरकार द्वारा भिवानी जिले के लिये रिलायंस जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी को फसलों के बीमे के लिये अधिसूचित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी रबी की फसलों का बीमा 31 दिसम्बर, 2024 तक अवश्य करवायें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की पांच फसलों सरसों, गेहूँ, जौ, चना व सूरजमुखी का बीमा करवाया जा सकता है। सरकार द्वारा प्रत्येक फसल के लिये किसान की हिस्सेदारी निर्धारित की गई है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. विरेन्द्र देव आर्य ने बताया कि फसलों की एक एकड़ या प्रति किला की सरसों की प्रीमीयिम राशि 311.86 रूपए, गेहूँ की 464.64 रूपए, जौ की 296.11 रूपए, चना की 228.38 रूपए व सूरजमुखी की प्रीमीयिम राशि 315.01 रूपए है। जिसकी बीमित राशि क्रमशः 20790, 30975, 19740, 15225 व 21000 हैं। सभी ऋणी किसान अपने संबन्धित बैंक में जाकर अपनी फसलों का सही-सही ब्यौरा दर्ज करवायें व अऋणी किसान सीएससी/बैंक के माध्यम से संबन्धित दस्तावेज लेकर अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस योजना के अन्तर्गत स्थानीय आपदा, फसल बुआई से कटाई तथा कटाई के बाद के नुकसान की भरपाई की जाती है।

उप निदेशक विरेन्द्र देव आर्य ने बताया कि जो किसान अपनी फसलों का बीमा नहीं करवाना चाहते हैं, वे अपने ऋणदाता बैंक में जाकर 24 दिसंबर से पहले घोषणा-पत्र देना होगा अन्यथा बैंक द्वारा अपने अभिलेखानुसार उसका बीमा कर दिया जाएगा। इसके अलावा जो किसान अपनी फसल तब्दील करवानी चाहता हैं वह संबन्धित ऋणी बैंक में 29 दिसंबर 2024 तक करवा सकता है।

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



निचलौल ( महराजगंज) ठूंठीबारी कोतवाली में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने शनिवार की रात अचानक कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। जिससे मौजूद स्टाफ में अफरा तफरी मच गया। इस दौरान प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार से कुछ महत्व पूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। शनिवार की रात करीब 9.30 बजे अचानक पहुंचे कप्तान ने ऑफिस, महिला हेल्प डेस्क, कारागार, मालखाना आदि का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्व की घटनाओं को लेकर प्रभारी कोतवाल को अति शीघ्र निपटने का आदेश दिया। इस दौरान लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज एसआई महेंद्र यादव, एसआई प्रणव ओझा, दिव्य प्रकाश मौर्य, विक्की शाह, दिनेश कुमार, अनुराग पांडेय सहित अन्य तमाम स्टाफ मौजूद रहे।

# शहद के कारोबार से ज्ञान प्रकाश के जीवन में खुशहाली रोजगार सृजन के लिए बने प्रेरणास्रोत

ज्ञान प्रकाश गुप्ता का मधुमक्खी पालन से आय का स्रोत बढ़ा रहे हैं। इन दिनो उनका कारोबार गड़ौरा से पश्चिम एक बगीचे में मधुमक्खी पालन कर रहे है।

निचलौल (महराजगंज)ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा करदह गांव निवासी ज्ञान प्रकाश गुप्ता मधुमक्खी पालन से शहद के कारोबार में बेरोजबार लोगों के लिए नजीर बन कर उभर रहे हैं। वर्ष 2015 में सौ बाक्स से मधुमक्खी फार्मिंग के क्षेत्र में कदम रखने के बाद कई उतार-चढ़ाव के मुश्किलों को पार कर ज्ञान प्रकाश इस समय 50 से 60 कुंतल शहद का उत्पादन कर रहे हैं। शहद के कारोबार से जुड़ने के बाद इनके परिवारिक जीवन में खुशहाली लौट आई है। इनका परिवार रोजगार सृजन करके लोगों के लिए प्रेरणादायक बना हुआ है।

उनको पूर्वजों से पचास डिस्मिल जमीन मिला है। जिस पर खेती से इतना अनाज का उत्पादन नहीं हो पा रहा था जिससे परिवार को खर्च आसानी से चलाया जा सके। आर्थिक तंगी से परेशानी बढ़ती जा रही थी। उसी दौरान मधुमक्खी पालन की प्रेरणा मिली। 2015 में 100 बॉक्स से ज्ञान प्रकाश ने मधुमक्खी फार्मिंग की शुरुआत किया। पर, दो साल बाद वर्ष 2017 में आये बाड़ से मधुमक्खी फार्मिंग को काफी नुकसान पहुंचा।



बाढ़ में अधिकांश बॉक्स पानी में बह गए। कुछ क्षतिग्रस्त हो गए। पर, इस मुश्किल घड़ी में ज्ञान प्रकाश ने हार नहीं माना। बाढ़ में बचे 12 बॉक्स से फिर इस धंधे की शुरुआत की। इस समय ज्ञान प्रकाश के पास 50, 60 मधुमक्खी फार्मिंग के बक्से हैं।खेतों में सरसों के फूल से लह लहा रहे है। जिससे 15 से 21 दिनों में बॉक्स से मधु निकलना शुरू कर दिया जाता है।

**शहद में सरसो, लीची, जामुन का जायका-**शहद के स्वाद से सभी परिचित हैं। अमूमन एक ही तरह का स्वाद शहद में मिलता है। लेकिन उनके फार्मिंग से उत्पादित शहद में सरसो, लीची, जामुन, साखू व सीसम, मसूर का जायका मिलता है। उनके शहद का अलग-अलग स्वाद सभी को विस्मय भी करता है। जान ने बताया कि सरसो, लीची, जामुन, साखू, सीसम के फूलों से मधु तैयार कर बाजार में सप्लाई करते हैं। जिससे सालाना करीब सात से आठ लाख रुपए से अधिक कमाई कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि एक बक्से में छ से सात हजार मधुमक्खियां रहती हैं। इसमें एक रानी मधुमक्खी और कुछ ड्रोन नर मधुमक्खी वर्कर मधुमक्खी रहती हैं। फूल के समय आम तौर पर जनवरी-फरवरी से अप्रैल-मई तक खेतों और बगीचों में बक्से रखे जाते हैं। तीन किमी की रेंज से मधुमक्खियां फूलों से रस लाकर बक्से के छत्ते में भरती हैं। एक दिन में रानी मधुमक्खी 1000 से 1500 अंडे देती है। इनमे वर्कर मधुमक्खियां अपने पंख से लाए रस को झेलते हुए पानी सुखाते हैं और मधु तैयार होता है। प्रोसेसिंग यूनिट में मशीनों से छत्ते से **मधु निकाल कर पैक किया जाता है।**-स्नातक के बीटीसी की ट्रेनिंग कर गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षामित्रों के प्रति सरकार की उदासीन रवैया ने ज्ञान प्रकाश को गृहस्थी चलाने के लिए रोजगार के अन्य विकल्प तलाशने को विवश किया। बताया कि एक बक्से से साल में औसतन 30 से 40 किलो शहद का उत्पादन होता है। इस समय उनके फार्म में 50 से अधिक बाक्स हैं। हर साल 40 से 50 कुंतल शहद का उत्पादन हो जा रहा है। इस काम को और बेहतर बनाने के लिए जल्द ही ऑटोमेटिक शहद प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की योजना है। इन दिनो चौबीस हजार की लगत से मधु निष्कासन यंत्र लगाया गया है। जिससे मधु को शुद्धता से निकाल कर उसे बंद बोतल में पैक करने में आसानी होती है। जो घर से प्रति केजी 400 रुपए के हिसाब से आसानी से बिक जाता है। इन दिनो ज्ञान देवरिया के जागृति सेवा संस्था से जुड़कर अपने फार्मिंग को भव्य बनाने में जुटे हुए है।

# डेढ सैकड़ो लोगों ने सपा भाजपा जन अधिकार पार्टी छोड़कर जनता दल यूनाइटेड में हुए शामिल

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



बांदा -बांदा जिले के अतर्रा तहसील में के ग्राम पंचायत तुर्रा मजरा कुम्हारन पुरवा में जनता दल यूनाइटेड का सदस्यता अभियान कार्यक्रम संपन्न, शालिनी सिंह पटेल ने किया संबोधितबांदा जिले के अतर्रा तहसील के ग्राम पंचायत तुर्रा मजरा कुम्हारन पुरवा में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बृहद सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शालिनी सिंह पटेल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष जदयू उमाकांत सविता, निहारिका मंगल जिला अध्यक्ष बांदा, जिला महासचिव जेडीयू बाबूलाल चौधरी।

अतिथि जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ अर्जुन सिंह जिला महासचिव दिलीप गुप्ता जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश निगम जिला अध्यक्ष मंगल अध्यक्ष जदयू देवेश कुमार ओमर।कार्यक्रम **आयोजक मनीष कुमार कुशवाहा।मुख्य अतिथि का संबोधन-**शालिनी सिंह पटेल ने जनता को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷बिहार में शराबबंदी लागू कर महिलाओं और समाज को एक नई दिशा दी गई है। उत्तर प्रदेश में भी जदयू की सरकार बनने पर सबसे पहले शराबबंदी की जाएगी।÷ उन्होंने बांदा की जनता से अपील की कि वे सपा, भाजपा, कांग्रेस, और बीएसपी से निराश होकर जदयू का साथ दें।उन्होंने यह भी कहा कि ÷बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने की सदियों पुरानी मांग को अब महिलाएं अपने हाथों में लेंगी। हम इस लड़ाई को सड़कों पर उतरकर अंजाम तक पहुंचाएंगे। साथ ही, वन नेशन, वन एजुकेशन के लिए कानून बनाने की मांग को लेकर भी हम संघर्ष करेंगे।÷मंच पर अतिथियों का सम्मान और सदस्यता ग्रहणकार्यक्रम के आयोजक मनीष कुमार ने मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर करीब डेढ़ सौ लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। जन अधिकार पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमार कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ जदयू में शामिल होकर पार्टी को मजबूती दी।सदस्यता लेने वालों में प्रमुख नामऱ्शुभम कुशवाहा (जन अधिकार पार्टी छोड़कर)विकांत कुशवाहा, आशु कुशवाहा (सपा छोड़कर)

दिनेश तिवारी, रवि गौतम, मृत्युंजय गर्ग (भाजपा छोड़कर)अन्य ग्रामीणों में दीपक कुशवाहा, सुशील कुमार, पवन कुमार, मंजू देवी समेत कई शामिल हुए।

**ग्रामीणों की समस्याएं और जदयू का आश्वासन-**गांव के निवासियों ने अपनी समस्याएं जदयू के पदाधिकारियों के सामने रखीं। इनमें प्रमुख समस्याएं नालियों की सफाई, गौशाला में पशुओं की मौत, विद्यालयों में गंदगी, किसानों को खाद की कमी, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, और किसान सम्मान निधि की अनुपलब्धता थीं।जदयू जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए जदयू की टीम पूरी निष्ठा से काम करेगी।

# अनुपम बाजपेयी बने बीजेपी के लवन मंडल अध्यक्ष

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से कमलेश रजक**

बलौदाबाजार == भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा संगठन की नवीन संरचना के तहत मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही हैं। इसी तारतम्य में गत दिवस को मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन एवं वरिष्ठ पदाधिकारीयो की बैठक का आयोजन लवन में एक स्थानीय काम्प्लेक्स परिसर में रखा गया था। जहाँ मंडल चुनाव अधिकारी के रूप में जिले के वरिष्ठ नेता विजय केशरवानी तथा सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ गिरधारी वर्मा उपस्थित थे। जिसमें सर्वानुमति से लवन नगर निवासी भारतीय जनता युवा मोर्चा के बलौदाबाजार वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनुपम बाजपेयी को भारतीय जनता पार्टी लवन मंडल अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं नें रंग गुलाल लगाकर एवं फूल माला पहनाकर उन्हें इस नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विदित हो कि अनुपम बाजपेयी शुरू से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पित भाव के साथ सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। वही उनके संगठन सेवा के भाव को देखकर वरिष्ठजनों ने आम



सहमति से उनको मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उस मौके पर अनुपम बाजपेयी ने भी अपने मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो एक छोटे से कार्यकर्ता को भी बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी देती है। पार्टी ने मुझे मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है उन्हें विश्वास दिलाता हुँ कि पूरी ईमानदारी लगन और निस्वार्थ भाव से सदैव पार्टी की सेवा करता रहूंगा मुझे दिए गए दायित्व के लिए मैं सदैव पार्टी का ऋणी रहूंगा। आप सभी कार्यकर्ताओ के आशीर्वाद से ही मैं यहाँ तक पहुँचा हुँ। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त करता हुँ एवं संगठन के संचालन में उन सब के व्यापक सहयोग की अपेक्षा करता हुँ। उन्होंने अपनी इस नियुक्ति पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल जिलाध्यक्ष डा.सनम जांगड़ेप्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा अजय राव, वरिष्ठ नेता संजय बाजपेयी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुलोचना यादव, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक गिरधारी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रशांत यादव सहित समस्त शुभचिंतको एवं देवतुल्य कार्यकर्त्ता साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। वही उनके नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रों एवं लवन मंडल के विभिन्न कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।